राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 102, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शनिवार 28 अक्टूबर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

नागरिक सुरक्षा वॉलेंटियर को होमगार्ड बनाकर बस मार्शल का काम लेगी सरकार

.... पेज 03

प्रदूषण की जगह आय का स्रोत बनेगी पराली, सीएनजी और जैविक खाद के उत्पादन से

.... पेज 05

राइफल निशानेबाज अर्जुन और तिलोत्तमा ने एशियाई चैंपियनशिप में जीता रजत

.... पेज 07

तीरंदाजी



चीन के हांगझू में चौथे एशियाई पैरा खेलों में तीरंदाजी स्पर्धा के दौरान भारत की शीतल देवी (बाएं)। शीतल ने टूर्नामेंट में अब तक दो स्वर्ण पदक और एक रजत पदक जीता है।

# ईडी ने बंगाल के मंत्री मलिक को राशन घोटाला में किया गिरफ्तार

### मलिक लंबे समय से मुख्यमंत्री के सहयोगी रहे हैं और पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक रहे हैं

एजेंसी

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल के वन मंत्री व सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ज्योतिप्रिय मलिक को राज्य में करोड़ों रुपये के कथित राशन वितरण घोटाले में 23 घंटे की लंबी पूछताछ के बाद शुक्रवार तड़के उनके आवास से गिरफ्तार किया।



तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार के 2011-21 के पहले दो कार्यकालों में राज्य के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में कार्य करने वाले तृणमूल के वरिष्ठ नेता मलिक को बाद में बैंकशाल अदालत ने 14 दिनों के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। मलिक लंबे समय से मुख्यमंत्री के सहयोगी रहे हैं और पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक रहे हैं। उन्हें छह नवंबर को फिर से अदालत में पेश किया जाएगा। हिरासत में भेजे जाने की घोषणा के बाद मलिक बैठ गए और बेहोश हो गए।

श्री मलिक के वकील के अनुसार, उन्हें दक्षिण कोलकाता के कमांड अस्पताल ले जाया जाएगा और उन्हें घर का खाना खाने की अनुमति दी जाएगी। हावड़ा के विधायक डायबिटीज के मरीज हैं और उन्हें किडनी की भी समस्या है।

ईडी के अधिकारियों ने श्री मलिक से गुरुवार सुबह छह बजे कोलकाता के साल्ट लेक स्थित उनके आवास पर लंबी पूछताछ की और बाद में गिरफ्तार करने के बाद शुक्रवार तड़के लगभग तीन बजकर 20 मिनट पर उन्हें सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित एजेंसी के कार्यालय ले गए। अपनी गिरफ्तारी के तुरंत बाद श्री मलिक ने भारतीय जनता पार्टी और विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी पर साजिश रचने का आरोप लगाया। ईडी के अधिकारियों द्वारा उनके आवास से बाहर ले जाने के दौरान उन्होंने कहा कि मैं 'गहरी साजिश' का शिकार हुआ हूं। ईडी ने फिरोज एडुल्जी को अपना वकील नियुक्त किया है जो पिछले वर्ष कथित नौकरी के बदले नकद घोटाले में हाई प्रोफाइल मंत्री पार्थ चटर्जी की गिरफ्तारी के दौरान पेश हुए थे।

# आप सांसद संजय सिंह की कस्टडी 10 नवंबर तक बढ़ी

### कहा- मोदी जी की जांच हो तो उन्हें जिंदगीभर जेल में रहना पड़ेगा

नई दिल्ली। दिल्ली शराब नीति केस के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार आप नेता संजय सिंह की शुक्रवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेशी हुई। कोर्ट ने संजय की न्यायिक हिरासत 10 नवंबर तक बढ़ा दी। पेशी के बाद कोर्ट से बाहर निकलते समय संजय सिंह ने कहा- अगर मोदी जी की जांच हो जाए तो उन्हें जिंदगी भर जेल में रहना पड़ेगा। मोदी जी एक भ्रष्ट नेता है, वे अडाणी के साथ मिलकर भ्रष्टाचार करते हैं।

संजय सिंह के वकील फारुख खान ने न्यूज एजेंसी को बताया- हमने कोर्ट में तीन एप्लीकेशन लगाई थीं, जिन्हें कोर्ट ने स्वीकार कर लिया।

1. संजय सिंह को ग्लूकोमा है, जिसका इलाज उन्हें प्राइवेट अस्पताल में कराने की अनुमति दी जाए। दरअसल, गिरफ्तारी से पहले ही संजय सिंह का प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा था। हमने कोर्ट में उसकी रिपोर्ट पेश की, इसके बाद कोर्ट ने इलाज जारी रखने की अनुमति दे दी।

2. संजय सिंह सांसद हैं, लेकिन उनके जेल में रहते हुए संसदीय क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं का पैसा न रोका



जाए।

3. तीसरी एप्लीकेशन घर के खर्चों से जुड़े चेक की थी।

ईडी ने संजय सिंह को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया है। मामले में पिछली सुनवाई 13 अक्टूबर को हुई थी, तब कोर्ट ने आप नेता को 27 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेजा था।

#### संजय की रिहाई के लिए आप कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया

कोर्ट में पेशी से पहले आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने संजय की रिहाई की मांग को लेकर पार्टी कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। एक कार्यकर्ता ने न्यूज एजेंसी से बात करते हुए कहा- हम न्यायपालिका में विश्वास करते हैं, लेकिन कई बार प्रक्रिया सजा बन जाती है। यह क्या है ? तारीख पे तारीख। संजय सिंह को जल्द से जल्द बरी किया जाना चाहिए। कार्यकर्ता ने यह भी कहा कि अब ईडी और सीबीआई राजस्थान पहुंच गई है। यह सिलसिला 2024 के लोकसभा चुनाव तक जारी रहेगा। आप प्रदर्शनकारी भाजपा ऑफिस तक मार्च निकालने वाले थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया और हिरासत में ले लिया।

# इंडिया मोबाइल कांग्रेंस में एरिक्सन लाई 6जी टेक्नोलॉजी

### पीएम मोदी ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2023 की शुरुआत की

नई दिल्ली। इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2023 की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली के प्रगति मैदान में की। तीन दिवसीय इस इवेंट में जियो, भारती एयरटेल और एरिक्सन जैसी कंपनियों ने अपनी लेटेस्ट टेक्नोलॉजी को डिस्प्ले की है। यह आईएमसी का यह सातवां एडिशन है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने इस दौरान कहा कि हमारे यहां 2जी के समय क्या हुआ था, शायद नई पीढ़ी को नहीं पता होगा...मैं इसके बारे में कुछ नहीं कहूंगा...क्योंकि मीडिया वाले उसी को पकड़ेंगे, इस कार्यक्रम के बारे में नहीं बताएंगे। हमारे कालखंड में 4 जी का विस्तार हुआ, लेकिन एक दाग भी नहीं लगा है। मुझे विश्वास है कि 6जी में भारत विश्व का नेतृत्व करेगा।





#### 6जी टेक्नोलॉजी की जानकारी ली

पीएम एरिक्सन एरिना में भी गए। यहां एरिक्सन इंडिया के एमडी नितिन बंसल ने 6जी टेक्नोलॉजी की जानकारी दी। प्रगति मैदन में स्किल डेवलपमेंट और सिटीजन सर्विसेज के लिए एआई बेस्ड टेक्नोलॉजी भी प्रदर्शित की गई है। पीएम ने इसकी भी जानकारी ली।

#### स्पेस फाइबर, जियो भारत डिवाइस की जानकारी ली

प्रगति मैदान में पहला स्टॉल जियो इंफोकॉम का है। कंपनी के चेयरमैन आकाश अंबानी ने पीएम मोदी को जियो एयर फाइबर, स्पेस फाइबर समेत अन्य टेक्नोलॉजी की जानकारी दी। यहां जियो भारत डिवाइस को भी डिस्प्ले किया गया है। इस फोन को भी पीएम ने देखा ।स्पेस फाइबर जियो का सैटेलाइट ब्रॉडबैंड है। कंपनी ने बताया कि यह सर्विस पूरे देश में बेहद किफायती कीमतों पर उपलब्ध होगी। कंपनी के अनुसार भारत के चार सबसे दूरस्थ स्थानों को पहले ही जियो स्पेस फाइबर से जोड़ा जा चुका है। ये हैं गिर , कोरबा (छत्तीसगढ़), नबरंगपुर (ओडिशा) और जोरहाट (असम)। यह सैटेलाइट रिसीवर डिश के जरिए इंटरनेट ट्रांसमिट करने के लिए रेडियो वेव्स का इस्तेमाल करता है, जो एक मॉडेम से जुड़ा होता है। ये 1GB प्रति सेकंड तक की स्पीड देने में सक्षम है।

**संबंधित खबर पेजी 6 पर ....**

# दिवाली-छठ पर बिहार की ट्रेनें फुल, आसमान छू रहा हवाई किराया

### हजारों रुपए खर्च करने के बाद भी टैक्सी तक उपलब्ध नहीं हो रही

एजेंसी

नई दिल्ली। दिवाली और छठ पर दूसरे शहरों से पटना आना बेहद मुश्किल होगा। हवाई जहाज का किराया आसमान छू रहा है तो ट्रेनों में बर्थ खाली नहीं हैं। यहां तक की बसों में भी जगह नहीं मिल रही। हजारों रुपए खर्च करने के बाद भी टैक्सी तक उपलब्ध नहीं हो रहे। त्योहारों के इस मौसम में बड़ी संख्या में लोग तमाम शहरों से बिहार अपने घर आते हैं। जिनका टिकट अबतक नहीं हो पाया है उनके लिए सफर न सिर्फ मुश्किल भरा होगा बल्कि भारी जद्दोजहद भी करनी पड़ेगी।

दिवाली करीब आ रही है टिकटों की कीमत बढ़ गई है। 10 नवंबर को विस्तारा पटना फ्लाइट यूके 715 का किराया 24497 रुपए है। इसी दिन एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 407 का किराया 22523 रुपए है। जबकि इंडिगो की फ्लाइट 6ई 2482 का किराया 19615 रुपये है। दिवाली के दिन भी 12 नवंबर को एयर इंडिया की दिल्ली पटना फ्लाइट का किराया 22523 रुपए है। दिवाली से छठ के बीच इसके मुकाबले टिकटों की कीमत कुछ कम हुई है फिर भी सामान्य दिनों से इनका किराया दो से तीन गुना



है। इस बीच भी किराया 12 से 18 हजार के बीच है।

#### 8 नवंबर से मुंबई-पटना का किराया भी ज्यादा

मुंबई-पटना मार्ग पर हवाई किराए में बढ़ोतरी आठ नवंबर से दिख रही है। सात नवंबर को इस मार्ग पर 8500 रुपए में टिकट उपलब्ध है लेकिन आठ नवंबर से किराया लगभग दो गुना हो गया है। आठ नवंबर को स्पाइस जेट की एसजी 429 का किराया 13890 रुपए है।

इसी दिन इंडिगो की फ्लाइट 6ई 5173 का किराया 14172 रुपए है। आठ नवंबर को ही फ्लाइट संख्या 6ई 2043 का किराया 16062 रुपए पर पहुंच गया है। इस दिन एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 673 का किराया 29995 रूपये तक पहुंच गया है। दस नवंबर की स्पाइस जेट की फ्लाइट का किराया 17144 रुपये, 6ई 24147 रुपए और एयर इंडिया की फ्लाइट का किराया 29995 रुपये है। 11 नवंबर को स्पाइस जेट का किराया 22814 रुपए तो इंडिगो की फ्लाइट का किराया 25827 रुपये है।

#### दिवाली-छठ में बिहार की ट्रेनें फुल

दिवाली-छठ में यात्रियों की संख्या के लिहाज से ट्रेनें कम पड़ रही हैं। कुछ ट्रेनों में तो वेटिंग टिकट कटनी भी बंद हो गई है। थ्री एसी और स्लीपर में कई मार्गों तक वेटिंग 300 से ऊपर है। इतनी भारी वेटिंग के बीच कन्फर्म टिकट के लिए यात्रियों को तत्काल का भरोसा है। दिल्ली-पटना मार्ग पर तो दिवाली से दो दिन पहले संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस की थ्री एसी, टू एसी और फर्स्ट एसी में रिग्रेट हो गया है। यानी इन श्रेणी में टिकट कटनी बंद हो गई है। विक्रमशिला एक्सप्रेस में भी 10 नवंबर को स्लीपर रिग्रेट हो चुका है। तेजस राजधानी में सात नवंबर से प्रतीक्षा सूची बढ़ने लगी है। थ्री एसी में 141 वेटिंग, टू एसी में 65 वेटिंग, फर्स्ट एसी में 17 वेटिंग है। इसी दिन सम्पूर्ण क्रांति में स्लीपर में 147 वेटिंग, थ्री एसी में 108 वेटिंग, टू एसी में 59 और फर्स्ट एसी में 12 वेटिंग है।

# मणिपुर में 31 अक्टूबर तक बढ़ा मोबाइल इंटरनेट प्रतिबंध

इंफाल। मणिपुर सरकार ने मोबाइल इंटरनेट पर प्रतिबंध को 31 अक्टूबर तक बढ़ा दिया है। सरकारी अधिसूचना के अनुसार इस आशंका के कारण प्रतिबंध बढ़ाया गया है कि कुछ असामाजिक तत्व जनता की भावनाओं को भड़काने वाली तस्वीरें, नफरत भरे वीडियो प्रसारित करने के लिए बड़े पैमाने पर इंटरनेट मीडिया का इस्तेमाल कर सकते हैं, जिसका कानून व्यवस्था पर गंभीर असर हो सकता है। अधिसूचना में कहा गया है कि 25 अक्टूबर के पत्र के माध्यम से पुलिस महानिदेशक ने बताया था कि सुरक्षा बलों के साथ जनता के टकराव, विरोध प्रदर्शन जैसी घटनाएं अभी भी सामने आती रहती हैं। राष्ट्र-विरोधी लोगों के मंसूबों को विफल करने, शांति और सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने को लेकर पर्याप्त उपाय आवश्यक है।

# मिर्जापुर में बस अनियंत्रित होकर पलटी, 5 की मौत

### 22 यात्री घायल, मची चीख-पुकार, ढलान पर ब्रेक फेल होने से हुआ हादसा

मिर्जापुर। मिर्जापुर में शुक्रवार सुबह बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां एक निजी बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में 5 यात्रियों की मौत हो गई। वहीं करीब 22 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। यह देख राहगीर और गांव वाले मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर घायलों को बस से बाहर निकाला।

दर्द से कराह रहे लोगों को जमीन पर लिटाया गया। वहीं जिन यात्रियों को हल्की चोटें आई थीं, वे सड़क किनारे बैठककर रो रहे थे। सभी



बदहवास नजर आ रहे थे। आस-पास मौजूद लोगों ने उन्हें पानी दिया। उन्हें शांत कराया। पुलिस ने एंबुलेंस से सभी घायलों को मंडलीय अस्पताल भिजवाया।

#### ढलान से उतरते समय हुआ बस का ब्रेक फेल

हादसा जिले के संतनगर थाना क्षेत्र के हलिया ददरी मार्ग पर हुआ। बताया जा रहा है कि एक निजी बस मिर्जापुर से मतवार की ओर जा रही थी। इसमें करीब 35 यात्री सवार थे। ददरी बांध के पास ढलान उतरते समय बस का ब्रेक फेल हो गया। चालक ने बस को नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन वह नाकाम रहा। अनियंत्रित होकर बस पलट गई। हादसा होते ही कोहराम मच गया। चीख पुकार सुनकर लोग मौके पर पहुंचे। बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। घायलों की हालत और लोगों की चीत्कार से इलाका गूंज उठा।

#### इन लोगों की सड़क हादसे में गई जान

मिर्जापुर के लालगंज थाना क्षेत्र के बढ़ौना गांव निवासी ममता (26) पत्नी सुरेश, गांव मतवार थाना हलिया निवासी मनीता (25) पत्नी सुनील कुमार, गांव बढ़ौना निवासी अभिषेक (2) पुत्र सुरेश, सत्यनारायण (चालक) (40) पुत्र भोला और गांव बाबू गोड़र दुबार, थाना लालगंज मिर्जापुर निवासी विष्णु कुमार (10) पुत्र राजेश शामिल हैं।

**नया आदेश** — पति या पत्नी के जिंदा रहते ऐसा नहीं कर सकेंगे, असम सरकार का सर्कुलर जारी

# सरकारी कर्मचारी दूसरी शादी करेंगे तो नौकरी खत्म

गुवाहाटी। असम में सरकारी कर्मचारियों को दूसरी शादी के लिए अब राज्य सरकार से परमिशन लेनी होगी। राज्य की हिमंत बिस्वा सरमा सरकार ने 20 अक्टूबर को सर्कुलर जारी कर इसकी जानकारी दी है। सरकार ने इसे फौरन लागू करने का निर्देश दिया है।

सर्कुलर के मुताबिक, कोई भी सरकारी कर्मचारी जिसकी पत्नी या पति जीवित हो, वो सरकार की अनुमति के बिना दूसरी शादी नहीं कर सकता। भले ही धर्म या पर्सनल लॉ के तहत उसे ऐसी शादी की अनुमति हो। ऐसा नहीं करने पर कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

सर्कुलर में यह भी लिखा हुआ है कि अगर कोई इन नियमों की अनदेखी कर दूसरी शादी करता है तो उस पर कानूनी कार्रवाई होगी। विशेष परिस्थितियों में सरकार से अनुमति लेकर दूसरी शादी की जा सकती है। इसमें तलाक के मानकों के बारे में कोई बात नहीं लिखी।

#### सर्कुलर के उल्लंघन पर कार्रवाई

राज्य कार्मिक विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी नीरज वर्मा की ओर जारी सर्कुलर में चेतावनी दी गई है कि यदि कोई कर्मचारी आदेश के खिलाफ दूसरी शादी करता है तो उन पर कम्पल्सरी रिटायरमेंट समेत



अन्य दंडात्मक कार्रवाई हो सकती हैं। किसी भी सरकारी कर्मचारी को दूसरी शादी करना अच्छे आचरण की श्रेणी में नहीं आता। इससे समाज पर बड़ा असर पड़ता है।

राज्य के 58 साल पुराने असम सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के तहत इस सर्कुलर को जारी किया गया है। इसके नियम 26 आधार बनाते हुए सरकार ने राज्य के कर्मचारियों को दूसरी शादी के नियम की याद दिलाई है।

#### राज्य में बाल विवाह और दूसरी शादी करने पर सरकार सख्त

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य की हिमंत बिस्वा सरमा की सरकार ने बाल विवाह पर रोक लगाई है। इसके कारण फरवरी से राज्यभर में हजारों गिरफ्तारी हो चुकी हैं।

अक्टूबर की शुरुआत में पुलिस ने कम उम्र की लड़कियों से शादी पर रोक लगाने के लिए एक अभियान चलाया, जिसमें 1039 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इन मामलों में ज्यादातर मामले लड़कियों की इच्छा के खिलाफ शादी के थे।

प्रस्तावित बहुविवाह कानून की रूपरेखा बनाने के लिए राज्य सरकार ने तीन सदस्यीय पैनल का गठन किया है।

इसके कानूनी मुद्दों पर विचार करने वाली कमेटी ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता वाली इस कमेटी ने कहा कि इस प्रस्ताव को असम के राज्यपाल के बजाय केवल राष्ट्रपति की अनुमति की जरूरत है।

# अशोका यूनिवर्सिटी के फाउंडरों पर ईडी की रेड

### 1626 करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा मामला; पंजाब, चंडीगढ़, पंचकूला में पहुंची टीमें

एजेंसी

अमृतसर। पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में अशोका यूनिवर्सिटी फाउंडर और फार्मास्युटिकल कंपनी पैराबोलिक ड्रग्स परिसरों में ईडी ने रेड की है। ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में देश में एक साथ 17 स्थानों पर सर्च शुरू की है। जिसमें दिल्ली में 7 जगह, मुंबई में 7 जगह के अलावा पंजाब, चंडीगढ़ व पंचकूला में भी छापेमारी जारी है।

कंपनी के डायरेक्टर, प्रमोटर प्रणव गुप्ता और विनीत गुप्ता पर 1626 करोड़ के बैंक फ्रॉड का आरोप है। श्रष्ठ अशोका यूनिवर्सिटी के प्रणव गुप्ता और विनीत गुप्ता के खिलाफ उनकी





चंडीगढ़ स्थित फार्मास्युटिकल कंपनी पैराबोलिक ड्रग्स से जुड़े 1,626 करोड़ रुपए के कथित बैंक धोखाधड़ी के मामले में रेड करने पहुंची।

#### फर्जी दस्तावेजों पर लिया लोन

यह रेड सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और 11 अन्य बैंकों से धोखाधड़ी से संबंधित है। आरोपियों ने कथित तौर पर फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करते हुए भारी लोन लिया और धन का दुरुपयोग किया।

अशोक यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर विनीत को संस्थापक और ट्रस्टी और प्रणव को सह-संस्थापक के रूप में दिखाया गया है। दोनों ही यूनिवर्सिटी के संस्थापक कमेटी के सदस्य हैं।

## शार्ट न्यूज

### सेना ने श्रीनगर में मनाया शौर्य दिवस

श्रीनगर। भारतीय सेना की पहली जीत का प्रतीक 'शौर्य दिवस' शुक्रवार को यहां मनाया गया। रक्षा विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि वीरतापूर्ण कार्यों और स्वतंत्र भारत की पहली सैन्य जीत की याद में बडगाम सैन्य गैरीसन में शौर्य दिवस मनाया गया। गौरतलब है कि 27 अक्टूबर 1947 को कश्मीर घाटी पर आक्रमण करने की पाकिस्तानी सेना की नापाक साजिशों को विफल करने के लिए भारतीय सेना के जवान श्रीनगर में उतरे थे। इस दिन हवाई क्षेत्र को सुरक्षित करने और पाकिस्तान के खिलाफ अभियानों को और गति देने के लिए सैनिकों को हवाई मार्ग से श्रीनगर ले जाया गया था। उन्होंने कहा कि इस शुभ अवसर को चिह्नित करने और इस लड़ाई के शहीदों का सम्मान देने के लिए चिनार कोर कमांडर और अन्य सैन्य तथा नागरिक समाज के गणमान्य व्यक्तियों को बडगाम युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस समारोह में बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त सैनिक (दिग्गज), एनसीसी कैडेट और सेवारत सैनिक भी शामिल हुए। यह कार्यक्रम विक्टर फोर्स के तत्वावधान में आयोजित किया गया और इसमें जीओसी विक्टर फोर्स ने भी भाग लिया। उधर, बडगाम में आयोजित 'शौर्य दिवस' के अवसर पर विक्टर फोर्स के तत्वावधान में एक मेगा इन्फेंट्री हथियार और उपकरण प्रदर्शन भी आयोजित किया गया।

### चंद्र ग्रहण के कारण बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर शनिवार अपराह्न से बंद

श्री बदरीनाथ/केदारनाथ धाम। देशव्यापी चंद्रग्रहण के दौरान, श्री बदरीनाथ तथा श्री केदारनाथ मंदिर सहित श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के सभी अधीनस्थ मंदिर शनिवार यानी 28 अक्टूबर शाम चार बजे बंद हो जायेंगे। मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यद्यपि ग्रहण काल का समय 28 अक्टूबर रात्रि एक बजकर चार मिनट है। अतः नौ घंटे पहले सूतक काल प्रारंभ होने के कारण, दोनों मंदिर तथा मंदिर समिति के सभी अधीनस्थ मंदिर अपराह्न चार बजे बंद हो जायेंगे। ये मंदिर 29 अक्टूबर यानी रविवार को प्रातः शुद्धिकरण पश्चात, पूर्ववत ब्रह्ममुहुर्त में खुलेंगे तथा महाभिषेक, रूद्राभिषेक सहित सभी प्रातःकालीन पूजायें अपने नियत समय पर होंगी। अजेंद्र ने बताया कि श्री बदरीनाथ मंदिर में 11 बजे पूर्वाह्न राजभोग लगेगा तथा मंदिर सफाई आदि के लिए दो बजे तक बंद रहेगा। पुनः अपराह्न दो बजे मंदिर खुलेगा। अपराह्न दो बजकर 10 मिनट शायंकालीन आरती होगी। साढ़े तीन बजे शयन आरती पश्चात शाम चार बजे श्री बदरीनाथ मंदिर बंद हो जायेगा। उन्होंने बताया कि श्री केदारनाथ मंदिर में 28 अक्टूबर को प्रातःकालीन रुद्राभिषेक तथा पूजाये संपन्न होंगी। दिन में कुछ देर मंदिर बंद रहेगा। उसके पश्चात चार बजे तक श्रद्धालु दर्शन करते रहेंगे।

### प्रदेश में क़ानून व्यवस्था का बुरा हाल, महिलाओं पर बढ़ रहे अत्याचार: ठाकुर

शिमला। हिमाचल प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि प्रदेश में क़ानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। चायल में प्रवासी महिला के साथ जो घटना सामने आई है उसने पूरी मानवता को शर्मसार कर दिया है। देवभूमि में इस तरह की अमानवीयता की कल्पना तक नहीं की जा सकती है। इस घटना ने पूरे प्रदेश की छवि को धूमिल करने का काम किया है। ठाकुर ने कहा कि अब ख़ामोश बैठने का वक़्त नहीं है। इस मामले में सरकार द्वारा सख़्त से सख़्त कार्रवाई की जानी चाहिए, आरोपितों को ऐसी सज़ा मिले की वह नज़ीर बने। प्रदेश में क़ानून व्यवस्था को मज़बूत करने के के लिए सख़्त कदम उठाने की आवश्यकता है। देवभूमि में इस तरह के घटनाओं के लिए कोई स्थान नहीं हैं। उन्होंने कहा कि आये दिन महिलाओं के साथ दुष्कर्म के मामले सामने आ रहे हैं। हर दिन के अख़बार महिलाओं के साथ हुई बर्बरता से भरे पड़े हैं। दो दिन पहले औद्योगिक नगरी बद्दी में गैंगरेप का मामला सामने आया। इस मामले में हरियाणा की पंचकुला पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज करके बद्दी की पुलिस को कार्रवाई के लिए भेजा। तब जाकर मामले में कार्रवाई हुई।

### चुनावी ड्राफ्ट प्रकाशन की सीडी सौंपने के लिए राजनीतिक दलों के साथ बैठक

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) सिबिन सी ने चुनावी (फोटो के बिना) मसौदा प्रकाशन की सीडी सौंपने के लिए आज राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। मतदाता सूची को अद्यतन करने का विशेष अभियान-विशेष सारांश पुनरीक्षण-2024 आज मतदाता सूची के प्रारूप के प्रकाशन के साथ शुरू हो गया है। सीईओ ने शुक्रवार को बताया कि शुक्रवार से शुरू होकर नौ दिसंबर 2023 तक पुनरीक्षण गतिविधियां चलाई जाएंगी और इस अवधि के दौरान मतदाता पंजीकरण, मतदाता सूची में सुधार और वोट हटाने की प्रक्रिया तेज हो जाएगी। नागरिकों को दावे एवं आपत्तियां दाखिल करने का भी अवसर मिलेगा। बैठक में सिबिन सी ने चुनावी प्रक्रिया की मजबूती पर प्रकाश डाला और दिखाया कि कैसे प्रौद्योगिकी का उपयोग करके हर कदम पर पारदर्शिता लाई गई है। राजनीतिक दलों से सहयोग की मांग करते हुए सीईओ पंजाब ने कहा कि चार और पांच नवंबर, 2023 और दो और तीन दिसंबर, 2023 को विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे जहां बूथ स्तर के अधिकारी अपने-अपने मतदान केंद्रों पर मौजूद रहेंगे। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने और पात्र मतदाताओं का नामांकन सुनिश्चित करने के लिए विशेष शिविरों में भाग लेने की भी अपील की।

### करवा चौथ पर पर्यटन निगम नि:शुल्क उपलब्ध करवाएगा पूजा की थाली

शिमला। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के निदेशक अमित कश्यप ने शुक्रवार को बताया कि एक नवम्बर को करवा चौथ त्यौहार के शुभ अवसर पर निगम द्वारा विशेष पैकेज जारी किया गया है। कश्यप ने यहां कहा कि इस दौरान 31 अक्टूबर और एक नवम्बर, 2023 को पर्यटन निगम के किसी भी होटल में ठहरने पर विवाहित दम्पत्ति को कमरे के किराए में दस प्रतिशत अतिरिक्त डिस्काउंट प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त निगम द्वारा सरगी का भी प्रबन्ध किया जाएगा और उन्हें फेणी, केला, दूध, गुलाब जामुन और मठड़ी इत्यादि नि:शुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके साथ ही अर्घ, पूजा की थाली और करवा जिसमें चावल, उड़द दाल, दूर्बा, पुष्प और कुमकुम इत्यादि भी पर्यटन निगम द्वारा नि:शुल्क उपलब्ध करवाए जाएंगे। करवा चौथ पर इन मेहमानों को विशेष व्रत थाली भी परोसी जाएगी। इसके अतिरिक्त करवा चौथ पूजा में आवश्यक सूखा मेवा, पुना, सुहागी जिसमें बिन्दी, चूड़ी, काजल, रिब्बन, मेंहदी इत्यादि का प्रबन्ध भी पर्यटन निगम द्वारा निर्धारित दरों के आधार पर किया जाएगा। प्रबन्ध निदेशक ने कहा कि करवा चौथ का त्यौहार देश के विभिन्न भागों में बड़े स्तर पर मनाया जाता है। यह त्यौहार पति-पत्नी के मध्य एक पवित्र बंधन का प्रतीक है और विवाहित जोड़े हिमाचल प्रदेश पर्यटन निगम के होटलों में ठहर कर इस पवित्र त्यौहार को और भी अविस्मरणीय बना सकते हैं।

### देश को भ्रष्टाचार, बेरोजगारी से मुक्त कराने के लिए काम करना होगा: भगवंत मान

लुधियाना। पंजाब आम आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को लुधियाना के मुल्लांपुर दाखा में नये ब्लॉक अध्यक्षों और जिला प्रभारियों के लिये एक बड़ा शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया। शपथ ग्रहण समारोह में पंजाब आप के अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री भगवंत मान, आप पंजाब के कार्यकारी अध्यक्ष प्रिंसिपल बुध राम, आप के राष्ट्रीय महासचिव संदीप पाठक, आप पंजाब के प्रभारी जरनैल सिंह, कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा, लालजीत सिंह भुल्लर, हरभजन सिंह ईटीओ, ब्रह्म शंकर जिम्पा, अमन अरोड़ा, कुलदीप सिंह धालीवाल, लालचंद कटारूचक, डॉ. बलजीत कौर, हरजोत बैंस। इनके अलावा समारोह में आप के विधायक, चेयरमैन और पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहें। मान ने कहा, आम आदमी पार्टी एक परिवार है। हमने पंजाब में राजनीतिक परिवर्तन लाने के लिए कड़ी मेहनत की, अब हमें देश को भ्रष्टाचार और बेरोजगारी से मुक्त करने के लिए और भी अधिक मेहनत करनी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि उन्हें आप संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की राजनीति को देश के कोने-कोने तक ले जाना है और हर राज्य में पार्टी इकाइयों को मजबूत करना है।

# पूर्व सैनिकों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण हो : अपर जिलाधिकारी प्रशासन

ग्रेटर नोएडा। गौतमबुद्धनगर जनपद के पूर्व सैनिकों की समस्याओं का निस्तारण कराने एवं शासन द्वारा सैनिकों के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं का पात्र सैनिकों तक शत प्रतिशत लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से शुक्रवार को डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ नितिन मदॉन ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बन्धु समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुये कहा कि पूर्व सैनिकों के द्वारा अपने जीवन के अहम पल देश सेवा के लिए समर्पित किए गए हैं। इसलिए हम लोगों का भी यह दायित्व बनता है कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं का निस्तारण समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ किया जायें। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पूर्व सैनिक बंधुओं की



जो भी समस्याएं आज प्राप्त हो रही हैं उनका गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ निस्तारण करते हुए संबंधित सैनिक बंधुओं को भी रिपोर्ट से अवगत कराया जाए। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने बैठक में पूर्व सैनिकों की समस्याओं जैसे भूमि विकास, ग्राम की सड़कों की मरम्मत, जलभराव की समस्या, पुलिस, बैंक से ऋण, पेंशन, शिक्षा, आर्थिक अनुदान, रोजगार, स्वास्थ्य सेवाओं सम्बन्धी समस्या तथा अन्य समस्याओं का अनुश्रवण करते हुये सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि पूर्व सैनिकों की आज जो समस्या प्राप्त हुयी है, उनका निस्तारण समयबद्धता के आधार पर करते हुये रिपोर्ट तैयार कर उपलब्ध करायें। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा सैनिकों के हितार्थ जो जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है, उनका व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करते हुए पात्र सैनिकों तक शत प्रतिशत लाभ पहुंचाने की कार्रवाई करें ताकि जनपद का कोई भी पात्र सैनिक योजनाओं के लाभ से वंचित ना रहे। बैठक का सफल संचालन (अ0प्रा0) जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास अधिकारी गौतमबुद्धनगर कर्नल कपिल कत्याल के द्वारा किया गया।

इस महत्वपूर्ण बैठक में एसीपी पुलिस मुख्यालय राजपाल सिंह, उपाध्यक्ष मेजर जनरल डीके सैन, सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों एवं पूर्व सैनिक कल्याण समिति के पदाधिकारियों व पूर्व सैनिकों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## नामित अभियुक्तों की अचल सम्पत्ति को कुर्क करने के आदेश

नोएडा। पुलिस आयुक्त न्यायालय गौतमबुद्धनगर द्वारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही के अंतर्गत अभियुक्त नरेश तेवतिया पुत्र गजेन्द्र सिंह उर्फ बिजेन्द्र निवासी ग्राम वीरपुरा थाना जारचा गौतमबुद्धनगर सम्बन्धित मुकदमा अपराध संख्या 336/19 थाना कासना गौतमबुद्धनगर, रियान उर्फ मोना पुत्र मुस्ताक उर्फ मुस्तफा निवासी मकान नंबर 152 कमालपुर थाना कोतवाली देहात जिला बुलन्दशहर सम्बन्धित मुकदमा अपराध संख्या 41/23 थाना सेक्टर-20 गौतमबुद्धनगर अंतर्गत धारा 2/3(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 अवैध रुप से अर्जित सम्पत्ति को कुर्क करने के आदेश पारित किये गये है।

अभियुक्तों की कुर्क की गयी चल/अचल सम्पत्ति का विवरण निम्न प्रकार है। अभियुक्त नरेश तेवतिया जिसकी अचल सम्पत्ति-ग्राम वीरपुरा में अवस्थित भूमि 0.0200 हैक्टेयर में भवन का निर्माण एवं 0.0400 हैक्टेयर में चार दीवारी करके पशु पालन अनुमानित कीमत 1,07,85,200 रुपये और अभियुक्त रियान उर्फ मोना की चल सम्पत्ति मोटरसाइकिल केटीएम 200 नंबर यूपी 13 एक्यू 3791 अनुमानित कीमत 1,10,000 रुपये है।

कुल चल-अचल सम्पत्ति करीब 1,08,95,200 रुपये को कुर्क करने के आदेश पारित किये गये। अपराधियों/माफियाओ पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा अपराधियो के विरूद्ध आगे भी इसी प्रकार की कडी कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## पाकिस्तानी रेंजर्स की फायरिंग में जवान समेत दो घायल

जम्मू। जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तानी रेंजरों की ओर से बिना उकसावे के की गई गोलीबारी के कारण सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक जवान और एक महिला घायल हो गयी, जबकि सीमा पर रहने वाले लोग सुरक्षित स्थानों पर चले गए।

बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि 26-27 अक्टूबर की मध्यरात्रि के दौरान, पाकिस्तान रेंजर्स ने अरनिया इलाके में अकारण गोलीबारी की जिसका बीएसएफ जवानों ने माकूल जवाब दिया।

उन्होंने कहा, पाकिस्तानी रेंजर्स ने मोर्टार से गोलाबारी की, जिसका बीएसएफ कर्मियों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। उन्होंने बताया कि रुक-रुक कर गोलीबारी तड़के तीन बजे तक जारी रही।

प्रवक्ता ने कहा, गोलीबारी में बीएसएफ के एक जवान को मामूली चोटें आईं जिसे तुरंत ही चिकित्सा सहायता प्रदान की गई। घायल महिला को भी इलाज के लिए जम्मू के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गोलीबारी का शिकार होने से बचने और आश्रय लेने के लिए सीमावर्ती निवासी मवेशियों के साथ सुरक्षित स्थानों पर चले गए।

उन्होंने दावा किया कि सीमा पार से गोलीबारी में कुछ मवेशियों को भी चोटें आईं।

## शारदा यूनिवर्सिटी में मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ

ग्रेटर नोएडा। भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप अहर्ता दिनांक 1 जनवरी 2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने एवं मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला मजिस्ट्रेट डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत शारदा यूनिवर्सिटी नॉलेज पार्क ग्रेटर नोएडा के ऑडिटोरियम में मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार के द्वारा विधिवत रूप से किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित छात्र-छात्राओं को



अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने बताया गया कि जिन छात्रों की आयु 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है और उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है वह अपना ऑनलाइन आवेदन करते हुए मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कर सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं के लिए आनलाइन पोर्टल https://voters eci.gov.in एवं मोबाइल एप Voter Helpline App की व्यवस्था की गयी है, जिस पर सम्बन्धित व्यक्ति ऑनलाइन अपना फार्म भर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि नए मतदाता मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए फॉर्म 6, मतदाता सूची में विद्यमान निर्वाचन के अपमार्जन के लिए व मतदाता सूची में नाम हटाने के लिए फॉर्म 7 तथा संशोधन के लिए फॉर्म 8 भरा जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदाता पंजीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए विशेष अभियान 4 नवम्बर 2023,5 नवम्बर 2023, 25 नवम्बर 2023, 26 नवम्बर 2023, 2 दिसम्बर 2023 एवं 3 दिसम्बर 2023 को चलाया जाएगा। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वोट डालना आपका लोकतांत्रिक अधिकार है इसीलिए 18 वर्ष पूर्ण कर चुके सभी छात्र अपना वोटर आईडी कार्ड बनवाकर वोट अवश्य करें और मतदान दिवस को एक महोत्सव के रूप में मनाए और मतदान दिवस के दिन अवकाश मानकर छात्र घर न जाकर अपना मतदान अवश्य करें।

## जिला अधिकारी ने पांच सरकारी विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

**सम्बन्धित अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश**

**गौतमबुद्धनगर।** जनपद के प्राथमिक विद्यालयों में सभी सुविधाएं एवं शिक्षा मानकों के अनुरूप उपलब्ध कराने को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में जिला प्रशासन के अधिकारीगण निरंतर भ्रमणशील रहकर औचक रूप से विद्यालयों का निरीक्षण कर रहे हैं। इसी श्रृंखला में आज जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरौला, आदर्श प्राथमिक विद्यालय हरौला, उच्च प्राथमिक विद्यालय सेक्टर 12 नोएडा, आदर्श प्राथमिक विद्यालय चौड़ा सहादतपुर व कंपोजिट जूनियर हाई स्कूल मोरना नोएडा का औचक निरीक्षण किया गया। जिला अधिकारी ने अपने निरीक्षण के दौरान स्कूलों में बच्चों को दिए जाने वाले मिड डे मील भोजन को खाकर भोजन की गुणवत्ता परखी जोकि मानकों के अनुरूप पाई गई। जिला अधिकारी ने इस अवसर पर विद्यालय



प्रधानाचार्य/अध्यापकगणों को निर्देश दिए कि स्कूलों में पढ़ने वाले सभी छात्र छात्राओं को सभी मूलभूत सुविधाएं एवं शिक्षा मानकों के अनुरूप उपलब्ध कराई जाए साथ ही उन्होंने उपस्थिति पंजिका की जांच करते हुए अध्यापक गणों को निर्देश दिये कि बच्चों की उपस्थिति पर विशेष फोकस रखा जाए और जो बच्चा नियमित रूप से स्कूल नहीं आ रहा है, अध्यापक गण स्कूल के उपरांत ऐसे बच्चों के घर जाकर फीडबैक ले की बच्चा स्कूल क्यों नहीं आ रहा और उनके अभिभावकों को बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने के लिए जागरूक करें। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता सन्तोषजनक पायी गयी। जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय में साफ सफाई एवं शिक्षा की गुणवत्ता एवं अवकाश सम्बन्धी नियमों का अनुपालन किये जाने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान दौरान बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी स्वैन जम्मू-कश्मीर का प्रभारी डीजीपी नियुक्त

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी आर आर स्वैन को शुक्रवार को एक नवंबर से जम्मू-कश्मीर पुलिस के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। स्वैन वर्तमान में जम्मू-कश्मीर पुलिस में स्पेशल डीजी के पद पर कार्यरत हैं। वर्तमान पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह 31 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर के सबसे लंबे समय तक सेवारत पुलिस प्रमुख के रूप में सेवानिवृत्त होंगे। गृह मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार वर्ष 1991-एजीएमयूटी कैडर के श्री स्वैन अपने कर्तव्यों के अलावा एक नवंबर से जम्मू-कश्मीर के डीजीपी का पद संभालेंगे। सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से वर्तमान में जम्मू और कश्मीर के विशेष महानिदेशक सीआईडी के रूप में तैनात आईपीएस आर.आर. स्वैन 1-11-23 से अपने मौजूदा प्रभार के अलावा प्रभारी पुलिस महानिदेशक के रूप में भी कार्य करेंगे। स्वैन को जून 2020 में जम्मू-कश्मीर के खुफिया प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया था।

## धामी ने किया 'द बीटल्स एण्ड द गंगा फेस्टिवल - 2023' का शुभारंभ



देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को स्वर्गाश्रम, यमकेश्वर, जनपद पौड़ी में 'द बीटल्स एण्ड द गंगा फेस्टिवल - 2023' का शुभारंभ किया। इस दौरान, उन्होंने जनपद पौड़ी की 422.44 लाख रुपये की तीन योजनाओं का लोकार्पण किया।

इस दौरान, धामी ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड विश्व की आध्यात्मिक राजधानी के तौर पर आगे बढ़ रहा है। इस फेस्टिवल का आयोजन भारतीय संस्कृति के विभिन्न घटकों योग, शास्त्रीय संगीत, नृत्य, कला, प्रतिष्ठित परम्पराओं आदि को उत्सव के रूप में मनाने का एक प्रयास है। साथ ही, स्थानीय सभ्यता एवं परम्पराओं को विश्व में प्रदर्शित करने की एक पहल है। उन्होंने कहा कि फेस्टिवल के माध्यम से उत्तराखंड को एक नई ऊर्जा मिलेगी, एवं माँ गंगा के आशीर्वाद से अपनी लोक संस्कृति को वैश्विक स्तर पर फैला सकेगें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्कृति, अध्यात्म तथा संगीत में एक गहरा सम्बन्ध है। विश्व प्रसिद्ध बीटल्स बैण्ड ने पाश्चात्य सभ्यता को यह दिखाया कि किस प्रकार आत्मा तथा संगीत मिश्रित होकर अध्यात्म में विलीन हो सकते हैं।

## बिरेन ने विस्थापित लोगों की शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की

इंफाल। मणिपुर के राहत शिविरों में श्रमिक कार्ड धारकों के बच्चों की शिक्षा की विशेष योजना के अंतर्गत, मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह ने शुक्रवार को प्रत्येक परिवार को पुनर्निर्मित श्रमिक कार्ड और 5,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की।

सिंह ने कहा कि राज्य में चल रहे वर्तमान संघर्ष के कारण कई लोगों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है और वर्तमान संघर्ष मणिपुर के लोगों के लिए खतरे की घंटी के समान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई विस्थापित लोग जिनके घरों को जलाया नहीं गया, लेकिन संघर्ष के शुरुआती दिनों में डर के कारण वे अपने घरों से भाग गए थे, अब वे अपनी मूल बस्तियों में वापस लौट आए हैं।

उन्होंने कहा कि कृषि, बागवानी, उद्योग और अन्य विभागों के विशेषज्ञों को विस्थापित लोगों के साथ बातचीत करने और उनकी सहायता करने में लगाया गया है जिससे विस्थापित लोग अपनी आजीविका के लिए उपयुक्त कार्य कर सकें।



मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बहुत जल्द राहत शिविरों में रहने वाले लोगों को कंबल प्रदान करेगी, क्योंकि सर्दियों का मौसम आ रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि कार्य के दौरान किसानों की सुरक्षा के लिए लगभग 2,500 सुरक्षा बलों के कर्मियों को लगाया गया है। उन्होंने कहा कि उन किसानों को मुआवजा प्रदान किया जाएगा जिनकी कृषि भूमि पर वर्तमान संघर्ष के कारण खेती नहीं की जा रही है।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इसके लिए 38.6 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की है। उन्होंने आगे कहा कि संबंधित उपायुक्त सर्वेक्षण करेंगे कि किसके कृषि भूमि में खेती नहीं की गई है और अगर खेती की गई है तो कृषि भूमि से उनकी कमाई कितनी होगी।

### हरिद्वार का चकबन्दी लेखपाल रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार


देहरादून/हरिद्वार। उत्तराखंड सतर्कता विभाग (विजिलेंस) के एक दल (ट्रैप टीम) ने एक शिकायत पर हरिद्वार जिले में नियुक्त चकबंदी विभाग के एक लेखपाल को पीड़ित से साढ़े सात हजार रुपए रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। विजिलेंस के अधीक्षक धीरेंद्र गुंज्याल ने शुक्रवार शाम बताया कि एक शिकायतकर्ता ने शिकायत की कि उसके पास गांव में 18 बीघा जमीन के अलावा, अन्य गांव डौसनी में ही सुरेश कुमार यादव, निवासी सी-127 सुभाष नगर, रूडकी (हरिद्वार) तथा उनकी पत्नी सरोज बाला की लगभग 24 बीघा जमीन है। जिनकी जमीन की बटाई के बदले में प्रतिवर्ष फसल पर वह किराये की रकम देता है। इस साल बाढ़ आपदा के कारण फसल बर्बाद होने के कारण मुआवजे के लिये दिये गये प्रार्थना पत्र के आधार पर एसडीएम, लक्सर तथा नायब तहसीलदार, लक्सर से 13 सितंबर को इस सम्बन्ध में आदेश किये गए।

## भारत लगातार दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था : सिन्हा

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है और व्यापार एवं निवेश के लिए पसंदीदा स्थान है।

भारतीय अर्थव्यवस्था और संबद्ध विज्ञान संघ के चौथे वार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर श्री सिन्हा ने कहा कि भारत व्यापार और निवेश के लिए सबसे पसंदीदा स्थान है और यह लगातार विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है।

तीन दिवसीय सम्मेलन में विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी और '2047 तक विकसित भारत' प्राप्त करने की दिशा में नीतिगत उपायों का व्यापक विश्लेषण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की नीतियों और समग्र विकास कार्यक्रमों ने अर्थव्यवस्था को उच्च वृद्धि के सतत मार्ग पर आगे बढ़ाया है और भारत के




आर्थिक पथ को आकार प्रदान किया है। सिन्हा ने कहा, आज भारत व्यापार और निवेश के लिए सबसे पसंदीदा गंतव्य है और हम दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बने हुए हैं। समावेशी, प्रगतिशील और सतत विकास के साथ, यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि हमारे विकास का लाभ जमीनी स्तर तक पहुंचे।

उन्होंने कहा कि भारत आशावाद, असीम ऊर्जा और महत्वाकांक्षा से भरपूर है और चालू वित्त वर्ष में वैश्विक विकास में 15 प्रतिशत योगदान देने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि हम वास्तव में इस सदी को भारत की सदी बनाने के अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं और हमारा आर्थिक पुनरुत्थान वैश्विक विकास का प्रमुख चालक होगा। उपराज्यपाल ने तीन दिवसीय सम्मेलन में भारत की 'आत्मनिर्भर भारत' की रणनीति, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और भारत में जनजातीय आबादी के विकास के मुद्दों और 2047 तक विकसित भारत की उपलब्धि के लिए नीतिगत उपायों के व्यापक विश्लेषण पर विचार-विमर्श करने के लिए भारतीय अर्थशास्त्र और संबद्ध विज्ञान संघ के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने विकास-उन्मुख क्षेत्रों की क्षमता को अनलॉक करने के लिए सामूहिक प्रयासों का आह्वान किया और रोजगार सृजन, अवसंरचना और निवेश, महिला सशक्तिकरण, एमएसएमई, कौशल विकास, स्वास्थ्य एवं पोषण पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया, जो भारत 2.0 के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं।

## शार्ट न्यूज

### आज किया जाएगा प्राचीन वाल्मीकि मंदिर का उद्घाटन




हर साल शरद पूर्णिमा के दिन महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई जाती है. जो इस साल 28 अक्टूबर को मनाई जाएगी है. वाल्मीकि संस्कृत साहित्य के प्रथम कवि माने जाते हैं. वह एक महान ऋषि और महाकाव्य रामायण के लेखक थे. वाल्मीकि को महर्षि वाल्मीकि के नाम से भी जाना जाता है. महर्षि वाल्मीकि को भगवान श्री राम का समकालीन माना जाता है, जिससे उनके जन्म के सही समय को परिभाषित करना मुश्किल हो जाता है क्योंकि भगवान श्री राम का जन्म युग भी आधुनिक इतिहासकारों के बीच बहुत बहस का विषय है. हालांकि उनकी जयंती हिंदू चंद्र कैलेंडर के अनुसार अश्विन पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है. वाल्मीकि जयंती के दिन देशभर में कई सामाजिक और धार्मिक आयोजन किए जाते हैं.इसी क्रम में मुकेश नगर गली न 1 शाहदरा में दिल्ली में 28 अक्टूबर दिन शनिवार को प्राचीन वाल्मीकि मंदिर का उद्घाटन 50 साल बाद होने जा रहा है जिसमें सुबह 8 बजे शोभा यात्रा निकाली जाएगी व 12 बजे मंदिर में प्रस्थान करेगी व 4 बजे भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### युवती से किया मारपीट कर रेप का प्रयास

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र की एक सोसायटी में ऑर्डर लेकर पहुंचे डिलीवरी बॉय ने युवती से मारपीट और रेप का प्रयास किया। युवती के विरोध करने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। जिसके बाद पीड़िता ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश में जुट गई है। दरअसल, ग्रेटर नोएडा वेस्ट के इकोविलेज वन सोसाइटी में ऑनलाइन डिलीवरी बॉय ने घर पर पहुंचकर अकेली युवती से पहले मारपीट की और फिर रेप का प्रयास किया। जिसके बाद युवती ने शोर मचा दिया और आसपास के लोग वहां पर इकट्ठा हो गए। लोगों को आता देख डिलीवरी बॉय मौके से फरार हो गया। युवती की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इकोविलेज हाउसिंग सोसायटी में रहने वाले अपने मंगेतर से नोएडा के सेक्टर-20 में रहने वाली 19 वर्षीय युवती मिलने के लिए आई थी। उसका मंगेतर घर से कहीं बाहर गया था। इसी बीच एक ब्लिंकिट का डिलीवरी बॉय सुमित शर्मा वहा पर आया। पीड़िता का आरोप है कि उसने उसके साथ बलात्कार का प्रयास किया, जब पीड़िता ने विरोध किया तो उसने मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं यह भी चर्चा है कि डिलीवरी बॉय ने पीड़िता के साथ रेप किया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रहकर मामले की जांच कर रही है।

### फिल्म-सिटी परियोजना को लेकर यमुना-प्राधिकरण में हुई प्रीबिड की मीटिंग

**गौतम बुद्ध नगर।** यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में फिल्म सिटी परियोजना प्रस्तावित है जो की 1000 एकड़ में बनेगी ।यह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट है। इसी को लेकर यमुना प्राधिकरण के बोर्ड रूम में अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी परियोजना की प्री बिड मीटिंग की गई। यमुना विकास प्राधिकरण द्वारा जारी की गई अंतर्राष्ट्रीय फ़िल्म सिटी परियोजना की प्री बिड मीटिंग आज प्राधिकरण के बोर्ड रूम में की गई। इस प्री बिड मीटिंग में यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय फ़िल्म सिटी विकसित करने के इच्छुक संभावित आवेदकों द्वारा ऑनलाइन तथा ऑफलाइन रूप में प्रतिभाग किया गया। सर्वप्रथम प्राधिकरण की सलाहकार संस्था मैसर्स सीबीआरई द्वारा परियोजना का प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज कुमार सिंह, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त द्वारा की गई। इन दौरान मनोज कुमार सिंह द्वारा प्रोस्पेक्टिव बीडर्स द्वारा उठाये गये बिंदुओं पर जवाब भी दिया गया। प्री बिड मीटिंग में बिडर को बिड डॉक्यूमेंट के साथ परियोजना का प्रेजेंटेशन, प्रोजेक्ट रिपोर्ट भी जमा करवाने का सुझाव भी प्राप्त हुआ। बैठक में मोहिन्दर वालिया द्वारा सक्सेसफुल बिडर को 1000 एकड़ की फ़िल्म सिटी परियोजना के अगले फेसेज में रोफ़ल की सुविधा दिए जाने की मांग की गयी, जिससे विनिंग बिडर को फाइनेंशियल सिक्योरिटी मिल सके।

### बिना तलाक के पत्नी पर दूसरी शादी करने का आरोप

**जेवर।** नोएडा में रबूपुरा कस्बे के रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी पर बिना तलाक लिए दूसरी शादी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित का आरोप है कि शिकायत करने पर ससुरालियों ने पीड़ित के साथ मारपीट भी की। इस संबंध में पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर शुक्रवार को कोतवाली में पत्नी समेत चार पर केस दर्ज कराया है। पीड़ित इस्माइल ने शिकायत में कहा है कि उसकी वर्ष 2008 में बुलंदशहर निवासी सलमा से शादी हुई थी। उन्होंने बताया कि कई वर्ष बाद पत्नी से उनका विवाद हो गया। जिसके चलते पत्नी मायके में रह रही थी। पीड़ित का कहना है कि दोनों के बीच तलाक भी नहीं हुआ था। उसके बावजूद उसकी पत्नी ने करीब 6 महीने पहले बुलंदशहर निवासी एक व्यक्ति से अपना नाम सुल्ताना रखकर शादी कर ली। पीड़ित को जब मामले की जानकारी हुई तो उन्होंने ससुराल पहुंचकर विरोध किया। इसी बात को लेकर ससुराल वालों ने पीड़ित के साथ मारपीट भी की। पीड़ित का कहना है कि इस संबंध में उन्होंने बुलंदशहर और रबूपुरा पुलिस से शिकायत भी की थी। लेकिन उसकी शिकायत पर कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद पीड़ित ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

# नागरिक सुरक्षा वॉलेंटियर को होमगार्ड बनाकर बस मार्शल का काम लेगी सरकार

## केजरीवाल ने दिल्ली के गृहमंत्री कैलाश गहलोत को लिखा पत्र



**नयी दिल्ली।** दिल्ली सरकार नागरिक सुरक्षा वालेंटियर्स को अब होमगार्ड के रूप में नियुक्त करेगी और इनसे बस मार्शल का काम लिया जाएगा।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को दिल्ली के गृहमंत्री कैलाश गहलोत को पत्र लिखकर नागरिक सुरक्षा वालेंटियर्स को होमगार्ड के रूप में तैनात करने को लेकर योजना तैयार करने का आदेश दिया है।

मुख्यमंत्री ने पत्र में कहा कि उन्होंने नागरिक सुरक्षा वालेंटियर्स को होमगार्ड के रूप में नियुक्त करने का सुझाव देते हुए उपराज्यपाल वी के सक्सेना को भी प्रस्ताव भेजा है और मांग की है कि पर्याप्त संख्या में होमगार्ड की नियुक्ति होने तक इन्हें बतौर बस मार्शल तैनात रखना चाहिए। इनके पास बस मार्शल का काम करने का अच्छा अनुभव भी है इसलिए इन्हें होमगार्ड के रूप में नियुक्त करने के लिए हमें योजना बनानी चाहिए।

उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि बड़ी संख्या में नागरिक सुरक्षा वालेंटियर्स बतौर बस मार्शल काम कर रहे हैं। इन वालेंटियर्स ने बसों में सफर करने वाली महिला को सुरक्षा प्रदान करने में शानदार काम किया है। महिला यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ-साथ इन्होंने जेबकतरों को पकड़ने समेत अन्य छोटे-मोटे अपराधों को रोकने में भी मदद की है। मैंने इन वालेंटियर्स की ऐसी कई कहानियां सुनी हैं।

मुख्यमंत्री ने पत्र में कहा है कि बस मार्शल के रूप में इनकी तैनाती जारी रखने को लेकर कानूनी आपत्ति जताई गई है। इसमें कहा गया है कि सिविल डिफेंस वालेंटियर्स को लगातार ड्यूटी पर नहीं लगाया जा सकता है। इन्हें सिर्फ किसी आपदा के दौरान ही ड्यूटी पर लगाया जा सकता है। इसलिए ये सुझाव दिया गया है कि सिविल डिफेंस वालेंटियर्स की जगह इन्हें होम गार्ड के रूप में नियुक्त करके बसों में बतौर मार्शल तैनात किया जाए।

उन्होंने कहा है कि सभी सिविल डिफेंस वालेंटियर्स बहुत ही मामूली पृष्ठभूमि से आते हैं। अगर इन्हें अचानक हटा दिया गया तो उनके परिवार को भारी आर्थिक संकट में डाल देगा। इससे एक तरफ सरकार को अनुभवी लोग भी मिलेंगे और दूसरी तरफ इन लोगों की नौकरी भी बच जाएगी।

## ब्रह्मांड द्वारा निर्मित हर चीज में है सुंदरता : अनूप लाठर



नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय की संस्कृति परिषद और हंसराज कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय अंतर-कॉलेज ललित कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पेंटिंग, फोटोग्राफी, मेहंदी, पोस्टर और रंगोली बनाने की प्रतियोगिताएं शामिल थीं। इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न महाविद्यालयों की लगभग 23 टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय की संस्कृति परिषद के चेयरपर्सन अनूप लाठर और विशिष्ट अतिथि के तौर पर पंजाबी विभाग के डीन एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के स्वतंत्रता और विभाजन अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रोफेसर रवींद्र कुमार उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अपने संबोधन में अनूप लाठर ने कहा कि ब्रह्मांड द्वारा निर्मित हर चीज में सुंदरता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कोई व्यक्ति कैसा दिखता है, वह अपने तरीके से सुंदर है और उसके आंतरिक गुण और उसकी कला ही उन्हें ऊंचा उठाते हैं। उन्होंने कहा कि हर कलाकार में एक लय होती है, लेकिन लय के साथ-साथ धैर्य की भी जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाला प्रत्येक प्रतिभागी विजेता है।

### उधमोद्या फाउंडेशन, डीयू और समर्थ भारत ने आयोजित किया स्टार्टअप एक्सेलेरेटर प्रोग्राम



**नई दिल्ली।** उधमोद्या फाउंडेशन, करियर डेवलपमेंट सेंटर और समर्थ भारत द्वारा 27-28 अक्टूबर, 2023 को दिल्ली विश्वविद्यालय के महर्षि कणाद भवन में स्टार्टअप एक्सेलरेटर प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। प्रोग्राम के उद्घाटन समारोह में समर्थ भारत के मेंटर और उधमोद्या फाउंडेशन के निदेशक भारत भूषण अरोड़ा ने प्रेरणादायक भाषण दिया। फाउंडेशन का उद्देश्य उद्यमिता समर्थन के एक वातावरण और पारंपरिक समर्थन की एक मंच प्रदान करना है, जिससे नवाचारी उद्यमियों को मदद करने और क्रियान्वयन के हर चरण में मदद मिले। इस प्रोग्राम में समर्थ केंद्र के साथ उधमोद्या फाउंडेशन को देश भर से 400 से ज्यादा स्टार्टअप व्यवसाय विचारों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन आवेदनों की ध्यानपूर्वक संवीक्षण के बाद, लगभग 100 व्यावसायिक प्रस्तावनाओं को पिच करने के लिए चयन किया गया। दो दिनों के लिए आयोजित इस प्रोग्राम के पहले दिन पूरे देश से आने वाले युवा उद्यमीओं के पिच प्रस्तुत किए। विभिन्न विधियों में विभाजित इन प्रस्तुतनाओं का एक विशेषज्ञ टीम ने विश्लेषण किया और मूल्यांकन किया। प्रमुख वेंचर कैपिटलिस्ट, एंजेल फंड निवेशक, स्थापित और युवा उद्यमी इस टीम का हिस्सा रहे, जिन्होंने इन पिच की समीक्षा की। कुछ प्रमुख विशेषज्ञों में प्रोफेसर अनिल कुमार, उधमोद्या फाउंडेशन के निदेशक, डॉ. रमेश बरपा, CEO, SIIF, और मिस्टर अनिल मेहरा, स्टार्टअप सलाहकार तथा मेंटर आदि शामिल थे। पिच प्रस्तावों में खाद्य से लेकर दवाई और AI/ML संचालित व्यापार विचारों तक विभिन्न उद्योगों से स्टार्टअप शामिल थे। कल दूसरे दिन, 2: 30 बजे, चयनित सुपर-25 स्टार्टअप व्यवसाय विचार उद्यमिता समर्थन, मेंटरशिप, सीड फंडिंग और स्केल-अप फंडिंग के लिए चयनित किए जाएंगे, साथ ही इंक्यूबेशन केंद्रों में समर्थन प्रदान किया जाएगा।

### कार पर स्टंट करने वाले पांच लड़के गिरफ्तार

गाजियाबाद। गाजियाबाद के वेव सिटी इलाके में लग्जरी गाड़ियों से स्टंटबाजी करने पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। स्कॉर्पियो और फॉर्च्यूनर को सीज करते हुए दोनों का 22-22 हजार रुपए का चालान ऑनलाइन काटकर गाड़ी मालिकों के घर पर भेज दिया गया है। वहीं इस मामले में वेव सिटी थाना पुलिस ने स्टंटबाजी करने वाले पांच लड़कों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान अरशद उर्फ शानू, आरिफ, राजकरन, इमरान और आकिल के रूप में हुई है। इसमें तीन लड़के दिल्ली और दो गाजियाबाद के रहने वाले हैं। गुरुवार को गाजियाबाद में 15 सेकेंड की स्टंटबाजी की एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई। इस वीडियो में काले रंग की फॉर्च्यूनर और स्कॉर्पियो हैं। दोनों गाड़ियों के बोनट पर एक-एक लड़का बैठा हुआ है। तीसरा लड़का इन दोनों गाड़ियों के बीच में सहारा लेकर खड़ा हुआ है और गाड़ियां चल रही हैं। बैकग्राउंड में म्यूजिक चल रहा है- भाईचारे में यार सदा बैठा करे, दल्लों में यार कदी बैठा नहीं।

## महिलाओं की तरक़्क़ी से देश की तरक़्क़ी होगी : आतिशी



**नयी दिल्ली।** दिल्ली की महिला एवं बाल विकास मंत्री ने आतिशी ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उन्हें आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाना बेहद ज़रूरी है और देश की तरक़्क़ी तभी होगी जब महिलाओं की तरक़्क़ी होगी।

आतिशी ने शुक्रवार को दिल्ली यूनिवर्सिटी महिला संघ के दीपावली कार्निवल का उद्घाटन कर महिला एंत्रप्रेन्योर्स के साथ चर्चा की। इस आतिशी ने कहा कि, दिल्ली विश्वविद्यालय महिला संघ जिस तरह से महिलाओं की बेहतरी के लिए काम कर रही है वो कबीले तारीफ़ है।

उन्होंने कहा कि एक महिला संघ होना, उसका एक क्रेच होना और विभिन्न गतिविधियों द्वारा महिलाओं को आगे बढ़ने का मौक़ा देना कई मायनों में अनूठी पहल है क्योंकि यह इस बात को पहचानता है कि, एक महिला का अपने घर से बाहर निकलना कितनी चुनौतियों से भरा होता है क्योंकि उसे अपने घर का बच्चों का ध्यान भी रखना होता है। दिल्ली विश्वविद्यालय महिला संघ ने अपने क्रेच और प्ले स्कूल के साथ महिलाओं को चिंतामुक्त होकर घर से बाहर निकलकर काम करने की स्वतंत्रता दी है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय महिला संघ ने सही मायने में महिला सशक्तिकरण और सम्मान के लिए मिसाल क़ायम की है। उनका यह दीपावली कार्निवल महिलाओं के एनजीओ, स्टार्टअप्स, महिला एंत्रप्रेन्योर्स और सेल्फ-हेल्प ग्रुप्स को को मंच दे रहा है ताकि वे आगे बढ़कर आत्मनिर्भर बन सके।

आतिशी ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय महिला संघ इस बात का प्रमाण है कि महिलायें ही महिलाओं को आगे बढ़ा सकती है क्योंकि वह उनकी चुनौतियों को समझती है, उनकी परिस्थितियों को समझती है और उसके अनुरूप उनकी मदद करती है।

## 14वीं पुण्यतिथि पर पत्रकारिता के पुरोधा स्व. के नरेंद्र को श्रद्धा सुमन अर्पित



चित्र परिचय : भारत के उप-प्रधानमंत्री माननीय श्री लालकृष्ण आडवाणी जी पत्रकारिता के पुरोधा के नरेंद्र पुस्तक विमोचन समारोह में वीर अर्जुन व डेली प्रताप के प्रधान संपादक श्री अनिल नरेंद्र और सांध्य वीर अर्जुन के समाचार संपादक श्री विजय शर्मा को नेशनल मीडिया नेटवर्क अवार्ड से सम्मानित करते हुए। साथ में हैं नेशनल मीडिया नेटवर्क के संस्थापक प्रधान संपादक शिक्षाविद् दयानंद वत्स।

अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महासचिव दयानंद वत्स ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में पत्रकारिता के पुरोधा वीर अर्जुन, डेली प्रताप के पूर्व प्रधान संपादक स्वर्गीय श्री के नरेन्द्र की 14वीं पुण्यतिथि पर कृतज्ञ राष्ट्र की और से उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वत्स ने कहा कि श्री के. नरेंद्र बहुत ही अनुशासन प्रिय थे। उनकी कलम का लोहा सब मानते थे। लोग उनके संपादकीय लेखों के दीवाने थे। उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व प्रेरक एवं अनुकरणीय था। वीर अर्जुन समाचार पत्र समूह को जन-जन तक पहुंचाने में उनकी करिश्माई कलम की ताकत का बड़ा हाथ था। आज की युवा पीढ़ी और पत्रकारिता के छको पता होना चाहिए कि वीर अर्जुन और डेली प्रताप समूह का भारत के पत्रकारिता जगत में स्वर्णिम इतिहास है। पत्रकारिता पहले भी उनका मिशन था और आज भी यह समूह उसी परंपरा को आगे। बढ़ा रहा है। पत्रकारिता जगत में आज की पीढ़ी को पता होना चाहिए कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री माननीय श्री अटल बिहारी वाजपेई जी भी वीर अर्जुन समाचार पत्र में काम कर चुके हैं।

### कपड़ा व्यापारी ने वैशाली मेट्रो स्टेशन से कूदकर दी जान

गाजियाबाद। मेरठ के कपड़ा व्यापारी मुकेश जैन ने शुक्रवार को गाजियाबाद के वैशाली मेट्रो स्टेशन की दूसरी मंजिल से कूदकर जान दे दी। खुदकुशी की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है। ये घटना शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे के आसपास हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, एक 55 साल के व्यक्ति वैशाली मेट्रो स्टेशन की साइड वॉल पर आकर खड़ा हुआ और अचानक वहां से कूद गया। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। घायल व्यक्ति को गाजियाबाद के एमएमजी हॉस्पिटल ले गई। वहां उसको मृत घोषित कर दिया। दूसरी मंजिल की ऊंचाई सड़क से करीब 35 फुट रही होगी। सिर में गंभीर चोट लगने से काफी खून बह चुका था। मृतक की पहचान मुकेश जैन पुत्र सुरेंद्र जैन निवासी पीएल शर्मा रोड मेरठ के रूप में हुई। वे कपड़े का काम करते थे। मृतक की जेब से एक मोबाइल मिला।

## मेवाड़ में ब्रहमाकुमारीज का अतिथि व्याख्यान आयोजित



**गाजियाबाद।** ब्रहमाकुमारीज मेडिकल विंग के सक्रिय सदस्य एवं सीनियर डॉक्टर मनोज मतनानी ने कहा कि भावनाएं परेशान करती हैं, जो नियंत्रित न होने पर अपराध की ओर धकेलती हैं। इसलिए इन पर नियंत्रण पाकर अपनी अंदरूनी शक्ति को बढ़ाना चाहिए। अंदरूनी शक्ति सकारात्मकता बढ़ाती है। वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के विवेकानंद सभागार में विद्यार्थियों और मेवाड़ परिवार के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। 'भावनाओं को संभालना और सकारात्मक शक्ति को बढ़ाना' विषय पर वह अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। डॉक्टर मतनानी के अनुसार माइंड की फुल फार्म होती है 'माई इनर नॉइजी डेविल'। उन्होंने कहा कि अब 'नॉइजी डेविल' को 'नॉबेल डॉक्टर' में बदलने की जरूरत है। इसके लिए मन और बुद्धि की एकाग्रता आवश्यक है। एकाग्रता के लिए ध्यान यानी मेडिटेशन करना चाहिए। इससे भावनाओं पर नियंत्रण होगा और सकारात्मक शक्ति बढ़ेगी। उन्होंने अनेक उदाहरणों के माध्यम से अपनी बात विषयानुकूल साबित की। उन्होंने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को दस मिनट के लिए मेडिटेशन भी कराया। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने डॉ. मतनानी को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया और अंत में सभी का आभार जताया। इस अवसर पर ब्रहमाकुमारीज से बहन लक्ष्मी भी मौजूद रहीं।

# दिल्ली के गांवो की पंचायत बहाल की जाए



नई दिल्ली। दिल्ली के गांवो पर बेबुनियाद थोपे जा रहे कानून व नियमों व ग्रामीणों को अधिकार से वंचित रखने व दिल्ली देहात, गांव, किसानों पर मुगल काल और अंग्रेजों के जैसा व्यवहार करने के विरोध में दिल्ली पंचायत संघ की ऐतिहासिक पांडव कालीन शिव मंदिर गांव मादीपुर मैं पंचायत हुई।

पंचायत कृष्णानंद शर्मा की अध्यक्षता मे हुई। इसमें पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने प्रस्ताव रखा। इस पर पूर्व परिवहन मंत्री देवेंद्र सिंह शौकीन, पूर्व विधायक विजय लोचाव, पूर्व विधायक जीतराम सोलंकी, दयानंद वत्स, राजनेता कृष्ण पाल गहलोत ने अपने विचार रखें।28 गांव खाप तिहाड़ गांव अध्यक्ष राकेश चौधरी, बवाना बावनी के प्रवीण नंबरदार, सत्यशोधक समाज के अध्यक्ष वेद प्रकाश तंवर आदि ने समर्थन कर प्रस्ताव पास किया। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा की इसमे : दिल्ली के गांवो की पंचायत बहाल की जाए। ताकि गांव वाले अपनी समस्याओं का समाधान स्वयं कर सकें। गांवो व किसानों की जमीन के लिए अलग बोर्ड बनाया जाए। जिसका अध्यक्ष दिल्ली देहात व गांव का हो। गांवो को लाल डोरा से मुक्ति मिले। हरियाणा आज लाल डोरा मुक्ति का उत्सव मना रहा है वही दिल्ली के गांव अंग्रेजों के नियम के तहत कैद है। 1950 से लेकर 2010 तक जो कृषि भूमि योजना के तहत अधिग्रहित की गई। उस पर अमल नहीं किया गया खाली पड़ी है। उसे किसानों को वापस किया जाए। एक समान सर्किल रेट बढ़ा कर तुरंत लागू करें। जिसमें किसानों को 30- 40 करोड़ प्रति एकड़ मिले। जिनकी भूमि अधिग्रहण की उस परिवार व उस पर निर्भर परिवार के बच्चों को नौकरी दी जाए। किसानों को अपनी कृषि भूमि विकसित कर बेचने का अधिकार दे। अंग्रेजों द्वारा बनाया अधिग्रहण कानून वापस करें। और तुरंत इसके अनुपालन पर रोक लगे। दूसरी और दिल्ली सरकार व दिल्ली नगर निगम गांव को परेशान ना करें। उनकी समस्या का समाधान करें। इसमें तुरंत गांवो को हाउस टैक्स से मुक्त करे। भवन उपनियम से बाहर करे। सील संपत्तियों को तुरंत खोलें। गांवो को व्यवसायिक श्रेणी में करें। और पीरागढ़ी पंचायत में जो हाउस टैक्स नहीं भरने की घोषणा की गई थी। उसके बाद जिन गांवो में संपत्ति सील की है।उन्हें तुरंत खुलवाया जाए। गांव में पिछले कई वर्षों से जो संपत्ति सील है उन्हें भी खोला जाए। और उन परिवारों को हर्जाना दिया जाए। पूर्व मंत्री देवेंद्र सिंह शौकीन व विजय लोचव ने तुरंत पंचायत बहाल करने, म्यूटेशन शुरू करने, डीडीए द्वारा ग्राम सभा भूमि ना बेचने, हरिजन वेलफेयर व ग्राम पंचायत द्वारा दिए गए प्लाट मालिकों को मालिकाना हक देने की मांग की है।

पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव सह प्रमुख सुनील शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय साहिब सिंह वर्मा द्वारा वर्ष 2000 में गांव देहात व किसानों के विकास को लेकर जो एक लाख हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार को दिया। उस पर तुरंत कार्य करने की मांग की है। पंचायत में उपायुक्त साउथ वेस्ट द्वारा गांव बामरोली में किसने को मुआवजा देने का आदेश दिया था।जिस पर विवाद हो रहा है।उस आदेश के समर्थन में प्रस्ताव पास किया। और डीएम को पूरा समर्थन दिल्ली पंचायत संघ का रहेगा क्योंकि किसी अधिकारी ने दिल्ली गांव व किसान की समस्या व अधिकारों को समझा है। उस पर जल्द ही उनका पंचायत संघ स्वागत करेगी। पंचायत मे इन सभा मांगो को एक माह मे पूरा ना करने पर दिल्ली नगर निगम मुख्यालय का घेराव करने व भारत सरकार द्वारा गांवो को मालिकाना हक व सभी मुद्दो पर काम नही होने पर दिल्ली के केंद्र मे बड़ा आंदोलन करने पर प्रस्ताव पास हुआ।

# 76वें निरंकारी सन्त समागम की भव्य तैयारियां सकुशल सम्पन्न

### संत समागम का शुभारंभ आज से





समालखा। आध्यात्मिक जागृति के अनुपम आयोजन, '76वें वार्षिक तीन दिवसीय निरंकारी संत समागम की तैयारियाँ एक योजनाबद्ध रूप में व्यापक स्तर पर सम्पन्न हो चुकी है। सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी की पावन छत्रछाया में यह दिव्य संत समागम दिनांक 28, 29 एवं 30 अक्तूबर को संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा में भव्यतापूर्वक आयोजित होने जा रहा है जो समस्त संसार में 'सुकून-अंतर्मन' का परिचय देगा। इस पावन संत समागम में देश एवं दूर-देशों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु भक्त सम्मिलित होकर सत्गुरु के दिव्य दर्शन और उनके पावन प्रवचनों से लाभान्वित होंगे।

समागम स्थल पर सभी मैदानों में आगंतुकों हेतु आवश्यक सुविधाएं मुहैया करवाई जा चुकी है। समागम स्थल पर एक विशाल सत्संग समारोह पण्डाल भी बनाया गया है जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के बैठने का प्रबंध किया गया है। सत्संग पण्डाल में भक्तों की सुविधा हेतु अनेक एल.ई.डी. स्क्रीन लगाई गई है जिससे मंच पर होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम को दूर बैठे सभी श्रद्धालुगण स्पष्ट रूप से देखकर समागम का भरपूर आनंद प्राप्त कर पायेंगे। समागम स्थल पर सत्गुरु माता जी प्रतिदिन पहुंचकर सभी भक्तों को अपना पावन आशीर्वाद प्रदान करेंगे जिसका सानिन्ध्य पाकर सभी भक्त आनंद की अनुभूति प्राप्त करेंगे।

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी निरंकारी प्रदर्शनी एवं निरंकारी बाल प्रदर्शनी सभी भक्तों के लिए आर्कषण का केन्द्र बनी हुई है जिसकी विषय-वस्तु मूलतः इस वर्ष के समागम शीर्षक 'सुकुन: अंर्तमन का' पर आधारित है।

समागम स्थल पर चार ग्राउंड बनाए गए हैं। इन सभी ग्राउंडों में भक्तों हेतु रिहायशी टैंटों की व्यवस्था की गई है। साथ ही लंगर की सुविधा के साथ-साथ जलपान हेतु लगभग 22 कैंटीनों का भी प्रबंध किया गया है। प्राथमिक चिकित्सा से लेकर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने हेतु मेडीकल एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी सुचारू रूप से प्रबंध व्यवस्था की गई है। साथ ही लगभग 60 देशों से कॉयरोप्रैक्टिक डॉक्टरों की टीम भी समागम में अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। मिशन के साहित्य की अधिक जानकारी के लिए प्रकाशन विभाग द्वारा विभिन्न स्टॉल भी लगाए गए हैं। श्रद्वालुओं हेतु समागम स्थल पर पार्किंग की उचित व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त भारतीय रेलवे द्वारा लगभग सभी स्टेशन पर आगंतुको हेतु व्यवस्था की गई है।

समागम स्थल के मैदानों में सन्त निरंकारी मंडल के विभिन्न कार्यालयों, सन्त निरंकारी चैरीटेबल फाउंडेशन, समागम संचालन समिति कार्यलय, सेवादल का केन्द्रीय कार्यलय, लेखा-जोखा विभाग, पत्रिका विभाग, ब्रांच प्रशासन, भवन निर्माण और रख रखाव, प्रचार विभाग, प्रेस एवं पब्लिसिटी विभाग, दूरसंचार तथा रेलवे आरक्षण केन्द्र इत्यादि प्रमुख हैं।

# संपादकीय

## सरकार भूजल दोहन को रोकने के लिए व्यावहारिक और स्थायी समाधान करे

जलवायु परिवर्तन की वजह से अनेक इलाके सूखे का सामना कर रहे हैं, तो कई इलाकों में अतिवृष्टि देखी जा रही है, जिससे जल संचय के पारंपरिक तरीके विफल साबित हो रहे हैं।

भूजल के अतार्किक दोहन को लेकर लंबे समय से चिंता जताई जाती रही है। इस पर समय रहते रोक लगाने के सुझाव भी दिए जाते रहे हैं। मगर हकीकत यह है कि इस दिशा में अभी तक कोई व्यावहारिक कदम नहीं उठाया जा सका है या जो कदम उठाए भी गए वे कारगर साबित नहीं हो पाए हैं।

इसी का परिणाम है कि अनेक क्षेत्रों में भूजल का स्तर तेजी से घटा और खतरनाक बिंदु के पार पहुंच गया है। सिंधु और गंगा के इलाकों में भूजल का स्तर जोखिम बिंदु को पार कर चुका है। अब संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि 2025 तक उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में भूजल का गंभीर संकट पैदा हो सकता है। यह क्षेत्र देश के खाद्यान्न का बड़ा हिस्सा पैदा करता है। इसमें हरियाणा और पंजाब धान और गेहूं का सर्वाधिक उत्पादन करते हैं।

जाहिर है, इन इलाकों में भूजल का स्तर जोखिम बिंदु से नीचे चला जाएगा, तो खाद्यान्न उत्पादन बुरी तरह प्रभावित होगा। संयुक्त राष्ट्र विश्वविद्यालय-पर्यावरण और मानव सुरक्षा संस्थान द्वारा प्रकाशित 'अंतरसंबद्ध आपदा जोखिम रिपोर्ट 2023' में कहा गया है कि पंजाब के अठहत्तर फीसद कुएं अतिदोहन का शिकार हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण यह चुनौती और विकट होने की आशंका है।

हालांकि नलकूपों के जरिए भूजल के दोहन पर लगाम लगाने के लिए कई जगहों पर कुछ सख्त कदम भी उठाए गए हैं। खासकर पंजाब और हरियाणा में सरकारें किसानों से लगातार अपील करती रही हैं कि वे मौसम से पहले धान की खेती न करें, भूजल का दोहन कम करें। इसके लिए दंड का भी प्रावधान किया गया।

मगर जब उसका असर नजर नहीं आया तो समय से पहले धान की खेती न करने वाले यानी भूजल का दोहन रोकने में मदद करने वाले किसानों को प्रोत्साहन राशि की भी घोषणा की गई। हालांकि जिस तरह इन इलाकों में भूजल का स्तर निरंतर नीचे जा रहा है, उसमें ये कदम बहुत प्रभावी साबित नहीं हो रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार सत्तर फीसद भूजल का इस्तेमाल खेती के लिए किया जाता है।

ऐसे में खेती-किसानी के तरीके बदलने पर भी जोर दिया जाता रहा है, जिसमें सिंचाई के लिए कम पानी की खपत हो सके। जीन प्रसंस्कृत बीजों वाली फसलों को अधिक पानी की जरूरत होती है, इसलिए अब जैविक खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। मगर अधिक उत्पादन के लोभ में किसान जीन प्रसंस्कृत बीजों का मोह त्याग नहीं पा रहे।

जलवायु परिवर्तन की वजह से अनेक इलाके सूखे का सामना कर रहे हैं, तो कई इलाकों में अतिवृष्टि देखी जा रही है, जिससे जल संचय के पारंपरिक तरीके विफल साबित हो रहे हैं। इस तरह जमीन से जितना पानी खींचा जा रहा है, उतना नीचे नहीं पहुंचाया जा पा रहा। भूजल का स्तर जोखिम वाले बिंदु के नीचे पहुंच रहा है। हालांकि खेती के अलावा भी बहुत सारी औद्योगिक इकाइयों में भूजल का अंधाधुंध दोहन हो रहा है।

उन पर भी काबू करने की मांग उठती रही है। दरअसल, सूखे के समय भूजल बहुत उपयोगी संसाधन साबित होता है। इसलिए जलवायु परिवर्तन की वजह से सूखे के बढ़ते संकट में भूजल के स्तर को बचाने की जरूरत ज्यादा महसूस की जा रही है।

संयुक्त राष्ट्र की ताजा रिपोर्ट के मद्देनजर एक बार फिर सरकारों से अपेक्षा की जाती है कि वे भूजल के अतार्किक दोहन को रोकने के लिए व्यावहारिक और स्थायी उपाय निकालें।

## एक चयनित व्यक्ति को नौकरी के लिए 28 वर्षों तक भटकना पड़ा

चयन प्रक्रिया को ऐसी काहिली, राजनीतिक संकीर्णता और अस्पष्ट नियम-शर्तों में उलझा कर रखने से रोजगार के लिए जद्दोजहद कर रहे युवाओं को ही खमियाजा भुगतना पड़ता है।

सरकारी नौकरियों के लिए चयन प्रक्रिया यों भी जटिल और कई बार बेवजह लंबी होती है। उसके बाद भी नियुक्ति पत्र मिलने, प्रशिक्षण और तैनाती में समय लग जाता है। तिस पर अगर किसी अभ्यर्थी को चयन हो जाने और वरीयता क्रम हासिल करने के बाद कहा जाए कि उसके पास संबंधित पद की अर्हता न होने की वजह से उसकी नियुक्ति रद्द की जाती है, तो उस पर क्या गुजरेगी, समझा जा सकता है।

ऐसे ही एक व्यक्ति का अट्ठाईस वर्ष पहले डाक विभाग में चयन हुआ था, मगर प्रशिक्षण से पहले कहा गया कि उसके पास उचित डिग्री नहीं थी। स्वाभाविक ही उस व्यक्ति ने केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण में गुहार लगाई। करीब चार वर्ष सुनवाई के बाद न्यायाधिकरण ने अभ्यर्थी के पक्ष में फैसला सुनाया। उसके बाद डाक विभाग ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में उस फैसले को चुनौती दी।

करीब सत्रह वर्ष सुनवाई के बाद वहां से भी अभ्यर्थी के पक्ष में फैसला आ गया। तब डाक विभाग ने पुनर्विचार याचिका दायर कर दी। चार वर्ष बाद वह याचिका भी खारिज हो गई। तब डाक विभाग ने सर्वोच्च न्यायालय में अपील की, मगर अब उसने भी साफ कर दिया है कि अभ्यर्थी को नियुक्ति मिलनी चाहिए। अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन अट्ठाईस वर्षों में अभ्यर्थी को किन मानसिक तनावों से गुजरना और कैसे अपना गुजारा चलाना पड़ा होगा।

किसी भी पद के लिए आवेदन मंगाए जाते हैं तो उसके लिए योग्यता और अनुभव आदि से संबंधित नियम और शर्तों का स्पष्ट उल्लेख होता है। आमतौर पर जो अभ्यर्थी उन शर्तों को पूरा करते हैं, वही आवेदन भेजते हैं। इसके बावजूद उन आवेदनों की छंटाई के लिए समिति बनाई जाती है, जो बारीकी से अनिवार्य शर्तों की जांच करती है।

फिर उन्हीं अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षा के लिए बुलाया जाता है, जो अंतिम रूप से विज्ञापित पद की अनिवार्य अर्हता रखते हैं। प्रतियोगी परीक्षा पास कर जाने के बाद भी हालांकि नियुक्ति पत्र देने से पहले अभ्यर्थियों के मूल प्रमाणपत्रों की जांच की जाती है और अगर किसी ने उनमें किसी तरह की धोखाधड़ी की होती है, तो स्वाभाविक ही न सिर्फ उसका नियुक्ति पत्र रोक दिया जाता, बल्कि कई बार उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई भी की जाती है।

मगर डाक विभाग के संबंधित मामले में चयन की अंतिम प्रक्रिया के बाद नियोक्ताओं ने पाया कि अभ्यर्थी ने दसवीं की परीक्षा व्यावसायिक वर्ग से उत्तीर्ण की थी। शर्तों में इसका स्पष्ट उल्लेख नहीं रहा होगा कि ऐसे वर्ग से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। जाहिर है, दोष संबंधित विभाग का था, न कि अभ्यर्थी का।

मगर डाक विभाग की असावधानी की वजह से एक चयनित व्यक्ति को अट्ठाईस वर्षों तक भटकना पड़ा। हालांकि यह कोई अकेला मामला नहीं है, जब चयन की अंतिम प्रक्रिया के बाद भी अभ्यर्थी को इतने लंबे समय तक नियुक्ति पत्र के लिए संघर्ष करना पड़ा। कई राज्यों में राजनीतिक कारणों से किसी पद के लिए चयनित सारे के सारे अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र रोक दिए गए।

उन्हें दुबारा उसी चयन प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। इस तरह अभ्यर्थियों के आठ-दस साल निकल जाते हैं। उनमें से कई युवकों की तो उम्र सीमा पार कर जाती है।

उत्तर प्रदेश और बिहार में ऐसे कई प्रकरण देखे जा चुके हैं। आखिर चयन प्रक्रिया को ऐसी काहिली, राजनीतिक संकीर्णता और अस्पष्ट नियम-शर्तों में उलझा कर रखने से रोजगार के लिए जद्दोजहद कर रहे युवाओं को ही खमियाजा भुगतना पड़ता है।

# बन्दूक-संस्कृति से दागदार होती अमेरिकी छवि



-: ललित गर्ग -

दुनिया में स्वयं को सभ्य एवं स्वयंभू मानने वाले अमरीका में बढ़ रही 'बंदूक संस्कृति' के साथ-साथ लोगों में बढ़ रही असहिष्णुता, हिंसक मनोवृत्ति और आसानी से हथियारों की सहज उपलब्धता का दुष्परिणाम बार-बार होने वाली दुखद घटनाओं के रूप में सामने आना चिन्ताजनक है। अमेरिका में एक हत्यारे ने गोलियां बरसाकर करीब 21 लोगों को मौत की नींद सुला दिया और कई को जख्मी कर दिया है। तीन स्थानों पर गोलीबारी करने के बाद हत्यारा घटनास्थल से भागने में सफल हुआ है। आश्चर्यकारी है कि दुनिया की सबसे दुरस्त एवं सक्षम अमेरिकी पुलिस एक हत्यारे को पकड़ने में इतनी लाचार हो गई कि उसे सहयोग के लिए आम लोगों से अपील करनी पड़ी। हिंसा की बोली बोलने वाला, हिंसा की जमीन में खाद एवं पानी देने वाला, दुनिया में हथियारों की आंधी लाने वाला अमेरिका अब खुद हिंसा का शिकार हो रहा है। अमेरिका की आधुनिक सभ्यता की सबसे बड़ी मुश्किल यही रही है कि यहां हिंसा इतनी सहज बन गयी है कि हर बात का जवाब सिर्फ हिंसा की भाषा में ही दिया जाने लगा। वहां हिंसा का परिवेश इतना मजबूत हो गया है कि वहां की बन्दूक-संस्कृति से वहां के लोग अपने ही घर में बहुत असुरक्षित हो गए थे। अमेरिका को अपनी बिगड़ती छवि के प्रति सजग होना चाहिए क्योंकि यह एक बदनुमा दाग है जो उसकी अन्तर्राष्ट्रीय छवि को आघात लगा रहा है।

दुनिया में बंदूक की संस्कृति को बल देने वाले अमेरिका के लिये अब यह खुद के लिये एक बड़ी समस्या बन चुकी हैं। अमेरिका घृणा, अपराध, हिंसा और बंदूक संस्कृति के गढ़ के रूप में पहचान बना रहा है। किसी सिख या किसी मुस्लिम बच्चे की हत्या हो या किसी अश्वेत पर बर्बरता, अमेरिका की स्थिति लगातार निंदनीय, डरावनी एवं असंतुलित होती जा रही है। कोई भी सामान्य सा दिखने वाला आदमी हथियार लेकर आता है और अनेक लोगों की जान ले लेता है। नवीनतम घटना 25 अक्तूबर को देर रात 'एंड्रोस्कोगिन काऊंटी' के अंतर्गत पडने वाले लेविस्टन में हुई, इस हादसे का सबसे खराब पहलू यह है कि अनेक लोग भगदड़ की वजह से घायल हुए तो अनेक हत्यारे की गोलियों से गहरी नींद सो गये हैं। नरसंहार के कथित आरोपी 40 वर्षीय रॉबर्ट कार्ड को पुलिस ने हथियारबंद और खतरनाक व्यक्ति माना है, पर सवाल है कि क्या वह रातों-रात हत्यारा एवं हिंसक हुआ है? हत्यारा रॉबर्ट कार्ड अमेरिकी सेना से जुड़ा रहा है और आग्नेयास्त्र प्रशिक्षक है। मानसिक अस्वस्थता एवं मनो विकारों से ग्रस्त हत्यारे के खिलाफ अनेक शिकायतें पहले भी मिल चुकी थी, प्रश्न है कि उन्हें क्यों नहीं गंभीरता से लिया गया। अमेरिका में आए दिन ऐसी खबरें आती रही कि किसी सिरफिरे ने अपनी बंदूक से कहीं स्कूल में तो कभी बाजार में अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और उसमें नाहक ही लोग मारे गए। अब तो अमेरिकी बच्चों के हाथों में भी बन्दूकें हैं। इसके पीछे एक बड़ा कारण वहां आम लोगों के लिए हर तरह के बंदूकों की सहज उपलब्धता है और इन बन्दूकों का उपयोग मामूली बातों और



उन्मादग्रस्त होने पर अंधाधुंध गोलीबारी में होता रहा है, जो गहरी चिन्ता का कारण बनता रहा।

आम जन-जीवन में किसी सिरफिरे व्यक्ति की सनक से किसी बड़ी अनहोनी का अन्देशा हमेशा वहां बना रहता है, वहां की आस्थाएं एवं निष्ठाएं इतनी जख्मी हो गयी कि विश्वास जैसा सुरक्षा-कवच मनुष्य-मनुष्य के बीच रहा ही नहीं। साफ चेहरों के भीतर कौन कितना बदसूरत एवं उन्मादी मन समेटे है, कहना कठिन है। अमेरिका की हथियारों की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। अब तो दुनिया के साथ-साथ अमेरिका स्वयं ही इन हथियारों एवं हिंसक मानसिकता का शिकार है। दरअसल, अमेरिका अपने यहां नफरत, मानसिक असंतुलन, विद्रोह एवं असंतोष रोकने के अभियान में नाकाम हो रहा है। एफबीआई की वार्षिक अपराध रिपोर्ट रेखांकित करती है कि बंदूक संस्कृति एवं इससे जुड़ी हिंसा बहुत व्यापक हो गई है। पिछले साल अमेरिका में लगभग पांच लाख हिंसक अपराधों में बंदूकों का इस्तेमाल किया गया था। वर्ष 2020 में बंदूक संस्कृति अमेरिकी बच्चों की मौत का मुख्य कारण बन गई और 2022 में हालात और बदतर हो गए। जान गंवाने वाले बच्चों की संख्या 12 प्रतिशत बढ़ गई। इन हालातों में अमेरिका किस तरह दुनिया का आदर्श बन सकता है। जबकि दुनिया अमेरिकी संस्कृति का अनुसरण करती है, वहीं अमेरिका तमाम देशों की सामाजिक व मानवाधिकार रिपोर्ट जारी करता है। अमेरिका अगर अपनी कथनी-करनी का भेद मिटाने की ओर बढ़े, तो उसके साथ-साथ दुनिया को ज्यादा फायदा होगा।

राजनीतिक प्रेक्षकों के अनुसार अमरीका में 'बंदूक संस्कृति' बढ़ाने में वहां की नकारात्मक राजनीति की बड़ी भूमिका है।

आम जनता तो हथियारों पर अंकुश लगाने के पक्ष में है परंतु अपने निहित स्वार्थों के कारण अमरीका में हथियारों को बढ़ावा देने वाली वहां की सशक्त हथियार लॉबी और राजनीति से जुड़े लोग इस पर अंकुश नहीं लगने देते। जब भी बंदूक संस्कृति पर नियंत्रण करने की बात उठती है तो हथियार रखने के संवैधानिक अधिकार की कट्टर समर्थक मानी जाने वाली 'रिपब्लिकन पार्टी' के नेता और उनके समर्थक इसके विरोध में उतर आते हैं जिनके सामने डैमोक्रेटिक पार्टी बेबस होकर रह जाती है। पिछले साल जून में भारी तादाद में लोगों ने सड़कों पर उतर कर बंदूकों की खरीद-बिक्री से संबंधित कानून को बदलने की मांग की।

जरूरत इस बात की है कि इस समस्या के पीड़ितों को राहत देने के साथ-साथ बंदूकों के खरीददार से लेकर इसके निर्माताओं और बेचने वालों पर भी सख्त कानून के दायरे में लाया जाए। विडम्बना देखिये कि अमेरिका दुनिया का सबसे अधिक शक्तिशाली और सुरक्षित देश है लेकिन उसके नागरिक सबसे अधिक असुरक्षित और भयभीत नागरिक हैं।

वहां की जेलों में आज जितने कैदी हैं, दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं। ऐसे कई वाकये हो चुके हैं कि किसी रेस्तरां, होटल या फिर जमावड़े पर अचानक किसी सिरफिरे ने गोलीबारी शुरू कर दी और बड़ी तादाद में लोग मारे गए।

खुद सरकार की ओर से कराए गए एक अध्ययन में यह तथ्य सामने आया था कि अमेरिका में सत्रह साल से कम उम्र के करीब तेरह सौ बच्चे हर साल बंदूक से घायल होते हैं। अमेरिकी प्रशासन को 'बंदूक संस्कृति' ही नहीं बल्कि हथियार संस्कृति पर भी अंकुश लगाना होगा, अब तो दुनिया को जीने लायक बनाने में उसे अपनी मानसिकता को बदलना होगा। किसी भी संवेदनशील समाज को इस स्थिति को एक गंभीर समस्या के रूप में देखना-समझना चाहिए। यह बेवजह नहीं है कि जिस अमेरिका में ज्यादातर परिवारों के पास अलग-अलग तरह की बंदूकें रही हैं, वहां अब इस हथियार की संस्कृति के खिलाफ आवाजें उठनी शुरू हो गई हैं। देर आये दुरस्त आये की कहावत के अनुसार अमेरिका की आंखे खुले तो अमेरिका के साथ दुनिया को एक शांति एवं अहिंसा का सन्देश जायेगा।

'मन जो चाहे वही करो' की मानसिकता वहां पनपती है जहां इंसानी रिश्तों के मूल्य समाप्त हो चुके होते हैं, जहां व्यक्तिवादी व्यवस्था में बच्चे बड़े होते-होते स्वच्छन्द हो जाते हैं। 'मूड ठीक नहीं' की स्थिति में घटना सिर्फ घटना होती है, वह न सुख देती है और न दुःख। ऐसी स्थिति में आदमी अपनी अनंत शक्तियों को बौना बना देता है। यह दकियानूसी ढंग है भीतर की अस्तव्यस्तता को प्रकट करने का। ऐसे लोगों के पास सही जीने का शिष्ट एवं अहिंसक सलीका नहीं होता। वक्त की पहचान नहीं होती। ऐसे लोगों में मान-मर्यादा, शिष्टाचार, संबंधों की आत्मीयता, शांतिपूर्ण सहजीवन आदि का कोई खास ख्याल नहीं रहता। भौतिक सुख-सुविधाएं ही जीवन का अंतिम लक्ष्य बन जाता है। अमेरिकी नागरिकों में इस तरह का एकाकीपन उनमें गहरी हताशा, तीव्र आक्रोश और विषैले प्रतिशोध का भाव भर रहा है। वे मानसिक तौर पर बीमार हो जाते हैं और अपने पास उपलब्ध खतरनाक एवं घातक बन्दूकों का इस्तेमाल कर हत्याकांड कर बैठते हैं।

## धार्मिक, सामाजिक संघर्ष की विद्रूप ताएं, देश के आर्थिक विकास के अवरोध

आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैंद्य देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं, जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं।

सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाती ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू मुस्लिम जाति संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमां चुका है, वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है।और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं।

जातीय वर्ग संघर्ष और भाषाई विवाद ऐसा मुद्दा रहा है जिससे लगभग एक शताब्दी तक भारत आक्रांत रहा है। आजादी के बाद से ही भाषा विवाद को लेकर कई आंदोलन हुए खासकर दक्षिण भारत राज्यों द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने एवं देश पर हिंदी थोपे जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शनों को प्रोत्साहित किया गया। आज भी विभिन्न राज्यों में भाषाई विवाद एक ज्वलंत एवं संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है, चाहे वह बंगाल हो, तमिलनाडु हो, आंध्र प्रदेश हो, उड़ीसा और महाराष्ट्र में भी भाषाई विवाद अलग-अलग स्तर पर सतह पर पाए गए हैं। समान सिविल संहिता को लेकर बहुसंख्यक संविधान में आक्रोश है दूसरी तरफ अल्पसंख्यक समुदाय इसलिए डरा हुआ है कि कहीं उसकी अपनी अस्मिता एवं पहचान अस्तित्व हीन ना हो जाए। स्वतंत्रता के बाद से यह विकास की मूल धारणा थी कि पंचवर्षीय योजनाओं में वर्ग विहीन समाज में लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष तरीके से समाज का आर्थिक विकास तथा रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकेंगे।

पर स्वतंत्रता के 75 साल के बाद भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में वर्ग विभेद भाषाई विवाद ने अभी भी आर्थिक विकास में कई बाधाएं उत्पन्न की है।

परछाइयों में तेरी रंग मिलाता हूं,
तेरे एहसासों के संग बह जाता हूं।

तेरा एहसास बडा इंद्रधनुषी जानम,,
तेरे ख्यालो में ही गुम रह जाता हूँ।।

तेरे सांसों की खुशबू से इतर
कोई खुशबू नहीं सह पाता हूं ।.

न जाने कितने गुलशनों में भटका,
हसीन तुझसा फूल नहीं चुन पाता हूं।

महकती आ जाओ कभी गरीब खाने,
सारी रतिया आंखों में ही गुजार जाता हूं।

तेरी तसव्वुर से तरबतर हूँ अभी,
तेरे एहसासों से ही फ़ीग जाता हूं।।

बंदीशें तो तुझ पर भी है बहुत, संजीव,
हवाओं में तेरे नाम पैगाम लिख जाता हूं।



संजीव ठाकुर
रायपुर

# पूर्ण युद्ध विराम बनाम मानवीय विराम



संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में वीटो पावर का खेल- अमेरिका रूस दोनों के प्रस्ताव फेल

गाज़ा - इजरायल में बमबारी - यूएनएससी में अमेरिका रूस दोनों ने वीटो की बाज़ी हारी - शह मात का खेल जारी - एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनांनी गोंदिया

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर यह सर्वविदित है कि अमेरिका और रूस दोनों ही अपने आप कोविश्व का बादशाह के रूप में देखते हैं जो सदियों से चला रहा है,चाहे दोनों देशों में अब तक अनेकों राष्ट्रपति बदल गए हैं, पर हर सरकार के दौर में वर्चस्व की जंग जारी रहती है।मेरा मानना है कि शायद उन राजनीतिक पार्टियों के लिए एक राजनीतिक मजबूरी भी है परंतु यह दावेदारी, वर्चस्व की लड़ाई, कभी-कभी मानवता और मानवीय सुरक्षा, सहायता, संवेदनशीलता के लिए भारी पड़ जाती है, जिसका ताजा उदाहरण हम इसराइल-हमास जंग में देख रहे हैं कि कैसे दोनों देशों के नेतृत्व में वर्चस्व की लड़ाई से दुनिया तीन खेमों में बंट गई है जबकि मानवीय मानवता के दृष्टिकोण पर पूरे विश्व को एक होने की जरूरत है। हालांकि इसका उल्लेख अंतरराष्ट्रीय ट्रिटीयों, संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय मंचों के माध्यम से पहले से ही है परंतु इसका पालन सखूती से नहीं किया जाता है। अगर हमास में पूरी मानवीय जरूरात्मरत की चीज़ें ध्वस्त हो चुकी है जो टीवी चैनलों पर ग्राउंड रिपोर्टिंग सारी दुनियां को देखकर पता चल रहा है। परंतु इस मुद्दे पर दिनांक 25 अक्टूबर 2023 को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में दुनियां तीन खेमों में बंटी होने के साफ संकेत मिले, वहीं कूटनीतिक संभावनाएं भी खारिज होते नजर आई जबकि हजारों बेगुनाह लोग मौत के मुंह में समा गए हैं जो क्रम अभी भी जारी है। अमेरिका और सहयोगी देशों ने रूस के प्रस्ताव पूर्ण युद्ध विराम को भी वीटो से खारिज कर दिया तो वहीं रूस चीन व साथियों ने अमेरिका के मानवीय विराम प्रस्ताव को भी खारिज कर दिया। जबकि युद्ध का दायरा विस्तृत होते जा रहा है। थल यानी जमीनी सी तैयार है और एक-दो दिनों में यह कार्रवाई करते हुए दिख रही है निर्दोष जनता जिसका उदाहरण हम अस्पताल पर बमबारी से 500 से अधिक व्यक्तियों के हताहत होने,रहवासी क्षेत्रों में मिसाइल, लाखों लोग विस्पतिक, विस्थापित होनें, मानवता के मूल्य में गिरावट जैसे अनेक संकेतों से हम कर सकते हैं अब जरूरत है पूरे विश्व को एक मत से दुनिया आज को तीसरे युद्ध के मुंह पर खड़ी युद्ध से बचाना हिंसा को रोकना है। चूंकि हिंसा के अनेक रूप हैं, दिनांक 26 अक्टूबर 2023 को अमेरिका में फिर से गोली से 19 नागरिकों के हताहत होने की जानकारी मिली तो वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति का बयान आया कि जी 20 में भारत मध्य एशिया आर्थिक गलियारा से चढ़कर हमास का हमला जैसी बातें सामने आ रही है इसलिए अब युद्ध बंद करने की सख्त जरूरत है, इसलिए आज हम मीडिया में मतलब जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, गाजा इजरायल में बमबारी, अमेरिका रूस दोनों ने वीटो की बाज़ी हारी, शह मात का खेल जारी।

साथियों बात अगर हम 25 अक्टूबर 2023 को यूएनएससी युद्ध विराम की सभा की करें तो, गाजा पट्टी में इजराइल की बमबारी के बीच संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में युद्ध विराम पर एक बार फिर सहमति नहीं बन पाई। बुधवार को हुई बैठक में अमेरिका और रूस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में दो अलग-अलग प्रस्ताव दिए, लेकिन दोनों खारिज हो गए। मिडिल ईस्ट में इजरायल और हमास के बीच जारी युद्ध को लेकर रूस और चीन ने अमेरिका द्वारा तैयार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव को वीटो कर दिया है। महासभा ने पहले ही गुरुवार को फिलिस्तीन पर 104 देशों के साथ एक आपातकालीन सत्र तय किया था औरफिलिस्तीन और यूरोपीय संघ ने बोलने के लिए बुधवार शाम तक हस्ताक्षर किए थे। (भारत वक्ताओं की सूची में नहीं था।इसमें युद्धविराम के लिए एक प्रस्ताव पारित होने की संभावना थी, जो केवल प्रतीकात्मक होगा, क्योंकि इसके पास परिषद के समान प्रवर्तन शक्तियां नहीं हैं।अमेरिकी स्थायी प्रतिनिधि ने मॉस्को पर बुरे विश्वास में कार्य करने और अंतिम क्षण में बिना परामर्श के कई समस्याग्रस्त वर्गों के साथ प्रस्ताव पेश करने का आरोप लगाया। गाज़ा पट्टी में इजरायल और हमास के बीच जारी जंग पर अमेरिका द्वारा तैयार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव पर रूस और चीन ने बुधवार को वीटो कर दिया है. मसौदे का उद्देश्य गाजा में बिगड़ते मानवीय संकट को संबोधित करना था, जिसमें सहायता पहुंच की अनुमति देने के लिए हिंसा को रोकने का आह्वान किया गया था. संयुक्त अरब अमीरात ने भी नहीं में मतदान किया, जबकि 10 सदस्यों ने पक्ष में मतदान किया और दो अनुपस्थित रहे.जानकारी के मुताबिक, मिडिल ईस्ट में इजरायल और हमास के बीच जारी युद्ध को लेकर रूस और चीन ने अमेरिका द्वारा तैयार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव को वीटो कर दिया है, जबकि रूस अपने प्रस्ताव को पास करने के लिए फेल हो गया. न्यूज एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, गाजा पट्टी में इजराइल की बमबारी के बीच संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में युद्ध विराम पर एक बार फिर सहमति नहीं बन पाई, बुधवार को हुई बैठक में अमेरिका और रूस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में दो अलग-अलग प्रस्ताव दिए, लेकिन दोनों खारिज हो गए।

अमेरिका ने जहां रूस के प्रस्ताव के खिलाफ वीटो किया वहीं, चीन और रूस ने अमेरिका के प्रस्ताव को पर अपनी वीटो की शक्ति का उपयोग करते हुए खारिज कर दिया। रूस के युद्धविराम के प्रस्ताव पर दोस्त चीन ने दिया साथ वहीं, गाजा में युद्धविराम का आह्वान करने वाले रूस के प्रस्ताव के पक्ष में चार वोट पड़े, जिनमें रूस और चीन भी शामिल हैं। अमेरिका और ब्रिटेन ने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया, जबकि नौ अन्य सदस्य अनुपस्थित रहे। रूसी प्रस्ताव को मंजूरी के लिए पर्याप्त वोट मिलने की स्थिति में अमेरिका इस पर वीटो कर सकता था।

साथियों बात अगर हम अमेरिका का का प्रस्ताव खारिज होने पर इजरायल की प्रतिक्रिया की करें तो, अमेरिका का प्रस्ताव खारिज होने के बाद संयुक्त राष्ट्र में इस्राइल ने कहा कि वह अमेरिका और इस परिषद के अन्य सदस्यों को धन्यवाद देना चाहते हैं जिन्होंने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। यह प्रस्ताव स्पष्ट रूप से क्रूर आतंकवादियों की निंदा करता है और सदस्य देशों को आतंक के खिलाफ खुद का बचाव करने का अधिकार देता है।

यह दर्शाता है कि संयुक्त राष्ट्र के हॉल में फैले सभी झूठों के बावजूद, अभी भी ऐसे लोग हैं जो स्वतंत्रता और सुरक्षा के मूल्यों के लिए खड़े हैं।उन्होंने कहा कि इस्राइल में, हम अपने अस्तित्व के लिए लड़ रहे हैं। अगर किसी भी देश में इसी तरह का नरसंहार होता है, तो वो इजराइल की तुलना में कहीं अधिक ताकत के साथ इसका सामना करेगा।

नई दिल्ली
शनिवार 28 अक्टूबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### बलरामपुर: दलित युवक के आत्मदाह के प्रयास मामले में थानाध्यक्ष निलंबित

बलरामपुर। उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले में दलित युवक द्वारा जमीनी विवाद में कार्रवाई न होने से क्षुब्ध होकर थाने के सामने आत्मदाह करने के प्रयास के मामले में गैंडास बुजुर्ग के थानाध्यक्ष को पुलिस अधीक्षक ने तत्काल प्रभाव से शुक्रवार को निलम्बित कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जिले के गैंडास बुजुर्ग थानाक्षेत्र के कस्बा के रहने वाले राम बुझारत (35) ने उसकी जमीन से सटी निर्माणाधीन थाने की दीवार के बनाये जा रहे पिलर्स पर आपत्ति दर्ज कराते हुये थाने में शिकायत की थी। लेकिन उसकी सुनवाई न होने के कारण गत बुधवार को राम बुझारत ने फेसबुक पर लाइव आकर अपनी पीड़ा जाहिर कर पेट्रोल डालकर निर्माणाधीन थाने के सामने स्वयं को आग लगा ली और बुरी तरह झुलस गया। आनन फानन में पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया जहां से चिकित्सकों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया। जहां उसकी हालत गंभीर बतायी गयी है। इस सिलसिले में एसपी केशव कुमार ने जांचोपरांत गैंडास बुजुर्ग के एसओ पवन कुमार कनौजिया को तत्काल प्रभाव से लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया।

### रेलवे लाइन के किनारे शव बरामद

रायबरेली। उत्तर प्रदेश के रायबरेली के शहर इलाके के प्रभु टाउन में रेलवे लाइन के किनारे रविवार सुबह अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद होने से सनसनी फैल गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर अमित कुमार सिंह ने आज बताया कि पुलिस को सुबह करीब 09 बजे सूचना मिली थी कि रेलवे स्टेशन के समीप बसे प्रभु टाउन मोहल्ले में रेलवे लाइन के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव झाड़ियों से बरामद हुआ है। उन्होंने कहा कि मृतक की उम्र करीब 30-35 वर्ष की लगती है, कद करीब 05 फुट और शरीर पर सफेद शर्ट और काला लोवर था। मृतक के शरीर पर खासतौर से सिर पर चोट के निशान भी थे, लगता है किसी ने ईट से सिर पर प्रहार किया है। प्रथम दृष्टया देखने मे हत्या से इंकार नहीं किया जा सकता है। बाकी सही बात पोस्टमार्टम से पता चलेगी। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस व फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और मृतक की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। नियमानुसार शिनाख्त के बाद शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा अथवा शिनाख्त न होने के 72 घण्टे बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पुलिस ने शव की शिनाख्त के लिए आसपास के थानों और सोशल मीडिया आदि पर शव की फोटो भेज दी है, तथा मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सास ने 8 महीने की गर्भवती बहू को मार डाला

**सहारनपुर।** सहारनपुर में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां 55 साल की सास ने 8 महीने की गर्भवती बहू की सिल बट्टा मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद सास ने बहू के मायके वालों को फोन किया। कहा कि सीढ़ी से गिरकर घायल हो गई है। अस्पताल ले जा रही हूं। हालांकि, पुलिस ने मौके पर जांच की तो मामला संदिग्ध निकला। इसके बाद सास को गिरफ्तार कर लिया। सास ने गुनाह कबूल कर लिया। कहा कि गुस्सा आ गया था। इसलिए, सिर पर सिल बट्टा फेंककर मार दिया। पूरी घटना बुधवार शाम बड़गांव की है। वारदात के वक्त घर में सास रेखा और बहू स्वाति (35) थी। जबकि बेटा हरिओम बाहर था। इसी दौरान सास-बहू के बीच में विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो सास ने बहू के सिर पर सिल बट्टा मार दिया। बहू अचेत होकर गिर गई तो सास घबरा गई। उसने तुरंत मोहल्ले के लोगों को बुलाया। कहा कि बहू सीढ़ियों से गिरकर घायल हो गई है। आस-पास के लोगों ने बेटे को यह जानकारी दी। पत्नी के घायल होने की सूचना मिलते ही बेटा भागता-दौड़ता मौके पर पहुंचा। वह पत्नी को पहले मुजफ्फरनगर ले गया।

### बीच सड़क दौड़ाकर पत्नी का गला रेता

वाराणसी। वाराणसी में पति ने बीच सड़क पत्नी का गला रेत दिया। हमले के बाद पत्नी चिल्लाई तो भीड़ ने आरोपी पति को पकड़ लिया। उसकी जमकर पिटाई की। बाइक तोड़ दी। भीड़ से बचने के लिए पति ने जिस चाकू से पत्नी का गला रेता था, उसी से खुद का गला भी रेत लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पति-पत्नी को कबीरचौरा अस्पताल में एडमिट कराया है। वहां से पत्नी को बीएचयू के लिए रेफर कर दिया गया। पति ने अपनी बर्थडे के दिन वारदात को अंजाम दिया है। पति का नाम कुंदन विश्वकर्मा जबकि पत्नी का नाम नेहा है। पूरी घटना गुरुवार रात शिवपुर की है। नेहा और कुंदन में दो महीने पहले विवाद हुआ था। इसके बाद पति से अलग होकर नेहा वाराणसी में रहने लगी थी। वह यहां सरस्वती वस्त्रालय में काम करती थी। जबकि कुंदन का घर बिहार बॉर्डर से सटा हुआ मुगलसराय था। वह भी वाराणसी में एक मेडिकल स्टोर में नौकरी करता था। वहां से रोजाना अप-डाउन करता था। गुरुवार को कुंदन का बर्थडे था। वह पत्नी को मनाने के लिए वाराणसी पहुंचा।

### मकान के पिलर पर लटका मिला महिला का शव

इटावा। इटावा में एक महिला का शव दो मंजिला मकान के पिलर पर लटका हुआ मिला। उसकी 10 महीने पहले ही शादी हुई थी। महिला के मायकेवालों ने पति और ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। पति समेत अन्य ससुराल वालों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। घटनास्थल पर पुलिस अधिकारियों के साथ फोरेंसिक टीम भी जांच में जुटी है। स्कसिटी कपिल देव सिंह ने मामले में जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कही है। मामला थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र का है। शांति कॉलोनी आरती यादव (30) की शादी 10 महीने पहले स्वप्निल उर्फ गोलू से हुई थी। आरती के पति ने स्वप्निल ने बी. फार्मा का कोर्स किया है। इसके बावजूद वह कोई काम नहीं करता था। वह आरती से लगातार पैसों की डिमांड करता था। उससे मारपीट करने के साथ दूसरी शादी करने की भी धमकी देता रहता था। शुक्रवार सुबह आरती का शव उसी की ससुराल में दो मंजिला इमारत के पिलर से साड़ी के फंदे पर लटकता मिला।

### जुआ में रकम हारा तो युवक ने किया सुसाइड

**झांसी।** झांसी में एक युवक ने सुसाइड कर लिया। बड़े भाई का कहना है कि युवक जुआ में बड़ी रकम हार गया था। इस वजह से उसने फांसी लगाई है। इससे पहले तीन बार घरवाले जुआ का कर्ज उतार चुके थे। चौथी बार उसने कर्ज लेकर जुआ खेला तो फिर हार गया। मौत के बाद घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शुक्रवार को पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। अब पूरे मामले की जांच की जा रही है। मृतक का नाम देवेंद्र वर्मा उर्फ बंटी (26) पुत्र प्रकाश वर्मा था। वह कोतवाली थाना क्षेत्र के उन्नाव गेट बाहर का रहने वाला था। मृतक के बड़े भाई राहुल ने बताया कि मेरा भाई देवेंद्र आपे (ऑटो) चलता था। पिछले तीन दिनों से वह ऑटो चलाने नहीं जा रहा था। बड़े भाई लव कुश की पत्नी की दो दिन पहले मेडिकल कॉलेज में डिलीवरी हुई थी। इसलिए परिवार के सभी लोग मेडिकल कॉलेज में थे। गुरुवार शाम को देवेंद्र घर पर अकेला था। इस दौरान उसने ऊपर वाले कमरे में जाकर पंखे के कुंडे पर रस्सी से फंदा बनाकर फांसी लगा ली।

### हमीरपुर में युवती ने फांसी लगाकर दी जान

हमीरपुर। हमीरपुर सदर कोतवाली कस्बे में आज एक युवती ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली है। परिजनों की नजर जब फांसी पर लटकी बेटी पर पड़ी तो वहां हड़कंप मच गया और लोग आनन-फानन में उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पूछताछ और जांच पड़ताल करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवती द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सदर कोतवाली इलाके में कालपी चौराहे का है। यहां 18 वर्षीय मोनिका नाम की एक युवती ने आज अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। परिजनों ने जब उसे फांसी पर लटके देखा तो आनन-फानन में उसे फंदे से उतारकर अस्पताल लेकर भागे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल परिजन आत्महत्या के कारणों के बारे में कुछ भी बता नहीं पा रहे हैं। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# प्रदूषण की जगह आय का स्त्रोत बनेगी पराली, सीएनजी और जैविक खाद के उत्पादन से सुधरेगी सेहत

## सीएम योगी की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश में वेस्ट से ग्रीन एनर्जी बनाने की दिशा में तेजी से चल रहा काम

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण से जल्द निजात मिलेगी। यही नहीं, प्रदेश में पराली से कंप्रेस्ड गैस (सीएनजी) का उत्पादन होगा, जिससे आय के साथ-साथ बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार भी मिलेगा। इसके साथ ही शुद्ध जैविक खाद (ग्रीन एनर्जी) का भी उत्पादन होगा, जिसके इस्तेमाल से होने वाली पैदावार के सेवन से बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित हो सकेगा। दरअसल, सीएम योगी ने प्रदेश में जैव ऊर्जा को प्रोत्साहित करने के लिए जैव ऊर्जा नीति 2022 को जारी किया था। इस नीति के तहत बड़े पैमाने पर निवेश का लक्ष्य रखा गया था। कई बड़े निवेशकों ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रदेश सरकार के साथ एमओयू किया था, जो अब धरातल पर उतरने जा रहा है। योगी सरकार ने हर तहसील में बायोगैस प्लांट का लक्ष्य रखा था, जिसमें से कुछ जल्द ही शुरू होने को तैयार हैं।

### 100 लोगों को मिलेगा रोजगार

जो प्लांट शुरू होने को तैयार हैं उनमें बुलंदशहर का बुलंद बायोगैस भी है, जिसकी स्थापना ग्राम लौहगला तहसील में हो रही है। बुलंद बायोगैस ने प्रदेश सरकार के साथ 18.75 करोड़ रुपए का एमओयू किया था, जिसकी कॉस्ट बढ़कर अब 21 करोड़ रुपए हो गई है। यह प्लांट दिसंबर में अपना उत्पादन शुरू कर देगा। इस प्लांट से प्रतिदिन 3 टन सीएनजी का उत्पादन होगा, जिससे प्रदेश में पेट्रोल-डीजल पर निर्भरता कम होगी। वहीं 80 से 100 लोगों को रोजगार भी मिलेगा। इनमें स्किल्ड और अनस्किल्ड दोनों तरह के लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। बुलंद बायो गैस के ओनर अतहर अहमद ने बताया कि प्लांट में सिर्फ पराली ही नहीं, बल्कि पुआल,गोबर, भूसा, गन्ने की मैली, म्युनिसिपल वेस्ट




जैसे डिग्रेडेबल वेस्ट से कंप्रेस्ड बायोगैस या ये कहें कि सारी गैसों का मिक्सचर बनता है। इसको टेक्नोलॉजी की मदद से सीएनजी को प्यूरीफाई किया जाता है। इस प्लांट के लिए इंडियन ऑयल से लाइसेंस मिल चुका है।

### जैविक खाद के उत्पादन से शुद्ध होगा खानपान

उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट की सबसे अच्छी बात ये ही इसमें बड़ी मात्रा में जैविक खाद का उत्पादन होगा। कंप्रेस्ड गैस के उत्पादन में जो वेस्ट निकलेगा वो 100 प्रतिशत जैविक होगा। यह वेस्ट सॉलिड भी होगा और लिक्विड भी। जो लिक्विड जैविक खाद होगी प्लांट की ओर से उसे 3 साल तक किसानों को मुफ्त दिया जाएगा। इन किसानों को डीएम या सीडीओ चिन्हित करेंगे। इससे उन किसानों को फायदा होगा जो फर्टिलाइजर, डीएपी, यूरिया नहीं खरीद पाते हैं। जैविक खाद और लिक्विड खाद का ये फायदा है कि खेती उपजाऊ जमीनों में फर्टिलाइजर खादों की एक मोटी लेयर बिछ चुकी है। वह पेड़ पौधों की जड़ों तक पहुंचने में समय लेती है। वहीं, जैविक खाद को इसमें डालेंगे तो यह 2 से 3 घंटे में जड़ तक पहुंच जाएगी। इससे किसानों का तो फायदा होगा ही, साथ ही आम लोगों को भी शुद्ध जैविक फूड मिल सकेगा। शुद्ध खान-पान से लोगों की सेहत को फायदा होगा।

### योगी सरकार की ओर से दी जा रहीं अनेक सुविधाएं

उन्होंने बताया कि योगी सरकार ने इस प्रोजेक्ट को बहुत तेजी से आगे बढ़ाया है और इसके लिए जैव ऊर्जा नीति 2022 लेकर आए। इसके अंदर उन्होंने बहुत सारी सुविधाएं प्रदान कीं। पहली सुविधा ये रही कि जिनके पास एलओआई लाइसेंस आ गए हैं, वो इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकार भी इसमें 75 लाख से लेकर 20 करोड़ रुपए तक अधिकतम सब्सिडी प्रदान कर रही है। यही नहीं, बिजली पर जो सरचार्ज लगता है उसमें 10 साल के लिए छूट दी गई है। स्टांप ड्यूटी में भी 10 साल तक के लिए छूट कर दी गई है तो लैंड डेवलपमेंट चार्जेस को भी 10 साल तक के लिए निशुल्क कर दिया। इसके अलावा मशीनरी पर 50 प्लस 30 यानी कुल 80 परसेंट की छूट दी जा रही है। यही नहीं, रॉ मैटेरियल यानी डिग्रेडेबल वेस्ट की भी व्यवस्था की जा रही है।

इसके लिए गन्ना की मैली के लिए चीनी मिलों से लांग टर्म एग्रीमेंट कराए गए हैं। गोबर के लिए पशुपालन विभाग के द्वारा जितनी भी सरकारी गौशालाएं हैं उनसे एग्रीमेंट कराने की बात कही गई है। यही नहीं, यदि प्रोजेक्ट 50 करोड़ या इससे अधिक का है तो सरकार 5 किमी. की एप्रोच रोड बनाकर दे रही है।

# मुख्तार को 10 साल की सजा 5 लाख जुर्माना

**संवाददाता सुनील कुमार की रिपोर्ट गौरवशाली भारत के लिए**

गाजीपुर। गैंगस्टर मामले में आरोपी मुख्तार अंसारी को अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर तीन एमपी/एमएलए कोर्ट अरविंद कुमार मिश्र की अदालत ने सजा सुना दी है। माफिया मुख्तार अंसारी को 10 साल की सजा और पांच लाख का जुर्माना भरना होगा। दूसरे दोषी सोनू यादव को पांच साल की सजा दो लाख का जुर्माना। बता दें कि गुरुवार को गैंगस्टर मामले में आरोपी मुख्तार अंसारी और उसके शार्गिद सोनू यादव को दोषी करार दिया गया था। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मुख्तार



बांदा जेल से न्यायालय में पेश हुआ जबकि सोनू यादव न्यायालय में मौजूद था। 2009 में करंडा थाना क्षेत्र के सबुआ निवासी कपिलदेव सिंह की हत्या और मुहम्मदाबाद के अमीर हसन की हत्या के प्रयास के मामले को आधार बनाकर मुख्तार अंसारी और सोनू यादव के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत करंडा थाना में मुकदमा दर्ज हुआ था। लंबे समय से इस मामले में सुनवाई चल रही थी। सात अक्तूबर को मुख्तार अंसारी का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए और सोनू यादव का बयान दर्ज हुआ था। इसके बाद बहस के लिए 11 अक्तूबर की तिथि तय की गई थी, लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी। 17 अक्तूबर को अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक शासकीय अधिवक्ता नीरज श्रीवास्तव, मुख्तार अंसारी एवं सोनू यादव के अधिवक्ताओं ने अपना-अपना तर्क प्रस्तुत किया था। बहस सुनने के बाद न्यायालय ने फैसले के लिए तिथि नियत की थी। न्यायालय ने 26 अक्तूबर, गुरुवार शाम चार बजे निर्णय सुनाते हुए मुख्तार अंसारी और सोनू यादव को गैंगस्टर एक्ट के तहत दोषी पाया। साथ ही सजा की बिंदु पर सुनवाई और सजा निर्धारण के लिए 27 अक्तूबर की तिथि तय की थी।

## स्कूल वैन में ट्रक ने मारी टक्कर ,पांच बच्चे व चालक घायल

बरेली। उत्तर प्रदेश में नैनीताल - बरेली मार्ग पर देवरनियां में शुक्रवार सुबह स्कूल वैन में एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे पांच बच्चे और चालक घायल हो गया। बरेली एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने बताया कि बच्चों की हालत खतरे से बाहर है। ट्रक की तलाश की जा रही है, एक टीम लगाई गई है। प्रभारी निरीक्षक थाना देवरनिया देवेंद्र सिंह धामा बताया कि अमायरा (08) निवासी वार्ड 2 देवरनिया क्लास केजी, इनारा (10) निवासी देवरनिया क्लास 05, दोनों घायल बच्चों को चंद्रकांता हॉस्पिटल राजेंद्र नगर बरेली में भर्ती कराया गया है। घायल कुमारी जियानूर (10) निवासी मुड़िया जागीर थाना देवरनिया क्लास तीन और जुनूल अबदीन (10) क्लास एक और ड्राइवर भद्रसेन (40) निवासी कट्ठरा थाना देवरनिया को नवोदय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चालक ट्रक लेकर भगा ले गया।

## बच्चों ने निकाली 'जल ज्ञान यात्रा'



झांसी। उत्तर प्रदेश के झांसी जनपद में बच्चों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक बनाने और जल जीवन मिशन की परियोजाओं में सहभागी बनाने के उद्देश्य से आज जल ज्ञान यात्रा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर जल ज्ञान यात्रा का शुभारंभ किया। हाथों में जल संरक्षण से जुड़े स्लोगन लिए प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने रैली में प्रतिभाग किया।

यात्रा के शुरू होने से पहले जिलाधिकारी ने कहा कि भावी पीढ़ी को जल जीवन मिशन की परियोजनाओं का सहभागी बनाने के लिए उत्तर प्रदेश में जल ज्ञान यात्रा का शुभारंभ किया गया है। इस यात्रा का असल मकसद यह है कि स्कूली बच्चों को अभी से पानी के महत्व के बारे में बताया जाए ताकि जल संरक्षण की भावना बालपन से ही पनप जाए। भूगर्भ जल जागरुकता के माध्यम से भी बच्चों को पानी के महत्व के बारे में बताया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि यात्रा में शामिल बच्चों को गुलारा पेयजल योजना में एसटीपी का भ्रमण करते हुए वॉटर टेस्टिंग लैब भी दिखायी जायेगी जहां पानी टेस्टिंग की भी जानकारी बच्चों को मौके दी जाएगी ताकि शुद्ध पानी के बारे में उन्हें जानकारी मिल सके। इस दौरान बच्चों को पाइप वाटर सप्लाई स्कीम की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त जल संरक्षण, जल प्रबंधन, जल संचयन के बारे में भी बिंदुवार जानकारी दी गई।

## पराली जलाने पर नियंत्रण के लिए कर्मचारियों की लगी ड्यूटी

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले में पराली जलाये जाने से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रण के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी न्याय पंचायत स्तर पर लगाई गई है। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने शुक्रवार को बताया कि पराली जलाये जाने कारण होने वाले प्रदूषण को नियंत्रण करने हेतु जनपद स्तर पर तथा तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारी के पर्यवेक्षण में सचल दस्ता एवं विकासखण्ड स्तर पर खण्ड विकास अधिकारी के पर्यवेक्षण में गठित किया जा चुका है। जिसके क्रम में कर्मचारियों की ड्यूटी न्याय पंचायत स्तर पर लगाई गई है तथा उन्हें निर्देशित किया गया है कि सम्बन्धित कर्मचारी अपने न्याय पंचायत के समस्त राजस्व ग्रामों में पराली/फसल अपशिष्ट जलाने से रोकने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

## भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। सभी योजनाओं में बिचौलिए उगाही करते है। इस सबकी जानकारी होते हुए भी सरकार की आंखे बंद हैं। यादव ने कहा कि ताजा मामला कन्नौज का है। जहां प्रधानमंत्री आवास योजना में भ्रष्टाचार के कारण युवती ने सुसाइड कर लिया। प्रधानमंत्री आवास के नाम पर कन्नौज की तिर्वा निवासी सोनम



को ठगा गया। इस कारण वह बहुत दुःखी थी। भाजपा सरकार की प्रदेश और केन्द्र की योजनाओं में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। बजट की लूट हो रही है। कोई योजना जमीन पर नहीं दिखाई दे रही है।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं ध्वस्त है। सरकार जनता के डेंगू, मलेरिया बुखार तक का इलाज उपलब्ध नहीं करा पा रही है।

अस्पतालों में दवाए और अन्य सुविधाएं नहीं है। जनता परेशान और बेहाल है। सरकार पिछले छह साल से गड्ढ़ामुक्त योजना चला रही है लेकिन सड़कों के गड्ढे नहीं खत्म हो रहे है। गड्ढ़ा मुक्त योजना के नाम पर कई हजार करोड़ रूपए बजट की लूट हो गई है लेकिन सड़कों की हालत बद से बदतर होती जा रही है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार इस कदर बढ़ गया है कि अब मामला सरकारी बजट की लूट से आगे बढ़कर आम जनता को लूटा और ठगा जा रहा है। भाजपा राज में योजनाओं का हल्ला ज्यादा है, लोगों को लाभ नहीं हो रहा है। जनता का हर वर्ग उत्पीड़न का शिकार है। भ्रष्टाचार से आम जनता त्राहि-त्राहि कर रही है।

## महोबा में ट्रॉमा सेंटर स्थापना को मिली शासन से स्वीकृति

महोबा। उत्तर प्रदेश सरकार ने बुंदेलखंड में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए महोबा जिले में ट्रामा सेंटर की स्थापना को स्वीकृति प्रदान की है।

सूबे के उपमुख्यमंत्री व चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने यह जानकारी ट्वीट करके दी है। उन्होंने बताया कि महोबा में 13455.06 करोड़ रुपये की लागत से 200 बेड के ट्रामा सेंटर की स्थापना को मंजूरी प्रदान की गई है। इसके लिए पहली किस्त के रूप में 10 करोड़ रुपये की धनराशि अवमुक्त भी कर दी गई है। अधिकारियों से ट्रामा सेंटर के निर्माण कार्य को अति शीघ्र शुरू कराने को




कहा गया है ताकि क्षेत्रीय लोगों को इसका लाभ जल्दी हासिल हो सके।

उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि महोबा में ट्रामा सेंटर स्थापित होने से समूचे बुंदेलखंड को लाभ होगा। मध्य प्रदेश की सीमा से जुड़ा होने के साथ ही महोबा बुंदेलखंड क्षेत्र में मध्य में स्थित है। यहां से कानपुर.सागर और झांसी.मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग के अतिरिक्त बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे भी गुजरता है। अभी इस क्षेत्र के लोगों को चिकित्सा एवम स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए झांसी, कानपुर और लखनऊ आदि पर निर्भर रहना पड़ता है। ट्रामा सेंटर बन जाने के बाद इस दुर्घटना बहुल क्षेत्र के निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि महोबा जिले में बदहाल चिकित्सा एवम स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की मांग को लेकर पिछले काफी समय से जन आंदोलन किया जा रहा है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की मांग को लेकर बुंदेली समाज के कार्यकर्ताओं ने 26 से अधिक बार अपने खून से खत लिखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजे है तो स्कूली छात्र.छात्राओं ओर नागरिकों ने डेढ़ लाख से अधिक पोस्टकार्ड प्रेषित किये है। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएसन द्वारा इन दिनों यहां शासन से स्वीकृत पीपीपी मॉडल के स्थान पर सरकारी मेडिकल खोले जाने के लिए आंदोलन चलाया जा रहा है। बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर व बार एसोसिएशन के चन्द्र शेखर स्वर्णकार एडवोकेट ने ट्रामा सेंटर स्थापना के सरकार के निर्णय पर सन्तोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इतने भर से क्षेत्र में चिकित्सा एवम स्वास्थ्य सुविधाओं का दुरुस्त हो पाना सम्भव नहीं है।

## छेड़खानी को लेकर दो पक्षों में विवाद में खूनी संघर्ष, चार घायल

**भदोही।** उत्तर प्रदेश में भदोही जिले के गोपीगंज नगर के अंजही महाल में शुक्रवार को कबूतर मंदिर के पास छेड़खानी को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद में चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कबूतर मंदिर के पास छेड़खानी को लेकर हुए विवाद में पिटाई से आक्रोशित दर्जन भर लोगों ने धावा बोलकर चार लोगों को लहुलुहान कर दिया। बताया जाता है कि भिखारीपुर के दो युवक अंजही मोहाल की ओर आ रहे थे। कबूतर नाथ मंदिर के पास छेड़खानी को लेकर भगवतपुर के कुछ युवकों से उनका विवाद हो गया, जिसमें उनकी पिटाई कर दी गई थी। पिटाई से आक्रोशित युवक गांव पहुंचे, जहां से लगभग दर्जन भर लोग केड़वरिया पहुंचे, जहां गुब्बारा आदि बेच रहे भगवतपुर के लोगों को मारपीट कर लहूलुहान कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि लोगों ने इस दौरान चाकू का खुलकर प्रयोग किया। घटना में मोहम्मद तौफीक (29), आफताब आलम (16), वाजिद अली (16) व मोहम्मद रईस अंसारी (22) निवासी भगवतपुर घायल हो गए।

## डॉक्टर के नाबालिग बेटे ने दो को रौंदा, मौत

कानपुर। कानपुर में गंगा बैराज पर रफ्तार के कहर ने दो लोगों की जान ले ली। एक डॉक्टर का नाबालिग बेटा कार दौड़ा रहा था। उसने सड़क किनारे लगीं 6 दुकानों पर कार चढ़ा दी। इसमें मैगी की दुकान में काम करने वाले उसी के हमउम्र दो लड़कों को भी टक्कर लग गई। इस हादसे में 1 लड़के ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि दूसरे की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। वारदात के समय कार में 5 नाबालिग सवार थे। गुस्साए गांव वालों और दुकानदारों ने कार सवारों को पहले पीटा और फिर पुलिस को सौंप दिया। घटना के बाद से मृतक के परिजन ने शुक्रवार को सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घरवालों को समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने एक न सुनी। वे अभी भी धरने पर बैठे हैं। आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। कांशीराम नगर में रहने वाले मेवालाल का बेटा सागर (16) गंगा बैराज स्थित मैगी पॉइंट में काम करता था। मेवालाल ने बताया कि गुरुवार देर रात उन्नाव की तरफ से तेज रफ्तार कार गंगा बैराज की ओर जा रही थी।

## टीचर ने डंडा मारा, तो छात्र ने गोली मारी

कानपुर। कानपुर में एक निजी स्कूल के बाहर 10वीं के छात्र ने अपने टीचर पर गोली चला दी। टीचर के गले पर गोली के छर्रे लगे हैं। साथ ही, एक 10वीं क्लास की छात्रा भी घायल हुई है। छात्र अपने चचेरे भाई के साथ टीचर पर हमला करने आया था। चचेरा भाई 11वीं क्लास में पढ़ता है। दोनों नाबालिग हैं। हमला करने के बाद मौके से भाग गए। कॉलेज गेट पर फायरिंग होने के चलते वहां भगदड़ मच गई। स्कूली बच्चों ने भागकर जान बचाई। मौके पर पहुंची पुलिस ने नाबालिग छात्रों के खिलाफ केस दर्ज किया है। यह पूरा मामला शुक्रवार का कानपुर के चौबेपुर के भजनलाल इंस्टीट्यूट का है।

## रायबरेली : नगर पालिका परिषद के खाते से तीन करोड़ की रकम साफ

रायबरेली। उत्तर प्रदेश के रायबरेली में साइबर अपराधियों ने नगर पालिका परिषद के खाते से तीन करोड़ से अधिक रुपये उड़ा दिए, पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस सूत्रों से शुक्रवार को मिली जानकारी के अनुसार साइबर अपराधियों ने महज एक दिन में नगर पालिका परिषद के खाते से सवा तीन करोड़ रुपये दूसरे खातों में ट्रांसफर कर दिया। जानकारी मिलते हुए पालिका अफसरों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में अधिशासी अधिकारी ने मामले की तहरीर सदर कोतवाली में दी। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। नगर पालिका की ओर से कोतवाली में दी तहरीर में उल्लेख किया फ्राड एक्टीविटी के माध्यम से नगर पालिका परिषद के एकाउंट से तीन करोड़ 22 लाख से अधिक रुपये दूसरे खातों में भेज दिया गया था। इसमें अलग-अलग फर्मों में तीन बार में उक्त धनराशि भेजा गया। यह गड़बड़ी आईसीआईसीआई बैंक मुख्य ब्रांच के खाते से किया गया है। उधर नगर पालिका परिषद के चैयरमैन शत्रुघ्न सोनकर ने आज बताया कि इस मामले में बाहर के एक व्यक्ति के शामिल होने से इंकार नहीं है। यह व्यक्ति पहले भी मोटी रकम की जालसाजी कर चुका है और दोबारा हो सकता है, इसने फिर से लंबा हाथ मार दिया हो। संजय त्यागी ने ईओ की तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मामला पंजीकृत कर लिया है। उन्होंने कहा है कि मामले जांच चल रही है, जल्द ही दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए रकम खातों में वापस कराई जाएगी।

## शार्ट न्यूज

### रिलायंस जियो का दूसरी तिमाही का लाभ 12 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 5058 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली।** रिलायंस जियो ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही में 5058 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दिखाया है जो सालाना आधार पर सालाना आधार पर 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। रिलायंस जियो इन्फोकॉम द्वारा शुक्रवार को जारी दूसरी तिमाही के बिना आडिट किए हुए वित्तीय परिणामों के अनुसार आलोच्य अवधि में उसकी आय सालाना आधार पर 9.9 प्रतिशत बढ़कर 24,750 करोड़ रुपये रही ।पिछले वित्त वर्ष कंपनी ने इसी तिमाही में 22,633 करोड़ रुपये की आय दर्ज की थी। इस दौरान कंपनी का खर्च सालाना आधार पर 9 प्रतिशत बढ़कर 18,063 करोड़ रुपये रहा। कंपनी की तिमाही रिपोर्ट के अनुसार उसका कर और अन्य प्रावधानों से पूर्व का कामकाजी मुनाफा दूसरी तिमाही में 12,953 करोड़ रुपये रहा। जबकि पिछले साल इसी दौरान परिचालन लाभ 12,578 रूपये था। कंपनी का ऑपरेटिंग मार्जिन आलोच्य तिमाही में 26.4 प्रतिशत रहा पिछले साल के लगभग बराबर ही है ।इस दौरान कंपनी का लाभ का मार्जिन 17.40 प्रतिशत रहा।

### रिलायंस इंडस्ट्रीज का मुनाफा 27 प्रतिशत उछला

मुंबई। अरबपति मुकेश अंबानी की तेल, दूरसंचार , रिटेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली प्रमुख कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही में 17394 करोड़ रुपये का सकल लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 13656 करोड़ रुपये की तुलना में 27 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक के बाद श्री अंबानी ने तिमाही परिणाम को जारी करते हुये कहा कि सभी क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन करने से मुनाफे में यह बढोतरी हुयी है। उन्होंने कहा कि इस तिमाही में कंपनी का कुल राजस्व 234956 करोड़ रुपये रहा है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 232217 करोड़ रुपये रहा था। उन्होंने कहा कि तेल एवं गैस कारोबार में जबरदस्त तेजी लौटी है। इसके साथ ही फैशन, लाइफस्टाइल, किराना और ई कॉमर्स कारोबार में तेजी बढोतरी हुयी है। अंबानी ने कहा कि रिलायंस जियो का इस तिमाही में मुनाफा 12 प्रतिशत बढ़कर 5297 करोड़ रुपये रहा है जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह राशि 4729 करोड़ रुपये रही थी। जियो का सकल राजस्व 31537 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही की तुलना में 10.6 प्रतिशत अधिक है।

### किचन अप्लायन्सेज़ की नई आईशेफ रेंज के लिए ऊषा की रिलायन्स डिजिटल के साथ साझेदारी

नयी दिल्ली। कन्ज़्यूमर ड्यूरेबल्स ब्रांड ऊषा इंटरनेशनल ने अपनी नयी कियन अप्लायंसेज रेंज आईशेफ को रिलायन्स डिजिटल के साथ साझेदारी कर लाँच करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि नई प्रीमियम आईशेफ रेंज के तहत पांच आधुनिक किचन अप्लायन्सेज़ का लॉन्च किया गया है। नई लॉन्च की गई आईशेफ रेंज दिल्ली-एनसीआर (नोएडा, गाज़ियाबाद, गुरूग्राम) और साउथ दिल्ली में 7 रिलायन्स डिजिटल रीटेल स्टोरों में उपलब्ध होगी। उसने कहा कि आज के उपभोक्ताओं को आधुनिक कुकिंग टेक्नोलॉजी एवं सदाबहार डिज़ाइन उपलब्ध कराने के लिए डिज़ाइन की गई यह प्रोडक्ट रेंज ऐसे आधुनिक समाधान लेकर आती है, जो उनके लिए कुकिंग के अनुभव को कहीं आसान एवं बेहतर बना देते हैं। नए लॉन्च किए गए प्रोडक्ट्स देश के प्रमुख शहरों जैसे दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, बैंगलोर, हैदराबाद, चेन्नई, कोलकाता, मैंगलोर, चण्डीगढ़, कानपुर, लखनऊ और विशाखापत्तनम स्थित चुनिंदा रिलायन्स डिजिटल स्टोरों में उपलब्ध होंगे।

### अगले महीने शुरू होगी एयरटेल की उपग्रह आधारित संचार सेवायें : मित्तल

नयी दिल्ली । दूरसंचार सेवायें देने वाली प्रमुख कंपनी भारती एयरटेल ने अगले महीने देश के दूरस्थ क्षेत्रों में उपग्रह आधारित संचार सेवायें शुरू करने की आज घोषणा की। कंपनी के अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल ने आज यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव की मौजूदगी में सातवें इंडिया मोबाइल कांग्रेस के शुभारंभ के मौके पर यह घोषणा करते हुये कहा कि वनवेब सेटलाइट क्युनिकेशंस सेवा अगले महीने से देश में शुरू होने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से वैश्विक स्तर पर भी सेवायें दी जा सकेगी। मित्तल ने कहा कि पिछले वर्ष देश में 5 जी सेवा की शुरूआत की गयी थी और एयरटेल ने देश में पांच हजार शहरों और 20 हजार गांवों में यह सेवा अब तक शुरू कर चुकी है। मार्च 2024 तक पूरे देश में कंपनी की यह सेवा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि एयरटेल यूनिवर्सल सर्विसेस ऑबलिगेशन फंड के माध्यम से सीमावर्ती और दूरस्थ क्षेत्रों में भी सेवायें पहुंचा रही है लेकिन अब उपग्रह आधारित संचार के माध्यम से ये सेवायें उपलब्ध होगी।

### आईओबी का मुनाफा 25 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली । सावर्जनिक क्षेत्र के प्रमुख बैंक इंडियन ओवरसी बैंक (आईओबी) ने चालू वित्त वर्ष की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही में 625 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 501 करोड़ रुपये की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक है। बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ अजय कुमार श्रीवास्तव ने आज निदेशक मंडल की बैठक के बाद वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में तिमाही परिणाम जारी करते हुये कहा कि सितंबर 2023 को समाप्त तिमाही में बैंक की शुद्ध ब्याज आय 2345.9 करोड़ रुपये रही है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 20.1 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि इस तिमाही में बैंक के सकल एनपीए में 239 आधार अंकों का सुधार हुआ है और यह कम होकर 4.74 प्रतिशत पर आ गया है। इसी तरह से शुद्ध एनपीए भी पहली तिमाही के 1.44 प्रतिशत की तुलना में कम होकर सितंबर तिमाहिी में 0.68 प्रतिशत पर आ गया है।

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.4 अरब डॉलर घटकर 583.5 अरब डॉलर पर

मुंबई । विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में कमी आने से 20 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.4 अरब डॉलर घटकर 583.5 अरब डॉलर रह गया वहीं इसके पिछले सप्ताह यह 1.2 अरब डॉलर बढ़कर 585.9 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 20 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.15 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 515.2 अरब डॉलर रह गयी। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.9 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 45.43 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में सात करोड़ डॉलर की कमी आई और यह घटकर 17.9 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 80 लाख डॉलर की बढ़त के साथ 4.9 अरब डॉलर हो गई।

### एक्सिस बैंक और इंडिया एसएमई फोरम ने प्रदान किए 'एसएमई-100' अवार्ड्स

नयी दिल्ली। निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंक एक्सिस बैंक ने इंडिया एसएमई फोरम के साथ साझेदारी में आज इंडिया एसएमई 100 अवार्ड्स के 10वें संस्करण में एसएमई इंडस्ट्री में असाधारण योगदान और उपलब्धियों के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले सूक्ष्म, लघु मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सम्मानित किया। एक्सिस बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ चौधरी की मौजूदगी में ये पुरस्कार प्रदान किये गये। बैंक और इंडिया एसएमई फोरम ने देश भर के 54 मध्यम, 36 लघु और 10 माइक्रो सेगमेंट उद्यमों को पुरस्कार प्रदान किए। ये एमएसएमई ऑटोमोबाइल कम्पोनेंट्स, इंजीनियरिंग प्रोडक्ट्स, फूड प्रोसेसिंग और टैक्सटाइल्स इंडस्ट्री जैसे विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े हुए हैं। विजेताओं की सूची में महाराष्ट्र राज्य का दबदबा रहा और प्रदेश के 15 एमएसएमई ने इस समारोह में पुरस्कार हासिल किए। इसके बाद तमिलनाडु, कर्नाटक, नई दिल्ली और गुजरात का स्थान रहा। इस वर्ष, पुरस्कारों के लिए देश भर से 32,000 से अधिक नामांकन किये गये।

# साइबर सुरक्षा के लिए विनिर्माण में आत्मनिर्भरता जरूरी : मोदी

## प्रगति मैदान के भारत मंडपम में आयोजित तीन दिन के इस सम्मेलन में दूरसंचार , डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं सॉफ्टवेयर उद्योग की कंपनियां शामिल हो रही हैं

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साइबर सुरक्षा के लिए उपकरणों के विनिर्माण में आत्मनिर्भरता के महत्व को रेखांकित करते हुए शुक्रवार को कहा कि भारत की युवा पीढ़ी प्रौद्योगिक क्रांति का नेतृत्व कर रही है और देश 6जी दूरसंचार प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अग्रणी बनने के लिए प्रतिबद्ध है।

मोदी यहां भारत मंडपम में भारत मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी2023) का उद्घाटन कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने देश के 100 विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षा संस्थानों में 5जी ऐप विकास प्रयोगशालाओं का उद्घाटन किए जाने की घोषणा भी की। प्रगति मैदान के भारत मंडपम में आयोजित तीन दिन के इस सम्मेलन में दूरसंचार , डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं सॉफ्टवेयर उद्योग की कंपनियां शामिल हो रही हैं। उद्घाटन समारोह में दूरसंचार क्षेत्र के शीर्ष उद्यमियों ने डिजिटल प्रौद्योगिकी और मेक इन इंडिया के मोदी की सोच की भूरि-भूरि सराहना की।

मोदी ने कहा कि उनकी सरकार चाहती है कि भारत में विकास और संसाधनों का लाभ सभी लोगों और सभी क्षेत्रों को मिले तथा सबको सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिले । उन्होंने कहा कि उनकी नजर में यही सबसे बड़ा सामाजिक न्याय है। मोदी ने इंटरनेट प्रौद्योगिकी पर बढ़ती निर्भरता के वर्तमान दौर में साइबर सिक्योरिटी और इंफ्रास्ट्रक्चर सिक्योरिटी के महत्व को रेखांकित करते हुए शुक्रवार को कहा कि साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नेटवर्क उपकरणों के मामले में आत्मनिर्भरता बहुत जरूरी है। प्रधानमंत्री ने इस सम्मेलन में प्रदर्शित उभरती तकनीक की झांकियां भी देखीं। उन्होंने दिल्ली और आसपास के युवकों को प्रदर्शनी में आने और भविष्य की प्रौद्योगिकी की दिशा देखने और उससे प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

उन्होंने साइबर सुरक्षा के महत्व के बारे में कहा, साइबर सिक्योरिटी तथा इंफ्रास्ट्रक्चर की साइबर सिक्योरिटी कितनी महत्वपूर्ण है ,यह आप सभी जानते हैं। हाल में हुए जी-20 शिखर सम्मेलन में इस विषय पर विशेष रूप से चर्चा हुई और कहा गया कि लोकतांत्रिक समाज को गड़बड़ी पैदा करने वालों से सुरक्षित रखने के लिए साइबर सिक्योरिटी क्षेत्र में सहयोग



जरूरी है। मोदी ने कहा कि निर्माण श्रृंखला में आत्मनिर्भरता का विशेष महत्व है, जब उपकरण राष्ट्र की सीमाओं में बने होंगे तो खतरा काम होगा। उन्होंने कहा कि भारत 2014 के बाद प्रौद्योगिकी और विनिर्माण क्षेत्र में नये आयाम तय कर रहा है उन्होंने कहा कि हम न सिर्फ भारत में तेजी से 5जी का विस्तार कर रहे हैं बल्कि 6जी के क्षेत्र में भी लीडर बनने की दिशा में बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि 21वीं शताब्दी का यह कालखंड भारत की थॉट लीडरशिप (नयी-नयी सोच रखने वाले लोगों) का समय है। हम कुछ क्षेत्रों में थॉट लीडर बने हैं, जैसे यूपीआई हमारी थॉट लीडरशिप नयी सोच का परिणाम है, देश आज डिजिटल भुगतान प्रणाली में पूरी दुनिया का नेतृत्व कर रहा है , इसी तरह कोविड महामारी के समय में टीकाकरण के लिए कोविन हमारी नेतृत्वकारी सोच का नतीजा था।

मोदी ने कहा कि 2014 कोई तारीख नहीं बल्कि भारत में एक बदलाव का प्रतीक है, उल्लेखनीय है कि 2014 के आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार सत्ता में आई। श्री मोदी ने कहा कि भारत न केवल देश में 5जी नेटवर्क का विस्तार कर रहा है, बल्कि 6जी में अग्रणी बनने पर भी बल दे रहा है। 2जी के दौरान हुए घोटाले की ओर इशारा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में शुभारंभ किए गए 4जी नेटवर्क का विकास पूर्ण पारदर्शी तरीके से किया गया है।

उन्होंने विश्वास जताया कि भारत 6जी तकनीक के साथ अग्रणी भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकाल में 4जी का तेजी से विस्तार हुआ और हम पर कोई दाग नहीं लगा। प्रधानमंत्री का इशारा पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के समय कथित 2जी घोटाले की ओर था। उद्घाटन सत्र को इस अवसर पर संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव, संचार राज्य मंत्री देवुसिंह चौहान, रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड के अध्यक्ष आकाश एम अंबानी, भारती एंटरप्राइजेज के अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल , आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला और अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

मोदी ने कहा कि भारत न सिर्फ देश में 5जी नेटवर्क का विस्तार कर रहा है, अपितु 6जी में भी अग्रणी बनने के लिए प्रतिबद्ध है और 'हम प्रत्येक क्षेत्र में लोकतंत्रीकरण की शक्ति में विश्वास रखते हैं।' उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी के माध्यम से एक विकासशील देश को शीघ्रता से एक विकसित देश में बदला जा सकता है भारत का सेमीकंडक्टर मिशन न केवल अपनी घरेलू मांगों बल्कि वैश्विक आवश्यकताओं को भी पूर्ण करने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज हमारा देश तकनीक के विकास में किसी भी विकसित देश से पीछे नहीं है।

दूरसंचार विभाग और सेल्यूलर मोबाइल आपरेटरों के मंच सीओएआई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सीएमआई के इस 7वें संस्करण में %ग्लोबल डिजिटल इनोवेशन% थीम के साथ आयोजित किए जाने वाला इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) एशिया का सबसे बड़ा दूरसंचार, मीडिया और प्रौद्योगिकी मंच है। आईएमसी 2023 का लक्ष्य प्रमुख अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के विकासकर्ता, निर्माता और निर्यातक के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत बनाना है। प्रधानमंत्री ने देशभर के शैक्षणिक संस्थानों को 100 5जी यूज केस लैब्स का उपहार देते हुए कहा कि ये लैब हमारे युवाओं को प्रौद्योगिकी और प्रौद्योगिकी आधारित समाधानों के क्षेत्र में अपने सपनों को साकार करने का बड़ा अवसर प्रदान करेंगे।

# आईएमसी 2023 : नेटवर्क उपकरण में आत्मनिर्भरता के लिए सुरक्षा जरूरी : मोदी

**नयी दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंटरनेट प्रौद्योगिकी पर बढती निर्भरता के वर्तमान दौर में साइबर सिक्योरिटी और इंफ्रास्ट्रक्चर सिक्योरिटी के महत्व को रेखांकित करते हुए शुक्रवार को कहा कि साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नेटवर्क उपकरणों के मामले में आत्मनिर्भरता बहुत जरूरी है।

मोदी शुक्रवार को राजधानी में इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2023 का उद्घाटन कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने देश के 100 विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षा संस्थान में 5जी ऐप विकास प्रयोगशालाओं का उद्घाटन किए जाने की घोषणा भी की ।

प्रगति मैदान के भारत मंडपम में आयोजित तीन दिन के इस सम्मेलन में दूरसंचार , डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं सॉफ्टवेयर उद्योग की कंपनियां भाग ले रही हैं।

प्रधानमंत्री ने इस सम्मेलन में प्रदर्शित



उभरती तकनीक की झांकियां भी देखीं। उन्होंने दिल्ली और आसपास के युवकों को प्रदर्शनी में आने और भविष्य की प्रौद्योगिकी की दिशा देखने और उससे प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

साइबर सुरक्षा के महत्व के बारे में उन्होंने कहा, साइबर सिक्योरिटी तथा इंफ्रास्ट्रक्चर की साइबर सिक्योरिटी कितनी महत्वपूर्ण है ,यह आप सभी जानते हैं। हाल में हुए जी-20 शिखर सम्मेलन में इस विषय पर विशेष रूप से चर्चा हुई और कहा गया की लोकतांत्रिक समाज को गड़बड़ी पैदा करने वालों से सुरक्षित रखने के लिए साइबर सिक्योरिटी क्षेत्र में सहयोग जरूरी है।

मोदी ने कहा कि निर्माण श्रृंखला में आत्मनिर्भरता का विशेष महत्व है जब उपकरण राष्ट्र की सीमाओं में बने होंगे तो खतरा काम होगा।

उन्होंने कहा कि भारत 2014 के बाद प्रौद्योगिकी और विनिर्माण क्षेत्र में नए आयाम तय कर रहा है उन्होंने कहा कि हम न सिर्फ भारत में तेजी से 5जी का विस्तार कर रहे हैं बल्कि सिक्स जी के क्षेत्र में भी लीडर बनने की दिशा में बढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि 21वीं शताब्दी का यह कालखंड भारत की थॉट लीडरशिप (नई-नई सोच रखने वाले लोगों) का समय है। हम कुछ क्षेत्रों में थोट लीडर बने भी हैं जैसे यूपीआई हमारी थॉट लीडरशिप नई सोच का परिणाम है जो आज डिजिटल भुगतान प्रणाली में पूरी दुनिया का नेतृत्व कर रहा है इसी तरह कोविड महामारी के समय में टीकाकरण के लिए कोविन हमारी नेतृत्वकारी सोच का नतीजा था।

मोदी ने कहा कि 2014 कोई तारीख नहीं बल्कि भारत में एक बदलाव का प्रतीक है उल्लेखनीय है कि 2014 के आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार सत्ता में आई। श्री मोदी ने कहा कि हमारे कार्यकाल में 4जी का तेजी से विस्तार हुआ और हम पर कोई दाग नहीं लगा। प्रधानमंत्री का इशारा पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के समय 2जी घोटाले की ओर था। सत्र को उद्घाटन सत्र को दूरसंचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव , रिलायंस जिओ के आकाश अंबानी भारतीय एयरटेल के सुनील भारती मित्र और वोडाफोन आइडिया के प्रमुख कुमार मंगलम बिड़ला ने भी संबोधित किया।

### दूरसंचार क्षेत्र में कुशल श्रमिकों की मांग - आपूर्ति में अंतर 3.8 गुना होने का अनुमान

नयी दिल्ली। दूरसंचार क्षेत्र में आने वाले वर्षों में कुशल श्रमिकों की मांग और आपूर्ति में अंतर में तेजी से वृद्धि होने का अनुमान जताया गया है क्योंकि देश में जिस गति से इस क्षेत्र का विकास हो रहा है उस गति से कुशल कामगार तैयार नहीं हो पा रहे हैं। इस क्षेत्र के लिए भारत के प्रमुख कौशल विकास संस्थान टेलीकॉम सेक्टर स्किल काउंसिल (टीएसएससी) ने भारतीय दूरसंचार क्षेत्र में रोजगार के अवसरों, मांग आपूर्ति के बीच अंतर, दूरसंचार का टेक्नोलॉजी क्षेत्र में सम्मिलन और विभिन्न रोजगार भूमिकाओं में भारत में संभावना का खाका पेश करते हुए ड्रॉप के साथ मिलकर टेलीकॉम टैलेंटइन 5 जी एरा:डिमांड सप्लाई स्किल गैप रिपोर्ट 2023-24 आज जारी की जिसमें कहा गया है कि भारत वर्तमान में 24.1 लाख पेशेवरों की मांग और आपूर्ति के अंतर का समाना कर रहा है और वर्ष 2030 तक इसके 3.8 गुना तक बढ़ने की संभावना है। रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख किया गया है कि सबसे प्रमुख चुनौतियों में से एक चुनौती यह है कि अकादमिक आवश्यकता और उद्योग की मांग के बीच बेमेल की वजह से टेक्नोलॉजी क्षेत्र में कंप्यूटर साइंस, आईटी और गणित में स्नातक केवल 40 प्रतिशत लोग ही रोजगार के योग्य पाये जा रहे हैं। भारतीय दूरसंचार उद्योग में लगे लोगों की कुल संख्या अभी 1.159 करोड़ है जिसमें 29.5 लाख कॉरपोरेट प्रतिभा और 82.4 लाख ब्लूकॉलर नौकरियों में हैं। मांग आपूर्ति अंतर रिपोर्ट आगे इस बात को भी रेखांकित करती है कि शीर्ष सभी 15 स्ट्रीम्स में नेटवर्क ऑपरेशन और मेंटनेंस व प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग में सबसे अधिक कॉरपोरेट प्रतिभाएं हैं, जबकि नेटवर्क ऑपरेशन एवं मेनटेनेंस और सेल्स एवं डिस्ट्रीब्यूशन- सर्विस सेगमेंट में सबसे अधिक ब्लूकॉलर प्रतिभाएं हैं। इस रिपोर्ट को आज यहां इंडिया मोबाइल कांग्रेस में अनलॉकिंग दि पावर ऑफ टेलीकॉम: स्किलिंग फॉर ए कनेक्टेड वर्ल्ड विषय पर एक पैनल में लांच किया गया। रिपोर्ट में अनुमान जताया गया है कि भारत को वर्ष 2025 तक 5 जी केंद्रित उद्योगों खासकर क्लाउड कंप्यूटिंग, रोबोट और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) जैसे क्षेत्रों में 2.2 करोड़ कुशल कामगारों की जरूरत पड़ेगी।

## बेहतर करदाता अनुपालन से बढ़ा प्रत्यक्ष कर संग्रह : सीबीडीटी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आयकर विभाग द्वारा पिछले कुछ वर्षों में करदाताओं के अनुपालन में आसानी और पारदर्शी कर प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए किये गये उपायों से नन्न सिर्फ करदाता अनुपालन में वृद्धि हुयी है बल्कि इससे प्रत्यक्ष कर संग्रह के साथ ही करदाता आधार भी बढ़ा है।

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आज यहां पिछले कुछ वर्षों के आयकर के आंकड़े जारी करते हुये कहा कि व्यक्तिगत करदाताओं द्वारा दाखिल किए गए आईटीआर में निर्धारण वर्ष 2013-14 में 3.36 करोड़ से 90 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो कि निर्धारण वर्ष 2021-22 में 6.37 करोड़ हो गई। व्यक्तिगत करदाताओं की औसत सकल कुल आय में निर्धारण वर्ष 2013-14 से निर्धारण वर्ष 2021-22 तक 56 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई विभिन्न सुधार उपायों के बाद कर आधार के विस्तार के संकेत में, निर्धारण वर्ष 2023-24 के लिए अब तक 7.41 करोड़ आईटीआर दाखिल किए गए, जिनमें 53 लाख नए पहली बार दाखिल करने वाले भी शामिल हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले कुछ वर्षों में आईटीआर दाखिल करने की संख्या में लगातार वृद्धि देखी गई है। व्यक्तिगत करदाताओं द्वारा दाखिल रिटर्न निर्धारण वर्ष 2013-14 में 3.36 करोड़ से बढ़कर निर्धारण वर्ष 2021-22 में 6.37 करोड़ हो गया है, जो कुल मिलाकर 90प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। चालू वित्त वर्ष के दौरान भी, निर्धारण वर्ष 2023-24 के लिए अब तक 7.41 करोड़ रिटर्न दाखिल किए गए हैं, जिनमें 53 लाख नए पहली बार दाखिल करने वाले भी शामिल हैं।

## दूरसंचार उद्योग में प्रतिभाओं की कमी 2030 तक 3.8 गुना बढ़ जाएगी

नयी दिल्ली। दूरसंचार क्षेत्र के लिए भारत के प्रमुख कौशल विकास संस्थान टेलीकॉम सेक्टर स्किल काउंसिल (टीएसएससी) की एक रिपोर्ट के अनुसार 2030 तक भारतीय दूरसंचार क्षेत्र में कुशल मानव शक्ति की मांग आपूर्ति का अंतर 3.8 गुना बढ़ जाएगा।

देश में दूरसंचार टेक्नोलॉजी क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के काम के लिए मानव संसाधन की आवश्यकताओं का खाका पेश करने वाली यह रिपोर्ट ड्रॉप के साथ मिलकर तैयार की गयी है।

'टेलीकॉम टैलेंट इन 5जी एरा: डिमांड सप्लाई स्किल गैप रिपोर्ट 2023-24' रिपोर्ट शुक्रवार को यहां इंडिया मोबाइल कांग्रेस में एक परिचर्चात सत्र के दौरान जारी की गयी।

'अनलॉकिंग दि पावर ऑफ टेलीकॉम: स्किलिंग फॉर ए कनेक्टेड वर्ल्ड' विषय पर परिचर्चा में अतुल कुमार तिवारी, डाक्टर निर्मलजीत सिंह



कलसी, पंकज महिंद्रू, प्रियंका आनंद, कार्स्टन एस. श्रोदर और टेलीकॉम सेक्टर स्किल काउंसिल के सीईओ अरविंद बाली जैसे उद्योग के विशेषज्ञ शामिल हुए।

रिपोर्ट में रेखांकित किया गया है कि भारत वर्तमान में 24.1 लाख पेशेवरों की मांग आपूर्ति का अंतर दूरसंचार क्षेत्र में सामना कर रहा है और वर्ष 2030 तक इसके 3.8 गुना तक बढ़ने की संभावना है।

इस रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख किया गया है कि सबसे प्रमुख चुनौतियों में से एक चुनौती यह है कि अकादमिक आवश्यकता और उद्योग की मांग के बीच बेमेल की वजह से टेक्नोलॉजी क्षेत्र में कंप्यूटर साइंस, आईटी और गणित में स्नातक केवल 40 प्रतिशत लोग ही रोजगार के लायक हैं।

भारतीय दूरसंचार उद्योग में लगे लोगों की कुल संख्या वर्तमान में 1.159 करोड़ है जिसमें 29.5 लाख कॉरपोरेट प्रतिभा और 82.4 लाख ब्लू कॉलर नौकरियों में हैं।

मांग आपूर्ति अंतर रिपोर्ट आगे इस बात को भी रेखांकित करती है कि शीर्ष सभी 15 स्ट्रीम्स में नेटवर्क ऑपरेशन और मेंटनेंस व प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग में सबसे अधिक कॉरपोरेट प्रतिभाएं हैं, जबकि नेटवर्क नेटवर्क ऑपरेशन एवं मेनटेनेंस और सेल्स एवं डिस्ट्रीब्यूशन- सर्विस सेगमेंट में सबसे अधिक ब्लू कॉलर प्रतिभाएं हैं।

इस रिपोर्ट में अनुमान जताया गया है कि भारत को वर्ष 2025 तक 5जी केंद्रित उद्योगों खासकर क्लाउड कंप्यूटिंग, रोबोट और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) जैसे क्षेत्रों में 2.2 करोड़ कुशल कामगारों की जरूरत पड़ेगी।

भारत अकेला ऐसा देश है जहां टेक्नोलॉजी, मीडिया और दूरसंचार (टीएमटी) क्षेत्र में 2030 तक 13 लाख कर्मचारियों के साथ अधिशेष कुशल श्रमबल रहने की संभावना है।

कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के सचिव अतुल तिवारी ने कहा, जबरदस्त संभावनाओं से भरे इस दूरसंचार उद्योग को विशेष कौशल और सतत अद्यतन की जरूरत है। इस उद्योग को लगाकर हम नौकरी के दौरान प्रशिक्षण, इंटर्नशिप और अप्रेंटिसशिप पर काम कर रहे हैं और नवीनतम मानकों के अनुरूप कौशल विकास के प्रयास कर रहे हैं। आगामी 6जी युग को देखते हुए हमारा ध्यान अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के साथ हमारे कौशल विकास पर बना रहेगा जिससे दूरसंचार के भविष्य के लिए एक तैयार कार्यबल सुनिश्चित होगा।

# दूरदराज के इलाकों को उपग्रह संचार आधारित गीगाबिट टैक्नोलॉजी से कनेक्ट करेगा 'जियो स्पेस फाइबर'

एजेंसी

नयी दिल्ली। रिलायंस जियो ने कहा है कि वह देश के दूरदराज के इलाकों को तेज इंटरनेट सेवाओं से जोड़ने के लिए 'जियो स्पेस फाइबर' नाम की एक नई टेक्नोलॉजी लेकर आया है।

कंपनी ने यहां इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2023 के उद्घाटन के अवसर पर एक बयान में कहा कि 'जियो स्पेस फाइबर' सैटेलाइट बेस्ड गीगा फाइबर टेक्नोलॉजी है, जो उन दुर्गम इलाकों को कनेक्ट करेगा जहां फाइबर केबल से ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी पहुंचाना मुश्किलों भरा काम है। यह सर्विस पूरे देश में अत्यधिक किफायती कीमतों पर उपलब्ध होगी।

कंपनी ने 27 से 29 अक्तूबर तक दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रही इंडिया मोबाइल कांग्रेस में जियो ने यह टेक्नोलॉजी प्रदर्शित की है।

भारत के चार सबसे दूरस्थ स्थान जियो स्पेस फाइबर से जुड़ चुके हैं। इनमें गुजरात का गिर नेशनल पार्क, छत्तीसगढ़ का कोरबा, उड़ीसा का नबरंगपुर और असम का ओएनजीसी-जोरहाट शामिल है।

कंपनी ने कहा है कि जियो फाइबर और जियो एयर फाइबर के बाद रिलायंस जियो के कनेक्टिविटी पोर्टफोलियो की यह तीसरी बड़ी टेक्नोलॉजी है। 'जियो स्पेस फाइबर' से दूरदराज के इलाकों में ब्राडबैंड कनेक्टिविटी पहुंचाने के लिए एसईएस कंपनी के उपग्रहों का इस्तेमाल किया जाएगा तथा 'जियो स्पेस फाइबर' से अब कहीं भी और कभी भी विश्वसनीय मल्टी-गीगाबिट कनेक्टिविटी मिलेगी।

कंपनी का कहना है कि चुनौती भरे इलाकों में उपग्रह-आधारित इंटरनेट सेवाओं को पहुंचाने के लिए 'जियो स्पेस फाइबर' इनोवेटिव एवं एडवांस एनजीएसओ तकनीक का उपयोग करेगा।

रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड के अध्यक्ष आकाश अंबानी ने कहा, जियो ने भारत में लाखों घरों और व्यवसायों को पहली बार ब्रॉडबैंड इंटरनेट का अनुभव कराया। जियोस्पेसफाइबर के साथ हम अभी तक अनकनेक्टिड लाखों लोगों को कवर करेंगे। ऑनलाइन सरकार, शिक्षा, स्वास्थ्य और मनोरंजन सेवाओं तक, जियोस्पेसफाइबर हर किसी को, हर जगह कनेक्ट कर सकेगा।

### 6 जी में लीड करेगा भारत

**नयी दिल्ली।** संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज कहा कि भारत दुनिया का सबसे तेजी से 5 जी रालऑउट करने वाला देश होने के साथ ही 6 जी में लीड करने की दिशा में बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में श्री वैष्णव ने यहां सातवें इंडिया मोबाइल कांग्रेस के शुभारंभ के मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर 6 जी विजन डॉक्यूमेंट लाँच किया गया है और भारत को 6 जी नेतृत्वकर्ता बनाने की दिशा में सभी हितधारक मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इंटरनेशनल टेलीकॉम यूनियन ने 6 जी विजन डॉक्यूमेंट को स्वीकार कर लिया है और इंडिया मोबाइल कांग्रेस तथा आईटीयू मिलकर इसको लेकर राजधानी में एक बड़ा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी कर रहा है जिसमें दुनिया भर के प्रतिनिधि भाग लेने वाले हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में उपयोग हो रहे मोबाइल फोन में से 98 प्रतिशत आयातित होता था लेकिन अब 98 प्रतिशत देश में निर्मित है। पिछले वर्ष में 90 हजार करोड़ रुपये के मोबाइल फोन निर्यात किये गये हैं। उन्होंने कहा कि भारत में सबसे तेजी से 5 जी रालऑउट किया गया है। वर्ष 2014 से पहले टेलीकॉम टावर लगाने में औसतन 230 दिन लगते थे लेकिन अभी मात्र सात दिन में एक टावर लग रहा है। उन्होंने कहा कि देश में इंटरनेट की स्पीड का अनुमान इससे लगाया जा सकता है कि चंद्रयान 3 की लैंडिंग को 80 लाख लोगों ने लाइव देखा था और अभी चल रहे क्रिकेट विश्व कप में भारत न्यूजीलैंड मैच को चार करोड़ लोगों ने मोबाइल फोन पर देखा है।

नई दिल्ली
शनिवार 28 अक्टूबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### राइफल निशानेबाज अर्जुन और तिलोत्तमा ने एशियाई चैंपियनशिप में जीता रजत

नई दिल्ली। भारतीय निशानेबाज अर्जुन बाबुता और तिलोत्तमा सेन ने कोरिया के चांगवोन में चल रही एशियाई चैंपियनशिप में पुरुषों और महिलाओं की दस मीटर एयर राइफल स्पर्धा में शुक्रवार को रजत पदक जीता। दोनों ने इस जीत के साथ पेरिस ओलंपिक का कोटा भी हासिल कर लिया। 24 वर्ष के बाबुता, दिव्यांश सिंह पंवार और हृदय हजारिका ने 1892.4 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। बाबुता ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले भारत के नौवें निशानेबाज बन गए। महिला और पुरुष वर्ग में पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने वाले वह छठे राइफल निशानेबाज बन गए। 15 वर्ष की तिलोत्तमा ने महिलाओं के फाइनल में 252. 3 अंक बनाकर भारत के लिए दसवां कोटा हासिल किया। वह स्वर्ण पदक से मामूली अंतर से चूक गईं। कोरिया की युंजी क्वोन ने 252.4 अंक के साथ स्वर्ण जीता। भारत की ही रमिता को कांस्य पदक मिला। भारतीय निशानेबाजों ने राइफल में सात कोटा स्थान, शॉटगन में दो और पिस्टल में एक कोटा हासिल किया है। दस मीटर एयर राइफल में इससे पहले रूद्रांक्ष पाटिल ओलंपिक कोटा हासिल कर चुके हैं। एक स्पर्धा में एक देश को अधिकतम दो कोटा स्थान मिल सकते हैं।

### स्वर्ण पदक जीतने वाले प्रमोद पर पैसों की बारिश, पटनायक देंगे दो करोड़ रुपये

भुवनेश्वर । मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने पैरा एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन करने वाले प्रमोद भगत को दो करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की। ओडिशा के भगत ने चीन के हांगझोऊ में चल रहे एशियाई पैरा खेलों में पैरा बैडमिंटन पुरुष एकल एसएल3 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। प्रमोद भगत ने अपने साथी नितेश कुमार के खिलाफ कड़े मुकाबले के बाद स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रमोद का स्वर्ण पदक मौजूदा पैरालंपिक चैंपियन की प्रतियोगिता में पहले से ही प्रभावशाली उपलब्धि के अतिरिक्त है, जिसमें क्रमशः पुरुष युगल स्ल3-स्ल4 और मिश्रित युगल स्ल3-स्5 स्पर्धाओं में दो कांस्य पदक शामिल हैं। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा, प्रमोद बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक है और दृढ़ संकल्प का उदाहरण हैं, और मैं उन्हें हार्दिक बधाई देना चाहता हूं। मुझे यकीन है कि वह पेरिस 2024 पैरालिंपिक में हमें गौरवान्वित करेंगे। मुख्यमंत्री ने पेरिस 2024 पैरालंपिक खेलों से पहले प्रमोद भगत को हरसंभव समर्थन देने का आश्वासन दिया। जीत के बाद प्रमोद भगत ने अपनी यात्रा में मिले समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि एशियाई पैरा गेम्स पेरिस के लिए उनकी तैयारी के लिए अच्छे होंगे।

### पॉइंट्स टेबल में 9वें नंबर पर पहुंचा डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड, एक भी प्लेयर टॉप-5 में नहीं

वनडे वर्ल्ड कप 2023 में इंग्लैंड का खराब फॉर्म जारी है। अफगानिस्तान के बाद टीम को श्रीलंका के खिलाफ भी हार का सामना करना पड़ गया। बेंगलुरु में 8 विकेट से हार के बाद इंग्लैंड पॉइंट्स टेबल में केवल नीदरलैंड से ऊपर 9वें नंबर पर है। टीम के पास 2 ही पॉइंट्स हैं। दूसरी ओर श्रीलंका के नाम 2 जीत के बाद 4 पॉइंट्स हो गए और टीम पॉइंट्स टेबल में नंबर-5 पर पहुंच गई है। गुरुवार को बेंगलुरु में श्रीलंका-इंग्लैंड मैच के बाद आंकड़ों में ज्यादा फर्क नहीं आया। श्रीलंका के ओपनर पथुम निसांका बाउंड्री मास्टर्स में 5वें नंबर पर पहुंच गए, वहीं दिलशान मदुशंका 11 विकेट के साथ चौथे नंबर पर ही हैं। दूसरी ओर इंग्लैंड टीम का कोई भी प्लेयर टॉप-5 प्लेयर्स में शामिल नहीं है। ऑस्ट्रेलिया के एडम जम्पा 11 सफलताओं के साथ अब भी टॉप विकेट टेकर हैं, भारत के रोहित शर्मा 17 छक्कों के साथ टॉप सिक्स हिटर हैं। वहीं साउथ अफ्रीका के क्विंटन डी कॉक 407 रन के साथ टॉप रन स्कोरर हैं।

### हमास ने इजरायली हमलों में हताहतों के संबंध में अमेरिकी दावों का खंडन किया

गाजा। फिलिस्तीन में हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को इजरायली हमलों पर गाजा में हताहतों की संख्या के बारे में अमेरिकी संदेह का खंडन किया। मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-कद्र ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा इजरायली कब्जे में कम से कम 7,028 फिलिस्तीनी मारे गए, जिनमें 2,913 बच्चे, 1,709 महिलाएं और 397 बुजुर्ग लोग शामिल थे। इस दौरान अल-केदरा ने 212 पृष्ठों की एक लंबी रिपोर्ट पढ़ी, जिसमें हमास और सशस्त्र फिलिस्तीनी गुटों पर अभूतपूर्व इजरायली हमले के परिणामस्वरूप गाजा पट्टी में मारे गए लोगों के नाम और संख्याएं शामिल थीं। अल-क़द्र ने कहा कि रिपोर्ट में उन मृतकों के नाम शामिल नहीं हैं जो अभी भी मलबे में दबे हुए हैं। उन्होंने कहा, %हमने 7,000 से अधिक शहीदों के विवरण और नामों की घोषणा करने का फैसला किया ताकि पूरी दुनिया उस युद्ध के बारे में सच्चाई जान सके जो गाजा में हमारे लोगों के खिलाफ हो रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा, दुनिया को यह समझना चाहिए कि हर नंबर के पीछे एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जिसका नाम और पहचान ज्ञात है। हमारे लोग कोई ऐसे व्यक्ति नहीं हैं जिन्हें नजरअंदाज किया जा सके।

### मध्यपूर्व संघर्ष पर इजरायल-रूस वार्ता जारी

येरूशलम। इजरायल और रूस की स्थिति मध्य पूर्व संघर्ष पर हमेशा मेल नहीं खाती है, लेकिन दोनों पक्षों में निकट संपर्क और बातचीत जारी हैं। मॉस्को में इजरायली राजदूत अलेक्जेंडर बेन ज़वी ने यह बात कही है। श्री जवी ने कहा, %संयुक्त राष्ट्र में विभिन्न पदों पर रूसी पक्ष के साथ हमारी अभी भी असहमति है। लेकिन हमारे करीबी संपर्क हैं, हम अक्सर मिलते हैं। उन्होंने कहा, उनका मंत्रालय इजरायल में रूसी राजदूत के साथ निकट संपर्क में है। राजदूत ने कहा, हम एक-दूसरे के प्रति बदलते नजरिए पर बात करते हैं और समझाने की कोशिश करते हैं, क्योंकि यह बातचीत का हिस्सा है। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर को, फिलिस्तीनी समूह हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया, पड़ोसी इजरायली समुदायों में 200 से अधिक लोगों की हत्या और अपहरण कर लिया। इज़रायल ने जवाबी हमले शुरू किए और 20 लाख से अधिक लोगों के घर गाजा की पूरी नाकाबंदी का आदेश दिया और पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति काट दी। संघर्ष बढ़ने के कारण दोनों पक्षों के हजारों लोग मारे गए और घायल हुए।

### फिलिस्तीन के समर्थन में वेनेजुएला में निकाला मार्च

मेक्सिको सिटी। वेनेज़ुएला की राजधानी कराकस में हजारों लोगों ने फिलिस्तीन के समर्थन में 'फिलिस्तीनी लोग हमास नहीं हैं' के नारे के साथ एक मार्च निकाला है। इस कार्यक्रम का प्रसारण वेनेजुएला के सरकारी वीटीवी चैनल ने किया। नेजुएला की सत्तारूढ़ यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी के उपाध्यक्ष डिओसडाडो कैबेलो ने एक रैली के दौरान कहा, गाज़ा पर अंधाधुंध बमबारी ने फ़िलिस्तीनी लोगों के संघर्ष के प्रति दुनिया भर में एकजुटता जगाई है। हम जानते हैं कि देर-सबेर फ़िलिस्तीन आजाद हो जाएगा, उसकी जमीनें वापस मिल जाएंगी और दुनिया में कानून का शासन कायम होगा। हम विनाश की इस नीति के ढांचे के भीतर हिंसा को तत्काल समाप्त करने की मांग करते हैं। वेनेज़ुएला सरकार ने 2009 में गाजा पट्टी में एक अभियान के बाद इजरायल के साथ संबंध तोड़ दिए। इसमें एक हजार से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। तीन महीने बाद, कराकस ने फ़िलिस्तीन की स्वतंत्रता को मान्यता दी और उसके साथ आधिकारिक संबंध स्थापित किए। वर्ष 2019 में, तेल अवीव ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के बाद, विपक्षी नेता जुआन गुइदो का समर्थन किया और उन्हें वेनेजुएला के राष्ट्रपति के रूप में मान्यता दी। उल्लेखनीय है कि गत सात अक्टूबर को, फिलिस्तीनी समूह हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया और पड़ोसी इजरायली समुदायों में 200 से अधिक लोगों की हत्या और अपहरण कर लिया।

# अर्जुन बबुता और तिलोत्तमा सेन को पेरिस ओलंपिक का कोटा

चांगवोन। अर्जुन बाबूता और तिलोत्तमा सेन ने शुक्रवार को एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप 2023 में पुरुष और महिला 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धाओं में रजत पदक जीतकर भारत के लिए दो और पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल कर लिया है।

भारत ने अब तक निशानेबाजी में 10 ओलंपिक कोटा हासिल कर लिए हैं, जिसमें 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धाओं में प्रति जेंडर दो कोटा भी शामिल है। पुरुष एयर राइफल में रुद्राक्ष पाटिल और महिला एयर राइफल में मेहुली घोष ने पहले पेरिस 2024 कोटा प्राप्त किया था।

दक्षिण कोरिया के चांगवोन में हो रही इस चैम्पियनशिप में 24 वर्षीय अर्जुन बबुता ने 633.4 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि दिव्यांश सिंह पंवार 632.3 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। फाइनल राउंड में बबुता ने 251.2 स्कोर किया और चीन के टोक्यो 2020 के रजत पदक विजेता शेंग लिहाओ के 252.1 स्कोर से पीछे रहे।

भारत के दिव्यांश सिंह पंवार 209.6 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे जबकि जापान के नाओया ओकाडा ने 230.6 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। हृदय हजारिका 626.7 अंक के साथ क्वालीफाइंग राउंड में 21वें स्थान पर रहे। अर्जुन बबुता, दिव्यांश सिंह पंवार और हृदय हजारिका की तिकड़ी ने 1892.4 के संयुक्त स्कोर के साथ, पुरुष टीम 10 मीटर एयर राइफल कैटेगरी में चीन को हराकर पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल करते हुए स्वर्ण पदक जीता।



रविशंकर कार्तिक (631.5) और रुद्राक्ष पाटिल (630.8) भी क्वालीफाइंग राउंड में शीर्ष आठ में रहे, लेकिन फाइनल में शामिल नहीं हो सके क्योंकि दोनों केवल रैंकिंग अंक (आरपीओ) के लिए निशानेबाजी कर रहे थे।

महिला 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में 15 वर्षीय तिलोत्तमा सेन ने 630.5 का स्कोर करके क्वालीफाइंग में छठा स्थान हासिल किया और फाइनल में 252.3 का स्कोर बनाकर रजत पदक अपने नाम किया।

दक्षिण कोरिया की यूंजी क्वोन ने 252.4 के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि तिलोत्तमा की हमवतन रमिता, जिन्होंने क्वालीफाइंग में 629.5 का स्कोर किया, ने 230.6 के साथ कांस्य पदक जीता।

एलावेनिल वलारिवान ने क्वालीफाइंग में 631.5 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि भारत की नैन्सी 630.3 अंक के साथ सातवें स्थान पर रहीं। दोनों केवल रैंकिंग अंक (आरपीओ) के लिए निशानेबाजी कर रहे थे।

श्रीयंका सदांगी, जो क्वालीफाइंग राउंड में 626.2 के साथ 26वें स्थान पर रहीं, तिलोत्तमा और रमिता के साथ कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय महिला 10 मीटर एयर राइफल टीम का हिस्सा थीं।

तीनों ने संयुक्त रूप से 1886.2 का स्कोर हासिल किया और चीन और सिंगापुर के बाद तीसरे स्थान पर रहीं। इस बीच, एशियाई खेलों 2023 के रजत पदक विजेता अनंतजीत सिंह नरुका और दर्शना राठौड़ की भारतीय जोड़ी ने कुवैत को 40-37 से हराकर मिश्रित टीम स्कीट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

कुवैत ने क्वालिफिकेशन राउंड में 140 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था जबकि भारत ने शूट-ऑफ में कोरिया और कतर को हराकर स्वर्ण पदक मैच में जगह बनाई थी।

## भारत ने आज छह स्वर्ण सहित 12 पदक जीते

हांगझोउ। चीन में चल रहे चौथे एशियाई पैरा खेलों में भारतीय खिलाड़ी विभिन्न स्पर्धाओं में शानदार शुरुआत करते हुए आज छह स्वर्ण सहित 12 पदक जीत चुके है।

शुक्रवार को यहां हुए मुकाबलों में प्रमोद भगत ने पुरुष एकल एसएल3 बैडमिंटन स्पर्धा में स्वर्ण और नितेशंक ने अविश्वसनीय कौशल और अटूट दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए पुरुष एकल एसएल3 में गर्व से रजत पदक जीता।

वहीं बैडमिंटन की महिला एकल एसयू5 वर्ग में थुलासिमथी ने पदक जीता। उन्होंने चीन की क्विक्सिया यांग को 2-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। बैडमिंटन में सुहास यतिराज ने पुरुष एकल एसएल-4 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने मलेशिया के मोहम्मद अमीन के खिलाफ 2-1 के स्कोर के साथ यह पदक जीता। शीतल देवी




महिलाओं की व्यक्तिगत कंपाउंड ओपन तीरंदाजी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की व्यक्तिगत कंपाउंड ओपन स्पर्धा में सिंगापुर की अलीम नूर सयाहिदा को एक लुभावने मैच में हराकर यह पदक जीता। वहीं एक अन्य मुकाबले में तीरंदाज राकेश कुमार ने पुरुषों की व्यक्तिगत कंपाउंड तीरंदाजी स्पर्धा में ईरान के अलीसिना मंशाएजादेह के खिलाफ करीबी मुकाबले में शानदार रजत पदक हासिल किया।

### रेंजर्स ने ग्रोइंग को 14 गोलों से रौंदा

नयी दिल्ली। मनीषा की दोहरी तिकड़ी और अंजू के पांच गोलों की मदद से रेंजर्स स्पोर्ट्स क्लब ने डीएसए प्रीमियर लीग के शुक्रवार को यहां हुए मुकाबले में ग्रोइंग स्टार को 14 गोलों से रौंद दिया है। वहीं दिन के एक अन्य मुकाबले में अहबाब और हंस यूनाइटेड के बीच शून्य गोल होने पर बराबर अंक बांटे गये। इस जीत के साथ रेंजर्स ने लगातार छठी जीत दर्ज कर 18 अंक जुटा लिए हैं, जबकि लीग की सबसे कमजोर टीम ग्रोइंग स्टार ने एक और बड़ी पराजय के साथ अपने रिकार्ड को बदतर बनाया। रेंजर्स के लिए मनीषा और अंजू की तिकड़ियों के अलावा ऋतु, किरण और पूनम ने गोल किये। अहबाब और हंस के बीच खेले गए मुकाबले में दोनों टीमों ने आसान मौके गंवाए। हंस की गोलकीपर नम्रता कौर ने कई अवसरों पर बेहतरीन बचाव किए।

## ऑस्ट्रेलिया ने महिला ओलंपिक फुटबॉल क्वालीफायर में ईरान को हराया

सिडनी। ओलंपिक महिला फुटबॉल एशियाई क्वालीफायर 2024 के दूसरे दौर के ग्रुप ए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को ईरान को 2-0 से और फिलीपींस ने चीनी ताइपे को 4-1 से हरा दिया।

गुरुवार को हुए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने 19वें मिनट में एली कारपेंटर ने एक शक्तिशाली गोल किया।

दूसरे हाफ के दौरान, ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच टोनी गुस्तावसन ने 65वें मिनट में कप्तान सैम केरर, मैरी फाउलर और डिफेंडर स्टीफ कैटली को मैदान में भेजा।

फाउलर और कैटली द्वारा दिए गए पास से केरर ने 79वें मिनट गोल दाग दिया। इसी के उसने ईरान के खिलाफ 2-0 से मुकाबला जीत लिया।

इससे पहले दिन में, फिलीपींस ने इसी मैदान पर चीनी ताइपे पर आसान जीत दर्ज की। पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद 47वें मिनट में सू यी-यून के गोल ने चीनी ताइपे को बढ़त दिलाई।



हालाँकि, फिलीपींस ने लगातार चार गोल करके वापसी की। फिलीपींस की ओर से सरीना बोल्डेन ने 54वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर स्कोर बराबर कर दिया। उसके बाद 60वें मिनट में कैटरीना गुइलोउ ने बढ़त ले ली। बोल्डन ने 83वें मिनट में एक और गोल अपने नाम किया और चैंडलर मैकडैनियल ने 90वें मिनट गोलकर स्कोर 4-1 कर दिया। अगले मुकाबले रविवार होंगे, जिसमें ऑस्ट्रेलिया, फिलीपींस से तथा जबकि ईरान, चीनी ताइपे से मुकाबला करेगा।

# जंग के बीच इजराइलियों में गन लाइसेंस लेने की होड़

## हथियार चलाने की ट्रेनिंग ले रहे नागरिक, फिलिस्तीनी वुल्फ अटैक का खतरा बढ़ा

इजराइल-हमास जंग के बीच इजराइली नागरिक गन लाइसेंस ले रहे हैं। चैनल 13 के मुताबिक, गन लाइसेंस के लिए 1 लाख 50 हजार लोगों ने एप्लिकेशन दी है। पिछले साल इसी समय के दौरान गन लाइसेंस की 42 एप्लिकेशन आई थीं।

लाइसेंस के लिए अप्लाई करने वाली एक महिला ने कहा- मेरे 6 बच्चे हैं। 7 अक्टूबर को हुए हमले के बाद मुझे समझ आ गया है कि सेल्फ डिफेंस की क्या अहमियत है। मैं हथियार चलाने की ट्रेनिंग भी ले रही हूं। बच्चों को सुरक्षित रखना मेरी प्रायोरिटी है।

### फिलिस्तीन के लोन वुल्फ अटैक का डर

वहीं, इजराइली नागरिकों के मन में फिलिस्तीन के लोन वुल्फ अटैक का डर बढ़ हो गया है। हिब्रू युनिवर्सिटी ऑफ येरुशलम के मुताबिक साल 2015 से 2017 के बीच इजराइल में



363 लोन वुल्फ अटैक हुए। 2021 में भी इजराइल और फिलिस्तीन के बीच विवाद ज्यादा बढ़ गया था। तब फिलिस्तीनियों ने इजराइलियों पर ताबड़तोड़ लोन वुल्फ अटैक किए थे।

### इजरायल में इस साल हुए दो बड़े लोन वुल्फ अटैक

**28 जनवरी 2023**

पूर्वी यरुशलम में 13 साल के फिलिस्तीनी लड़के ने एक व्यक्ति और उसके बेटे को गोली मार दी। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही घटनास्थल के पास से गुजर रहे दो लोगों ने अपनी बंदूक से हमलावर लड़के को गोली मार दी थी।

**27 जनवरी 2023**

इजराइल के यरुशलम के नेवे याकोव में एक पूजा स्थल के पास 27 जनवरी को अंधाधुंध फायरिंग हुई थी। इसमें 7 लोगों की मौत हो गई और 10 लोग घायल हुए थे।

हमला एक फिलिस्तीनी शख्स ने किया था। इसके बाद फिलिस्तीन में जश्न मनाया गया।

### सिविलियन्स के लिए 10 हजार राइफल खरीदेगी सरकार

इजराइली राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन ग्विर ने 10 अक्टूबर को घोषणा की थी कि सरकार लोगों को देने के लिए 10 हजार राइफल खरीद रही है। 4 हजार राइफल, हेल्मेट और बुलेटप्रूफ जैकेट खरीदे जा चुके हैं। जल्द ही ये लोगों को दी जाएंगे।

### इजराइल और फिलिस्तीन के बीच क्यों है विवाद?

मिडिल ईस्ट के इस इलाके में यह संघर्ष कम से कम 100 साल से चला आ रहा है। यहां वेस्ट बैंक, गाजा पट्टी और गोलन हाइट्स जैसे इलाकों पर विवाद है। फिलिस्तीन इन इलाकों समेत पूर्वी यरुशलम पर दावा जताता है। वहीं, इजराइल यरुशलम से अपना दावा छोड़ने को राजी नहीं है।

गाजा पट्टी इजराइल और मिस्र के बीच में है। यहां फिलहाल हमास का कब्जा है। ये इजराइल विरोधी समूह है। सितंबर 2005 में इजराइल ने गाजा पट्टी से अपनी सेना वापस बुला ली थी। 2007 में इजराइल ने इस इलाके पर कई प्रतिबंध लगा दिए। फिलिस्तीन का कहना है कि वेस्ट बैंक और गाजा पट्टी में स्वतंत्र फिलिस्तीन राष्ट्र की स्थापना हो।

## भारत के 70 सैनिकों को निकालेगा मालदीव

### राष्ट्रपति चुने गए मोहम्मद मुइज्जू बोले- हमें पूरी तरह से आजाद होना है

मालदीव के नए राष्ट्रपति चुने गए मोहम्मद मुइज्जू ने कहा है कि वो उनके देश में तैनात 70 भारतीय सैनिकों को वहां से जाने के लिए कहेंगे। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा कि मालदीव पूरी तरह से आजाद होना चाहता है।

मुइज्जू ने बताया है कि उनका रिएक्शन मालदीव में तैनात किसी भी देश के सैनिकों के लिए ऐसा ही होगा। भारतीय सैनिकों को निकालने के लिए मुइज्जू ने भारत सरकार से बात करना भी शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत के साथ अब तक की बातचीत काफी सफल रही हैं।

### हमें ऐसे संबंध रखने जिसमें दोनों का फायदा हो

ब्लूमबर्ग को दिए इंटरव्यू में मुइज्जू ने कहा- मैं भारत के सैनिकों को मालदीव से बाहर करने की बात कह रहा हूं इसका मतलब ये नहीं कि हम



उनकी जगह किसी दूसरे देश के सैनिकों को बुलाएंगे। चीन या किसी दूसरे देश के सैनिक भी हमारे यहां नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा हम भारत के साथ ऐसे संबंध रखना चाहते हैं, जिनमें दोनों का फायदा हो। सितंबर में मालदीव का चुनाव जीतने वाले मुइज्जू 15 नवंबर को राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। भारत ने मालदीव को 2010 और 2013 में दो हेलीकॉप्टर और 2020 में एक छोटा विमान तोहफे के तौर पर दिया था। इस पर मालदीव में काफी हंगामा हुआ। मुइज्जू के नेतृत्व में विपक्ष ने तत्कालीन राष्ट्रपति सोलिह पर इंडिया फर्स्ट नीति का अपनाने का आरोप लगाया था।

भारत का कहना है कि उपहार में दिए गए विमान का इस्तेमाल खोज-बचाव अभियानों और मरीजों को लाने के लिए किया जाना था। मालदीव की सेना ने 2021 में बताया था कि इस विमान के संचालन और उसकी मरम्मत के लिए भारतीय सेना के 70 से ज्यादा जवान देश में मौजूद हैं।

### नासा ने आईएसएस स्पेसवॉक को एक नवंबर तक स्थगित किया

वाशिंगटन/मॉस्को। नासा ने ज्यादा तैयारियां करने के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के अंतरिक्ष यात्रियों लोरल ओ हारा और जैस्मीन मोघबेली की स्पेसवॉक को 30 अक्टूबर से एक नवंबर तक के लिए स्थगित कर दिया है। नासा ने गुरुवार को कहा कि अगला स्पेसवॉक अब बुधवार यानी एक नवंबर के लिए निर्धारित किया गया है, जिससे अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के चालक दल और उड़ान नियंत्रण टीम को भ्रमण की तैयारी के लिए ज्यादा समय प्राप्त हो सके। आईएसएस पर वर्तमान में अभियान 70 ने अब तक केवल एक स्पेसवॉक किया है, जो बुधवार को रूसी अंतरिक्ष यात्री ओलेग कोनोनेंको और निकोलाई चूब द्वारा किया गया।

### अमेरिकी सैनिकों ने ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स पर किया हमला

वाशिंगटन। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने शुक्रवार को कहा कि इराक और सीरिया में स्थित अमेरिकी सैन्य संगठन पर हाल ही में हुए हमलों के जबाव में अमेरिकी सैनिकों ने सीरिया में ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स की ओर से इस्तेमाल किए जाने वाले दो हथियार और गोला-बारूद भंडारण सुविधाओं पर हवाई हमले किए हैं। ऑस्टिन ने एक बयान में कहा कि यह हमला स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 01: 30 बजे इराक की सीमा पर स्थित अबू कमाल शहर के पास किए गए। अभी तक इस हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इससे पहले, 17 अक्टूबर को ईरान समर्थित मिलिशिया समूहों द्वारा इराक और सीरिया में अमेरिकी ठिकानों पर हमला किया गया था। इजरायल और हमास के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद से इराक में करीब 12 बार और सीरिया में चार बार अमेरिकी सैनिकों पर हमला किया गया है। ऑस्टिन ने कहा,अमेरिकी बलों के खिलाफ ये ईरानी समर्थित हमले अस्वीकार्य हैं और इन्हें रोका जाना चाहिए। अगर अमेरिकी सेना के खिलाफ ईरान के प्रतिनिधियों द्वारा हमले जारी रहे, तो हम अपने लोगों की सुरक्षा के लिए और आवश्यक कदम उठाने में संकोच नहीं करेंगे।

### इमरान खान की जमानत याचिका खारिज

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को सिफर मामले में गिरफ्तारी के बाद जमानत की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक ने आज आदेश सुनाया, जिसे उन्होंने दोनों पक्षों की दलीलें पूरी होने के बाद 16 अक्टूबर को सुरक्षित रख लिया था।स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार, पिछली सुनवाई के दौरान श्री खान के वकील सरदार लतीफ खोसा ने दलील दी थी कि उनके मुवक्किल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा सकती क्योंकि पूर्व प्रधानमंत्री की संघीय कैबिनेट ने सिफर को सार्वजनिक कर दिया था। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री को संविधान के अनुच्छेद 248 के अंतर्गत छूट प्राप्त है, जो राष्ट्रपति, राज्यपाल, प्रधानमंत्री, संघीय मंत्री, राज्य मंत्री, मुख्यमंत्री और प्रांतीय मंत्री को उनके द्वारा किए गए या कथित रूप से किए गए कार्य के लिए सुरक्षा प्रदान करता है।सुनवाई के दौरान पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष बैरिस्टर सलमान सफदर के एक अन्य वकील ने दलील दिया कि सरकारी गोपनीयता कानून की धारा पांच सिफर मामले में लागू नहीं होती।

### यूएनआरडब्ल्यूए के 57 कार्यकर्ताओं की मौत

गाजा। इजरायल-हमास संघर्ष के बीच गाजा पट्टी के पूर्व में फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के कम से कम 57 कार्यकर्ता मारे जा चुके हैं। यह जानकारी यूएनआरडब्ल्यूए के कमिश्नर-जनरल फिलिप लाज़ारिनी ने शुक्रवार को दी। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, संयुक्त राष्ट्र और यूएनआरडब्ल्यूए के लिए प्रत्येक दिन दुखद न बनता जा रहा है क्योंकि हमारे मारे गए साथियों की संख्या बढ़ रही है। आज, हमारे कम से कम 57 सहयोगियों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। एक दिन में, हमारे 15 सहयोगी मारे गए थे। वहीं, मध्य पूर्व शांति प्रक्रिया (यूएनएससीओ) के लिए संयुक्त राष्ट्र की विशेष समन्वयक, लिन एलिजाबेथ हेस्टिंग्स ने कहा कि शुक्रवार को भोजन, पानी और दवा पहुंचाने के लिए आठ मानवीय सहायता ट्रकों को गाजा पट्टी भेजा जाएगा, जबकि ईंधन की आपूर्ति का मुद्दा अभी तक सुलझा नहीं है। उन्होंने कहा कि 21 अक्टूबर से अबतक 74 ट्रक फिलिस्तीनी एक्सक्लेव पहुंच चुके हैं। गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि गाजा पट्टी में यूएनआरडब्ल्यूए का ईंधन भंडार लगभग समाप्त हो चुका है और इसलिए वह उस क्षेत्र में अपने संचालन को काफी कम कर रहा है। गौरतलब है कि गत सात अक्टूबर को, फिलिस्तीनी समूह हमास ने गाजा पट्टी से बड़े पैमाने पर इजरायल पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया, जिसमें 1,000 से ज्यादा लोग मारे गए और 200 से ज्यादा बंधक बनाए गए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### अमृत कलश यात्रा को जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर लखनऊ के लिए किया रवाना

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**



**बलरामपुर।** मेरा मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत जनपद के 793 ग्राम पंचायत एवं 96 वार्डो से लिए गए मिट्टी से भरे अमृत कलश को राजधानी लखनऊ के लिए पूरी व्यवस्था के साथ हरी झंडी दिखाकर जिलाधिकारी अरविंद सिंह द्वारा रवाना किया गया। जनपद में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत आमजनमानस में देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता का भाव जगाने के लिए विभिन्न गतिविधियां चलाई गई। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य,पीडी सीपी श्रीवास्तव,डीसी मनरेगा सतीश पांडे व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### हरीश रावत का उत्पीड़न कर रही है सीबीआई

**नयी दिल्ली।** उत्तराखंड कांग्रेस ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत का उत्पीड़न करने का लगाया आरोप लगाते हुए गृहमंत्री अमित शाह से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने शुक्रवार को यहां जारी बयान में कहा कि सीबीआई श्री रावत का उत्पीड़न कर रही है। उनका कहना था कि पूर्व मुख्यमंत्री सड़क दुर्घटना के बाद स्वास्थ्य संबंधी चिताओ से जूझ रहे हैं और ऐसे वक्त पर सीबीआई का उन्हें नोटिस थमाना उनका उत्पीड़न करना है तथा उन्हें मानसिक आघात पहुंचाने का काम किया जा रहा है। धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि श्री रावत पहले ही कह चुके हैं कि सीबीआई जब चाहे उनसे बात कर सकती है और वह हर तरह से उसे सहयोग करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि रावत सड़क दुर्घटना में घायल होने के कारण परेशान हैं और ऐसी स्थिति में उन्हें परेशान किया जाना अनुचित है। उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह से मांग की है कि वह इस मामले में हस्तक्षेप करें और सीबीआई को रावत का उत्पीड़न करने से रोकें।

### आज 51 हजार नियुक्ति पत्र देंगे मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को रोजगार मेले में नवनियुक्त कर्मियों को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार इस अवसर पर प्रधानमंत्री नवनियुक्त कर्मियों को संबोधित भी करेंगे। यह रोजगार मेला देश भर में 37 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। केंद्र सरकार के विभागों के साथ-साथ इस पहल का समर्थन करने वाले राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों में ये नियुक्तियां की जा रही हैं। देश भर से चुने गए नए कर्मचारी रेल मंत्रालय, डाक विभाग, गृह मंत्रालय, राजस्व विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय समेत विभिन्न मंत्रालयों तथा विभागों में नियुक्त किये जायेंगे। रोजगार मेला, रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। उम्मीद है कि रोजगार मेला, रोजगार सृजन में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा तथा युवाओं को उनके सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा।

### भाजपा को चुनाव में मिलेगा अप्रत्याशित बहुमत

मुरैना। केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि चुनाव कोई भी हो हमेशा प्रतिष्ठापूर्ण और चुनौतीपूर्ण ही होते है। तोमर ने आज दिमनी सीट से भाजपा प्रत्याशी के रुप में नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस पहले ही अप्रसांगिक थी, इस चुनाव में और अधिक अप्रासंगिक हो गई है। कांग्रेस के नेता कपड़े फाडने में व्यस्त है, जबकि भाजपा चुनाव को जीतने के लिए जनता का आर्शीवाद लेने में व्यस्त है। विधानसभा चुनाव-2023 में भाजपा को अप्रत्याशित बहुमत मिलेगा। तोमर ने कहा कि भाजपा के पास जनसमर्थन और विकास के साथ जन कल्याणकारी योजनाएं है। इसलिए मध्यप्रदेश की जनता भाजपा को पसंद कर रही है। कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए श्री तोमर ने कहा कि कांग्रेस और उसके नेता 'सीजनल' हिंदू है। राम मंदिर और राम सेतु का विरोध करने वाले कांग्रेस नेता बाद में घड़ियाली आंसू बहाकर जनता को गुमराह करने की कोशिश करते है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए राम मंदिर का निर्माण वोट का नहीं आस्था का प्रश्न है। जनता कांग्रेस के ढकोसने को अच्छे से पहचानने लगी है और कांग्रेस के बहकावे में आने वाली नहीं है।

### मोदीराज में देश बिकने के कगार पर : भूपेश

अंबिकापुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मोदी राज में देश बिकने के कगार पर हैं,अगर गलती से भी भाजपा की सरकार आयी तो प्रदेश के खदानों को अडानी को सौंप दिया जाएगा। बघेल ने यहां एक चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार में एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन से लेकर पूरे देश के सरकारी संपत्तियों को बेचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर छत्तीसगढ़ को बचाना है तो कांग्रेस का साथ दीजिए। उन्होने कहा कि फिर से कांग्रेस सरकार बनेगी तो किसानों, भूमिहीन मजदूरों, महिलाओं और युवाओं के सपने पूरे होंगे। उन्होंने अपने सम्बोधन में भाजपा नेताओं से सवाल पूछा कि किसानों की कर्जमाफ़ी की घोषणा से तकलीफ क्यों हो रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार किसानों का कर्ज माफ करती है तो भाजपा के पेट में दर्द होता है। हमने तो किसानों के सिर्फ 9500 करोड़ रुपये माफ़ किए है लेकिन केंद्र की मोदी सरकार ने तो उद्योगपतियों के 14.50 लाख करोड़ की कर्जमाफ़ी की है फिर भाजपा नेताओं ने सवाल क्यों नहीं उठाया। बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसानों को बोनस देने केंद्र सरकार द्वारा लगाई रोक को हटाने के लिए प्रधानमंत्री को पत्र लिखा गया है, जैसे ही अनुमति मिलेगी हम किसानों को बोनस भी देंगे। उन्होने कहा कि हम अब तक चार घोषणा कर चुके हैं परंतु विपक्ष में रहते हुए भाजपा ने एक भी घोषणा अब तक नहीं नहीं की।

## ।। जय श्री राम ।।

आश्विन शुक्ल पूर्णिमा 28अक्टूबर,शनिवार को मध्यरात्रि 01: 05 ए एम से मध्यरात्रोपरान्त 02: 24 मिनट तक खंडग्रास चंद्रग्रहण होगा।

28 अक्टूबर,शनिवार में शाम को सभी देवस्थानों के पट बंद रहेंगे।

विशेष - खंडग्रास चंद्रग्रहण के सूतक(दोष) की शुरुआत 28 अक्टूबर, शनिवार को शाम 04: 05 मिनट से हो जायेगी।सूतक में भोजन बनाना और ग्रहण करना निषेध माना गया है

इसमें रोगग्रस्त,आसक्त,असमर्थजनों को प्रतिबंधित नही किया गया है।

ठाकुरजीके भोग के लिए 28 अक्टूबर को शाम 4 बजे से पहले खीर का प्रसाद बना लेवें तथा उसमे कुशा या तुलसीदल डाल करके उसे रख देवें। रात्रि को 02: 24 ए एम के बाद स्नान करके ठाकुरजी को भोग लगाकरके प्रसाद ग्रहण कर लें।

प्राचीन श्री दुर्गा मंदिर
पंडित श्री शंकर लाल वशिष्ठ
एसएलएफ वेद विहार सी ब्लाक
-9650275523,8882003931
(डीएलएफ -बिजलीघर के पास)



# 'सरकार चली दिल्ली के गांवों की ओर'

**प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी , दिल्ली के माननीय उप-राज्यपाल वी.के सक्सेना एवं दिल्ली के माननीय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिया प्रस्ताव, सरकार चली दिल्ली के गांवों की ओर अभियान, दिल्ली के 360गावों का होगा सम्यक विकास**

दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण समाज के अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी, दिल्ली के उप-राज्यपाल श्री वी.के सकसेना और दिल्ली के मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल को एक्स के माध्यम से पोस्ट भेजकर उनको एक प्रस्ताव भेजा है जिसमें दिल्ली देहात के सभी 360गांवों के समग्र विकास के लिए सरकार चली दिल्ली के गांवों की और अभियान चलाने का अनुरोध किया है। वत्स ने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी है और भारत के बढ़ते वैश्विक कद के अनुरूप राजधानी के गांव भी हाईटेक और स्मार्ट होने चाहिएं। इसके लिए पायलट प्रोजेक्ट के रुप में सबसे पहले दिल्ली के सातों संसदीय क्षेत्रों में एक-एक माडल स्मार्ट विलेज विकसित किए जाएं। यदि यह प्रयोग सफल हो तो इसे चरणबद्ध तरीके से दिल्ली की हर विधानसभा में एक स्मार्ट विलेज की स्थापना की जा सकती है। दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण समाज के अध्यक्ष सुप्रसिद्ध समाजसेवी और ग्रामोन्मुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी से इस स्मार्ट दिल्ली विलेज परियोजना के पायलट प्रोजेक्ट को अपना आशीर्वाद देने का अनुरोध किया है। ताकि विदेशी मेहमान, राष्ट्राध्यक्ष, राजनयिक राजधानी दिल्ली के बदलते हुए आधुनिक ग्रामीण विकास और परिवेश से परिचित हो सकें।

वत्स ने कहा कि वे चाहते हैं कि दिल्ली के सभी 360गांवों के लिए एकीकृत ग्राम विकास योजना बनाकर सभी गांवों के सम्यक विकास के लिए स्मार्ट विलेज डेवलपमेंट प्लान बनाकर दिल्ली में सभी 70विधायकों और सभी 272निगम पार्षदों, सातों लोकसभा सांसदों, तीन राज्य सभा सांसदो को अपने निर्वाचन क्षेत्र में एक- एक गांव को विकसित करने हेतु एडाप्ट करें। सभी राजस्व जिलों के जिलाधिकारी,



दिल्ली नगर निगम, नई दिल्ली नगर पालिका, दिल्ली विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग, भारतीय रेल, पर्यटन और दिल्ली केंटोमेंट परिषद् के प्रमुख के सभी जोनों के डिप्टी कमिश्नर और दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य, परिवहन, समाज कल्याण, राजस्व, सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग, दिल्ली जल बोर्ड, सभी बिजली कंपनियों के प्रमुख, दिल्ली में चल रही तमाम विश्वविद्यालयों के वी.सी, महाविद्यालयों के प्राचार्य, दिल्ली के प्रमुख सभी विभागों के प्रमुख निजी और सरकारी क्षेत्र अस्पतालों के चिकित्सा अधिकारियों के, दिल्ली के प्रमुख धर्मस्थलों के धर्मगुरुओं, बड़े निजी प्राईवेट पब्लिक स्कूल, दिल्ली के बड़े उद्योगपतियों को सरकार अनिवार्य रुप से निर्देशित करें कि वह दिल्ली के सभी 360गांवों के ग्रामीणों के जीवन स्तर को उपर उठाने के लिए, ग्रामीणों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अपने अपने विभागीय स्तर पर गांवों को गोद लें। वत्स ने कहा कि इस सम्मिलित प्रयास से एक साल के भीतर ही दिल्ली के गांवों की सूरत बदल जाएगी। एक वर्क कल्चर विकसित होगा। दिल्ली के गांवों के लोग भी शहर वालों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल सकेंगे। दिल्ली के उप-राज्यपाल, मुख्यमंत्री, दिल्ली सरकार के मंत्री, महापौर, बड़े मीडिया घराने सब मिलकर दिल्ली के गांवों में शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य, परिवहन,समाज कल्याण, बिजली, पानी, सामुदायिक स्कूल सैंटर, पुस्तकालय, समुदाय भवनों, गली, नालियां, फिरनी रोड, श्मशान घाटों, पानी के तालाबों, पर्यावरण संरक्षण, पर्यटन के लिए आगे आएं। दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण समाज के अध्यक्ष दयानंद वत्स भारतीय ने प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी, उप-राज्यपाल श्री वी.के.सक्सेना और दिल्ली के मुख्यमंत्री को एक्स पर पोस्ट कर इस परिकल्पना को साकार रुप देने के लिए पायलट प्रोजेक्ट को अपना आशीर्वाद देने का आग्रह किया है सरकार चली दिल्ली के गांवों की और।

## मुख्तार को सजा गाजीपुर की जनता के साथ न्याय : पियूष राय



**लखनऊ।** एक और गैंगेस्टर एक्ट के मामले में न्यायालय द्वारा सजा सुनाए जाने पर पूर्व विधायक स्वर्गीय कृष्णा नंद राय के पुत्र पियूष ने खुशी जाहिर की है और कहा है कि बाबू जी के एक-एक हत्यारे से प्रभु श्रीराम स्वयं बदला ले रहे हैं। यह पूरे गाजीपुर की जनता के साथ न्याय है। यह न्याय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा माफिया के खिलाफ चलाए जा रहे सख्त अभियानों का परिणाम है।

पियूष राय ने कहा कि वह दिन गाजीपुर की जनता कैसे भूल सकती है, जब हत्या के बाद उनकी सिखा भी काट ली गयी थी।

बसनिया चट्टी आज भी उस हत्या की गवाह है। एक साथ सात हत्याओं के बाद पूरा पूर्वांचल थर्रा उठा था, फिर भी हमारे परिवार ने कभी माफिया के खिलाफ लड़ने में पीछे नहीं रहा और न ही कभी सिर झुकाया। हम लड़ते आ रहे और अन्याय के खिलाफ सदा लड़ते रहेंगे।

पियुष ने कहा कि गाजीपुर की जनता पहले ही बहुत नुकसान झेल चुकी है। आततायियों के प्रति और सख्त होने की जरूरत है। यहां लोग न्याय चाहते हैं। वैसे प्रकृति भी न्याय कर रही है। भगवान सब कुछ देखता है और हम तथा हमारी माता जी को भगवान पर पूरा भरोसा है।

यह बता दें कि गाजीपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट से माफिया मुख्तार अंसारी को गैंगस्टर के एक और मामले में दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही पांच लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है।

इससे पहले भी एक अन्य गैंगस्टर के मामले में मुख्तार को दस साल की सजा सुनाई जा चुकी है। इससे पहले अवधेश राय की हत्या में भी माफिया मुख्तार अंसारी को सबसे बड़ी सजा उम्रकैद की सुनाई जा चुकी है। मुख्तार अंसारी को अब तक कुल छह मामलों में सजा सुनाई जा चुकी है।

## रमन ने भूपेश को बताया ईडी से सबसे ज्यादा डरा कांग्रेसी

रायपुर। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डा.रमन सिंह ने ईडी एवं आईटी के छापे को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भाजपा पर आरोप लगाने पर पलटवार करते हुए कहा कि भूपेश ईडी से सबसे डरे कांग्रेसी हैं।

डा.सिंह ने आज यहां पत्रकारों से कहा कि छत्तीसगढ़ में पिछले पांच साल में भ्रष्टाचार के नए-नए कीर्तिमान स्थापित करने के बाद अब सबसे ज्यादा कोई कांग्रेसी डरा हुआ है तो वो मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हैं। उन्होने कहा कि कोई भ्रष्टाचार करेगा तो ईडी क्यों नहीं आएगी। इस सरकार के कई अधिकारी, कर्मचारी, कलेक्टर महीनों से जेल में बंद हैं, जमानत तक नहीं हो पा रही है तो यह तो कल ये भी कह देंगे कि न्यायालय को भी भाजपा कंट्रोल कर रही है।

उन्होने कहा कि ईडी और आईटी संवैधानिक संस्थाएं हैं यह किसी व्यक्ति विशेष या सरकार के दबाव में काम नहीं करती हैं। उन्होने कहा कि पिछले पांच साल में कांग्रेस सरकार ने इतने घोटाले कर दिए कि गिनना मुश्किल है, भविष्य में भूपेश बघेल सत्ता में तो नहीं आयेंगे लेकिन जब भी हिंदुस्तान के बड़े भ्रष्टाचारियों की चर्चा चलेगी तो उनका नाम उसमें जरूर आयेंगा।

डा.सिंह ने कहा कि यदि मुख्यमंत्री बघेल को ईडी और आईटी का डर है तो वे भ्रष्टाचार बंद करें, आये दिन एक नया घोटाला सामने आ जाता है तो ईडी और जाँच एजेंसी हाथ पर हाथ रखकर थोड़ी बैठेगी, देश आज भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की दिशा में आगे बढ़ रहा है और घोटालेबाजों पर कार्रवाई जारी है।

## राष्ट्रीय पुलिस स्मारक में एसएसबी के द्वारा शहीदों की याद में स्मृति कार्यक्रम का आयोजन





नई दिल्ली। सशस्त्र सीमा बल ने 27 अक्टूबर, 2023 को राष्ट्रीय पुलिस स्मारक, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में पुलिस शहीद स्मृति परेड का आयोजन किया। अजय कुमार मिश्रा, माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, श्रीमती रश्मि शुक्ला, महानिदेशक, सशस्त्र सीमा बल ने एसएसबी के वीर शहीदों के परिवारों, 100 स्कूली बच्चों और 500 बल कर्मियों के साथ शहीदों को श्रद्धांजलि दी। आगंतुकों ने राष्ट्रीय पुलिस स्मारक के मुख्य स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और वीरों की याद में आयोजित बैंड शो का प्रदर्शन देखा। दिन के समय शहीदों के परिजनों और 50 स्कूली बच्चों ने राष्ट्रीय पुलिस स्मारक का भ्रमण किया और शौर्य की दीवार पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। एसएसबी और आसूचना ब्यूरो के वरिष्ठ अधिकारियों ने शहीदों के परिवारजनों से बातचीत की। इस दौरान एसएसबी के शहीदों पर बनी लघु फिल्म भी दिखाई गई। इस कार्यक्रम की श्रृखंला में सुबह 25वीं बटालियन, घिटोरनी से गुरुग्राम और वापसी तक बल के 200 कर्मियों की एक मोटरसाइकिल रैली आयोजित की गई। साथ ही बल मुख्यालय, एसएसबी, नई दिल्ली में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 100 कर्मियों ने रक्तदान किया। इसके अलावा, दिल्ली के पांच विद्यालयों में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा विद्यार्थियों के द्वारा बनाये गये चित्रों को राष्ट्रीय पुलिस स्मारक में भी प्रदर्शित किया गया।

## नई भाजपा के ही नहीं, नए भारत के भी शिल्पी हैं प्रधानमंत्री मोदी

### सीएम योगी ने वरिष्ठ पत्रकार अजय कुमार सिंह की पुस्तक 'नई भाजपा के शिल्पकार' का विमोचन किया

**दीप्ति राय/गौरवशाली भारत**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई भाजपा के ही नहीं, नए भारत के भी शिल्पी हैं। उनके नेतृत्व में 18 करोड़ कार्यकर्ताओं वाली दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा ने अपने सांगठनिक विकास के साथ ही देश के विकास को भी गति दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। भाजपा जो कहती है वो करती है। सीएम योगी ने कहा कि अब कश्मीर कोई मुद्दा नहीं रह गया है। आज पीओके के लोग कहते हैं, हमें भी भारत का हिस्सा बनाइए। सीएम योगी ने कहा कि 2014 से पहले के पूर्वोत्तर भारत और आज के पूर्वोत्तर भारत में जमीन आसमान का अंतर था। देश में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने से वहां के लोगों को पहली बार अहसास हुआ है कि वह स्वतंत्र हैं और भारत उनका देश है।

सीएम योगी ने शुक्रवार को लोकभावन में वरिष्ठ पत्रकार अजय कुमार सिंह की पुस्तक नई भाजपा के शिल्पकार के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कार्यशैली पर आधारित यह पुस्तक नई भाजपा के शिल्पकार मूल रूप से अंग्रेजी में लिखी गई कृति द आर्किटेक्ट ऑफ न्यू बीजेपी का अनुवाद है। हिन्दी संस्करण का अनुवाद सुनील त्रिवेदी ने किया है। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि 22 जनवरी 2024 को भव्य मंदिर में भगवान रामलला विराजमान होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा ही देश की इकलौती पार्टी है जो कहती है देश पहले, फिर पार्टी, उसके बार परिवार और अंत में खुद के हित को रखना चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नई भाजपा और देश का स्वर्णिम काल चल रहा है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जो कहा वो सब करके दिखाया है। पीएम जनधन योजना, जीएसटी, तीन तलाक पर कानून, अनुच्छेद 370 हटाने, सर्जिकल स्ट्राइक, गलवान में चीन को जवाब देना और नारी शक्ति वंदन अधिनियम इसके बड़े उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं देश की गौरव गाथा लिखने की शुरुआत करने वाले वर्तमान भारत देश के शिल्पी सरदार वल्लभ भाई पटेल की दुनिया की सबसे बड़ी प्रतिमा को स्टेच्यू ऑफ यूनिटी के रूप में गुजरात में स्थापित किया गया है। यह भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जो कहा वो किया वाले नेतृत्व में हुआ है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का नारा सबका साथ, सबका विकास केवल नारा नहीं है। भारत की हकीकत बन चुका। आज शासन की सभी योजनाएं बिना भेदभाव के लोगों तक पहुंच रही हैं।

## ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की सरकार की कोशिश

नयी दिल्ली। केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री एस पी सिंह बघेल ने कहा है कि सरकार देश के दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए आखिरी मील की कवरेज प्रदान करने की दिशा में काम कर रही है।

बेघल ने उद्योग संगठन फिक्की द्वारा आयोजित दो दिवसीय फिक्की हील सम्मेलन में कहा कि सरकार की मुख्य चिंता ऐसे लोगों तक सेवायें पहुंचाने की है जिनकों अभी स्वास्थ्य सेवायें नहीं मिल पा रही है।

फिक्की हील 2023 के 17वें संस्करण में श्री बघेल ने कहा कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत सरकार, टेलीमेडिसिन के माध्यम से, उन नागरिकों को चिकित्सा सुरक्षा प्रदान करने का प्रयास कर रही है जो सस्ती चिकित्सा सेवाएं प्राप्त नहीं कर सकते। उन्होंने अंगड़ान और रक्तदान को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया और उद्योग से आग्रह किया कि वे इसे पूरे देश में बढ़ावा देने में एक प्रमुख भूमिका निभाएं।आयुष्मान भारत कार्यक्रम की सफलता का उल्लेख करते हुये उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत 70,000 करोड़ रुपये से अधिक का उपयोग भारत में सस्ती स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए किया गया है।

अब तक 1.80 करोड़ आयुष्मान कार्ड और 2.31 करोड़ आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (एबीएचए) आईडी बनाई गई हैं। उन्होंने जन औषधि केंद्रों को लेकर कहा कि मरीजों को और भी सस्ती तथा बेहतर जनेरिक दवाओं को उपलब्ध कराने में मदद मिली है।

## शिवराज बेवजह की घोषणाएं कर प्रदेश की जनता को कर रहें हैं गुमराह : कमलनाथ



**बैतूल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणाओं को लेकर आज उन पर हमला करते हुए कहा कि वे बेवजह की घोषणाएं कर प्रदेश की जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। कमलनाथ ने जिले के घोड़ाडोंगरी विधानसभा के शाहपुर में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि चौहान को किसानों की खराब फसल नहीं दिखती और पूरे प्रदेश में घूम-घूम कर बेवजह की घोषणाएं करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि चौहान ने लगभग 22000 घोषणाएं की हैं, जो कि पूरी तरह से झूठी साबित हो चुकी है। आज ज़ब उन्हें अपनी सरकार जाती हुई दिख रही है तो इन्हें बहनें याद आने लगी, इन्हें कर्मचारी याद आने लगे। यह चाहते है कि किसी भी तरह का प्रलोभन देकर गुमराह करके जनता को बेबकूफ बनाया जाए, इसलिए ये लगातार घोषणाएं करते जा रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि 2018 में हमारी सरकार आई थी, जो कि 15 महीने रही और हमने अपनी नीति और नियत का परिचय दिया था, जिसमें हमने एक नई शुरुआत की थी। हमने बैतूल जिले में 85000 किसानों का पहली किस्त में कर्ज माफ किया था। किसानों को खाद और बीच के लिए न भटकना पड़े इसके लिए हम लगातार काम कर रहे थे, हमने 100 यूनिट बिजली फ्री देने का काम किया था, 1000 गौशाला बनाने का काम किया था, गरीब कल्याण के लिए पेंशन बढ़ाने का काम किया था और आज वे पूछना चाहते हैं कि यह सब करके क्या उन्होंने कोई गलती की थी। लेकिन भाजपा को उनका यह काम रास नहीं आया और खरीद-फरोख्त करके सरकार को गिराने का काम किया।

## कांग्रेस की तेलंगाना की दूसरी सूची में अज़हरुद्दीन शामिल

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए 45 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी करते हुए पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुद्दीन को मैदान में उतारा है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए शुक्रवार को बताया कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने दूसरी सूची में घोषित उम्मीदवारों के नाम को मंजूरी दी है। पार्टी ने क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अज़हरुद्दीन को जुबली हिल्स विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है। पार्टी ने वरिष्ठ नेता तथा पूर्व लोकसभा सदस्य मधु गौड़ यास्खी को लाल बहादुर नगर से टिकट दिया है। कांग्रेस राज्य विधानसभा चुनाव के लिए 55 उम्मीदवारों की पहली सूची 15 अक्टूबर को घोषित कर चुकी है। तेलंगाना की 119 सदस्यों वाली विधानसभा में 30 नवंबर को मतदान होगा और वोटों की गिनती तीन दिसंबर को की जाएगी।

## समुद्री क्षेत्र को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से मुक्त रखना जरूरी : मुर्मु

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि समुद्री क्षेत्र को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से मुक्त रखने के लिए त्वरित, सक्रिय और शीघ्र कदम उठाने की जरूरत है।

मुर्मु ने शुक्रवार को चेन्नई में भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय के 8वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि जलवायु आपदा इस समय की सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक है जिसमें तापमान और समुद्र का बढ़ता स्तर शामिल है। समुद्री क्षेत्र को जलवायु परिवर्तन से होने वाले प्रभावों से मुक्त रखने के लिए त्वरित, सक्रिय और शीघ्र कार्यवाही की जरूरत है, जिससे विशेषकर कमजोर समुदायों के बीच आजीविका बाधित होने का खतरा उत्पन्न न हो सके। उन्होंने कहा कि छात्रों की व्यावसायिक जिम्मेदारी ही नहीं अपितु इकोसिस्टम को मजबूत



बनाए रखने के प्रति भी उनका दायित्व है। उन्होंने कहा कि नौवहन सहित समुद्र संबंधी दीर्घकालिक और कुशल गतिविधियों का संचालन समय की मांग है। साथ ही स्वस्थ इकोसिस्टम के लिए समुद्र में अधिक अनुकूल और हरित कार्यप्रणालियों को अपनाना भी आवश्यक हैं।

उन्होंने कहा कि 7500 किलोमीटर लंबी समुद्री सीमा और 1382 अपतटीय द्वीपों के साथ भारत की समुद्री स्थिति महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों के रणनीतिक महत्व के अलावा, भारत के पास 14,500 किलोमीटर लंबे संभावित जलमार्ग हैं। देश का समुद्री क्षेत्र इसके व्यापार और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, क्योंकि देश का 95 प्रतिशत व्यापार मात्रा के अनुसार और 65 प्रतिशत व्यापार मूल्य के अनुसार समुद्री परिवहन के माध्यम से किया जाता है। तटीय अर्थव्यवस्था लाखों मछुआरों का भरण-पोषण करती है और लगभग 2,50,000 मछली पकड़ने वाली नौकाओं के बेड़े के साथ भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक देश है।

राष्ट्रपति ने कहा कि इस क्षेत्र की क्षमता का पूरी तरह से दोहन करने से पहले हमें कई चुनौतियों से गुजरना होगा। उन्होंने कहा कि गहराई पर प्रतिबंध के कारण बहुत सारे कंटेनर जहाजों के माल को पास के विदेशी बंदरगाहों पर ले जाया जाता है।

CMYK CMYK CMYK CMYK